डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 73,198.10 -1,414.33
डॉलर 87.466 +0.136

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 03 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-138, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 300 वनडे मैच खेलने वाले...

## एक नजर

### पीएम मोदी ने की सोमनाथ महादेव की पूजा-आरती



**सोमनाथ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम सोमनाथ महादेव की पूजा-आरती की। इससे पूर्व सोमनाथ गीतामंदिर हेलिपैड पर प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से प्रधानमंत्री मंदिर तक वाहन में गए। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। लोग प्रधानमंत्री के एक झलक पाने को बेताब थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**मेदिनीनगर।** रविवार रात्रि चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधुआ के पहाड़ी टोला में एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, 23 वर्षीय तस्लीम मियां छड़ दुकान में काम करने के बाद अपने घर बंधुआ लौट रहे थे। रास्ते में बंधुआ के पहाड़ी मोहल्ला में उनकी मोटरसाइकिल ने पैदल चल रहे रानी देवी और सोहन राम को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तस्लीम मियां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रानी देवी और सोहन राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तस्लीम मियां को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



विधानसभा सभागार में विस सदस्यों के लिए रविवार को दूसरे दिन आयोजित प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श हुआ। इसमें बजट की तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर थे। कार्यक्रम में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, लुईस मरांडी, अमित महतो, जयराम महतो, एमटी राजा एवं अन्य मौजूद थे।

## झारखंड-बिहार का मोस्ट वांटेड नक्सली आक्रमण गंझू गिरफ्तार

- अमेरिकन राइफल सहित भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद
- क्रेटा कार से गिरफ्तारी, चार अन्य उग्रवादी भी पकड़े गए
- गंझू पर राज्य सरकार ने 15 लाख व एनआईए ने 3 लाख का रखा था इनाम



**चतरा।** झारखंड-बिहार के मोस्ट वांटेड टीएसपीसी संगठन के सेकंड सुप्रीमो आक्रमण गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चतरा पुलिस ने अमेरिकन राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। कुंभ स्नान से लौटते समय पुलिस ने उसे पकड़ा था। इस कार्रवाई में अन्य चार नक्सली भी गिरफ्तार हुए हैं। रविवार को चतरा एसपी विकास पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आक्रमण गंझू पर झारखंड पुलिस ने 15 लाख और टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने तीन लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तार आरोपियों में उसकी पत्नी व लावालौंग की पूर्व प्रमुख ममता देवी, चैनपुर (रामगढ़) के सचिन कुमार गंझू, कुंदा (लुकुईया) के अमित गंझू शामिल हैं। झारखंड के विभिन्न जिलों में आक्रमण गंझू पर 75 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चतरा में 49, पलामू में 10, लातेहार में 14 और हजारीबाग में दो केस हैं। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने बिहार-झारखंड सीमा पर हंटरगंज के पत्सुगिया पुल के पास से एक क्रेटा कार से उसे गिरफ्तार **शेष पेज 11 पर**

## वर्ष 2025-26 के बजट में 7 से 10 प्रतिशत की हो सकती है वृद्धि

# वित्त मंत्री आज पेश करेंगे बजट

- राज्य बजट का आकार वर्ष 2001 से 2024 तक 16 गुना से अधिक बढ़ा है







**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सोमवार (03 मार्च) को झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। अनुमान के अनुसार, इस बार बजट के आकार में 7 से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और इस कारण बजट का कुल आकार करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है।

ज्ञात हो कि झारखंड के बजट का आकार वर्ष 2001 से 2024 तक 16 गुना से अधिक बढ़ गया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान भी हर वर्ष बजट के आकार में वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपए था। इस वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर और भी व्यापक बनाया जा सकता है। राज्य सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है, इसलिए इन क्षेत्रों में बजट का आकार बढ़ सकता है। मंईयां सम्मान योजना के कारण बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन हो सकता है।

**पिछले पांच वित्त वर्ष में बजट का आकार**

- वर्ष 2020-21 - 86,370 करोड़ रुपए
- वर्ष 2021-22 - 91,277 करोड़ रुपए
- वर्ष 2022-23 - 1,01,101 करोड़ रुपए
- वर्ष 2023-24 - 1,16,418 करोड़ रुपए
- वर्ष 2024-25 - 1,28,900 करोड़ रुपए

## डुप्लीकेट कैस्ट्रॉल मोबिल बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- समीर सिन्हा के घर से 100 लीटर से अधिक डुप्लीकेट मोबिल जब्त, एक हिरासत में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज में नकली कैस्ट्रॉल मोबिल बनाने और बाजार में बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। यह कार्रवाई कैस्ट्रॉल कंपनी की शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस ने समीर सिन्हा के घर से कई लीटर डुप्लीकेट मोबिल जब्त किया और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

कैस्ट्रॉल कंपनी की लेक्नोस टीम के मैनेजर सौरव राय ने बताया कि कंपनी की गोपनीय जांच टीम कोलकाता स्थित हेड ब्रांच को सूचना मिली थी कि पलामू जिले में डुप्लीकेट कैस्ट्रॉल मोबिल बनाकर बेचा जा रहा है। जांच के दौरान पुष्टि होने पर कैस्ट्रॉल कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी की।

छापेमारी में कैस्ट्रॉल एक्टिव 202 लीटर, कैस्ट्रॉल सीआरबी प्लस 26 लीटर, कैस्ट्रॉल कर्व प्लस 67.5 लीटर, बिना ढक्कन के 20 डिब्बे, लाल ढक्कन वाले 7 लीटर के डिब्बे, कैस्ट्रॉल सीआरबी के 500 मिली के 15 डिब्बे, 8 ढक्कन और कुल 620 पीस नकली पैकेजिंग सामग्री बरामद की गई। शहर थाना पुलिस ने जब्त सामग्री को सील कर दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




## जोधपुर के कोयला कारोबारी की सिर काटकर हुई हत्या

- दो दिन पहले खूंटी के मारंगहादा में मिले शव की हुई शिनाख्त
- भाई ने कहा, पुखराज कुमार 27 लाख रुपए लेकर आए थे रांची



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची आए कोयला कारोबारी पुखराज कुमार की सिर काटकर हत्या कर दी गई थी। खूंटी जिले में दो दिन पहले सड़क किनारे एक व्यक्ति का सिर कटा शव मिला था। रविवार को मृत व्यक्ति की पहचान पुखराज कुमार के रूप में की गई। शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुखराज कुमार राजस्थान के जोधपुर के निवासी थे। वे कोयले के कारोबार से जुड़े थे। उनके भाई ने पुलिस को बताया है कि वे 27 लाख रुपए लेकर जोधपुर से रांची आए थे। विगत 27 फरवरी को उनसे फोन पर आखिरी बार बातचीत हुई थी। पुखराज इतनी बड़ी रकम लेकर रांची क्यों आए थे, यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात और अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है। डीएसपी वरुण रजक ने दावा किया कि जल्द ही हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र के कुजराम-चुकरूमोड़ सड़क पर जानुमडीह मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह एक सिर कटा शव बरामद हुआ था। इसकी खबर सोशल मीडिया और विभिन्न न्यूज प्लेटफॉर्म पर भी फैल गई थी। सोशल मीडिया और न्यूज प्लेटफॉर्म से इसकी जानकारी मिलने के बाद कारोबारी पुखराज कुमार के परिजनों ने आशंका के आधार पर यहां की पुलिस से संपर्क किया था। उन्होंने पुलिस को पुखराज कुमार का जो हुलिया बताया, उसके आधार पर यह आशंका सही निकली। इसके बाद उनके परिजन खूंटी पहुंचे। उनके द्वारा दिए गए दस्तावेज और तस्वीर के आधार पर शव की शिनाख्त हुई। इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस कटे हुए सिर की बरामदगी की कोशिश में जुटी है। पुखराज मूल रूप से जोधपुर जिले के हिंबोली गांव के रहने वाले थे। उनके भाई ने पुलिस को फोन पर बताया था कि उनकी मुलाकात यहां तबारक, लक्ष्मण और राज नामक युवकों से हुई थी। उन्हें इन्हीं लोगों ने घर पर रुकवाया था। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो पाया था। उनका मोबाइल लगातार बंद मिल रहा था।

## भारत कल सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा

**चैंपियंस ट्रॉफी**

- आखिरी लीग मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया
- पांच विकेट चटकाने वाले वरुण चक्रवर्ती बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'



**अबू धाबी (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी का आखिरी लीग मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। इस मैच में भारतीय स्पिनरों का दबदबा देखने को मिला। लो स्कोरिंग मैच में वरुण चक्रवर्ती की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत टीम इंडिया ने 44 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए वरुण चक्रवर्ती को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

आगामी मंगलवार (04 मार्च) को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से होगी। यह मैच पांच मार्च को लाहौर में खेला जाएगा।

टॉस हारकर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 09 विकेट पर 249 रन बनाए। 250 के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर ही क्रीज पर टिक सकी और 205 रनों पर अपने सारे विकेट गंवा दिए। और, भारत 44 रनों से मैच जीत लिया।

कीवी टीम की तरफ से सर्वाधिक 81(120) रन केन विलियमसन ने बनाए। अंत में कप्तान मिचेल सेंटनर 28 (31) रनों की तेज पारी जरूर खेली, लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज विल यंग (22) ही 20 का आंकड़ा पार कर सके। शेष बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए।

टीम इंडिया के स्पिनरों का बोलबाला रहा। वरुण चक्रवर्ती ने अपने 10 ओवर के पूरे कोटे में मात्र 42 रन दिए और 5 कीवी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके अलावा कुलदीप यादव को दो, जडेजा, अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली। वहीं तेज गेंदबाजों में सिर्फ हार्दिक को ही एक सफलता हाथ लगी।

इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत निराशाजनक रही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (2) और कप्तान रोहित शर्मा (15) सस्ते में पवेलियन लौटे। तीसरे नंबर अपना 300वां वनडे मैच खेलने आए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (11) अच्छे लय में दिख रहे थे, लेकिन मैट हेनरी के गेंद पर ग्लेन फिलिप्स द्वारा लपके गए अविश्वसनीय कैच ने उन्हें भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया।

एक समय भारत ने 6.4 ओवर के बाद मात्र 30 रन पर अपने तीन विकेट खो दिए थे। लेकिन, चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए क्रमशः श्रेयस अय्यर (79) और अक्षर पटेल (42) ने पारी को संभाला। वहीं, अतं में हार्दिक पांड्या ताबड़तोड़ 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 249 पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने भी 23 महत्वपूर्ण रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक पांच विकेट मैट हेनरी ने चटकाए। इसके अलावा, जेमिसन, विलियम, सैंटनर और रचिन रविंद्र को एक-एक सफलता मिली।

**इंडिया**

## उदारीकरण से मिटती भाषा संस्कृति



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

हर भाषा बोली में अंग्रेजी के शब्दों का उपयोग धीरे धीरे ऐसा बढ़ा कि वह अपनी पहचान खोने के कगार पर है।इस खिचड़ी भाषा का प्रयोग सबसे ज्यादा महानगरों में होता था जहां अंग्रेजी माध्यम के पढ़े लिखे लोगों को जनसामान्य से संपर्क करना होता था अब यह टीवी चैनल और फिल्मों से होता हुआ गांवों तक पहुंच गया है।दिल्ली मुंबई जैसे महानगरों में सेब,संतरा से लेकर प्याज जैसे शब्दों को आज की युवा पीढ़ी नहीं जानती। प्राचीन रीति रिवाज के साथ देसी भाषा संस्कृति से दूर होती आज की बड़ी आबादी अपनी भाषा बोली के प्रति हीन भावना से भी ग्रस्त है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। भाषाएं जो अपने चूंकि प्रकृति और संस्कृति का प्रमुख उपादान हैं, इसलिए इस नियम का असर उन पर भी होना ही चाहिए। लेकिन भाषाएं संस्कृति की भी वाहक होती हैं, इसलिए उनमें किंचित बदलाव के बाद निरंतरता भी होती हैं। भाषाओं का अपना एक स्वरूप, अपनी शब्दावली और अपने चरित्र की एक बुनियाद होती है। इसी वजह से भाषाएं बदलाव के बावजूद बुनियादी रूप से अपना अलग स्वरूप, अपनी अलग पहचान और अपनी अलग शब्दावली को धारण किए रहती हैं। यही उनकी खास पहचान होती है। लेकिन भाषाओं का यह स्वरूप और उनकी बुनियादी पहचान भी धीरे-धीरे बदल रही है। उनकी शब्दावली में बदलाव हो रहा है। भाषाओं में इस बड़े बदलाव की वजह उदारीकरण और संचार क्रांति की वजह से विकसित हुआ तंत्र है। भाषाओं, विशेषकर स्थानीय भाषाओं का अपना शब्द संसार लगातार कम होता जा रहा है। भारत की सैकड़ों भाषाएं बोलियां हैं जिन्हें हर समुदाय अपने हिसाब से व्यवहार में लाता रहा है। लेकिन उदारीकरण के बाद बहुत कुछ बदल गया है। हमारे पारंपरिक उद्योग, कामकाज, रहन-सहन के औजार और उपादान बदल गए हैं। पर्व-त्योहारों का भी मूल रूप कहीं खोता जा रहा है। पुरानी पीढ़ियों की सामूहिक स्मृतियों और व्यवहार में यह कहीं न कहीं बचा हुआ था, लेकिन वह पीढ़ी भी खत्म हो रही है। नई पीढ़ी उन परंपराओं एवं संस्कृति से अनजान तो है ही, उन परंपराओं, संस्कृतियों, कामों, जरूरतों आदि को व्यक्त करने वाले शब्दों से भी अनजान होती जा रही है। इस तरह, स्थानीय भाषाओं की अपनी जो पारंपरिक शब्द संपदा रही है, वह लगातार खत्म होती जा रही है। उदारीकरण, बाजारवादी व्यवस्था और संचार क्रांति में प्रमुख भाषाओं के रूप में अंग्रेजी और हिंदी ही उभरी हैं। बेशक कुछ स्थानीय संचार और विज्ञापनों के लिए स्थानीय भाषाओं का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन बाजार को संचालित करने वाली ताकतों की सोच और चिंतन की भाषा अंग्रेजी ही है। स्थानीय भाषाओं में उनका अनुवाद हो रहा है। अनुवाद और मूल भाषा के बीच एक अंतर होता है। अनुवाद करते वक्त अनुवादक के मानस पर उसकी संस्कृति से ज्यादा अनुवाद की जाने वाली भाषा का परोक्ष असर होता है। इसका असर अनुवाद में भी दिखता है। अनुवाद की तुलना में मूल लेखन में सोच से उभरी भाषा जेहन में आती है, जिस पर स्थानीय सांस्कृतिक प्रभाव ज्यादा होता है। प्लेटो ने भाषा को लेकर एक त्रिवीमिय सिद्धांत दिया है। भारतीय ग्रंथों में त्रिस्तरीय सिद्धांत मिलता है। इसके अनुसार कोई रचनाकार या कलाकार कुछ रचता है, तो वह बुनियादी रूप से सोचता है। उस सोच को वह लिखकर या चित्र बनाकर अभिव्यक्त करता है। सोचने वाले व्यक्ति या समुदाय की स्थानीय भाषा इसे कहीं ज्यादा नजदीकी स्तर तक अभिव्यक्त कर सकती है। अनुवाद यहां पिछड़ जाता है। कहना न होगा कि भारतीय स्थानीय भाषाएं इसी वजह से छीज रही हैं। बाजार पर एक या दो भाषाओं का वर्चस्व है। एकरूपता और एकता की अभिव्यक्ति का माध्यम भी एक या दो प्रमुख भाषाएं ही बनती जा रही हैं। इसका असर स्थानीय भाषाओं पर पड़ रहा है। उनकी शब्द संपदा का छीजना और पारंपरिक शब्दों का लोप होना इसी प्रक्रिया का विस्तार है। वक्त आ गया है कि संस्कृति के अपने उपादान, संस्कृति और समुदाय विशेष की स्पष्ट अभिव्यक्ति की भाषाओं को इस नजरिये से भी बचाने की कोशिश शुरू हो।




## 250 से अधिक विश्वविद्यालय बनेंगे सीयूईटी-यूजी का हिस्सा

- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी 2025) की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च है। फीस 23 मार्च तक जमा करवाई जा सकती है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत इस वर्ष 250 से अधिक विश्वविद्यालय सीयूईटी-यूजी का हिस्सा बनेंगे, जिनमें इस प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर छात्रों को दाखिला मिलेगा। सीयूईटी-यूजी परीक्षा 08 मई से 01 जून 2025 तक आयोजित की जानी है। उम्मीदवार अधिकतम पांच विषयों का चयन कर सकते हैं। छात्र ऐसे विषय भी चुन सकते हैं, जो पहले उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं थे। यानी, छात्र 12वीं कक्षा के अपने विषयों के अलावा अन्य विषयों का चयन भी कर सकते हैं। तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भी सीयूईटी के माध्यम से अपने विभिन्न महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में दाखिले का ऐलान किया है। विश्वविद्यालय ने रविवार को बताया कि वह सीयूईटी के अंतर्गत बीएससी जैसे स्नातक प्रोग्राम में छात्रों को प्रवेश प्रदान करेगा। गौरतलब है कि बीते वर्ष लगभग 13.48 लाख छात्र सीयूईटी यूजी में शामिल हुए थे। इस वर्ष छात्रों की संख्या और अधिक बढ़ने का अनुमान है। सीयूईटी यूजी के परीक्षा के परिणाम के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय समेत विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रों को दाखिला मिलेगा। सीयूईटी-यूजी परीक्षा अंग्रेजी, तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, उड़िया, बंगाली, असमिया, पंजाबी और उर्दू सहित 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित की जाएगी। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का यह पूरा शेड्यूल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जारी किया है।

# राजहारा सीएमआरएफपीसीएल पंश्चित बंगाल के बाजारों लिए पांच सब्जियों की आपूर्ति करेगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** राजहारा कोल माइन रिहैबिलिटेटेड एफपीओ ने भांगर वेजिटेबल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (पश्चिम बंगाल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत राजहारा सीएमआरएफपीसीएल पश्चिम बंगाल के बाजारों के लिए पांच सब्जियों की आपूर्ति करेगा। भांगर वेजिटेबल पीसीएल ने बंगाल भर में ताजे फलों और सब्जियों के स्टोर के सुफल बांग्ला ब्रांड के साथ गठजोड़ किया है। सुफल बांग्ला ब्रांड का स्वामित्व पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली इकाई पश्चिम बंगा एग्री मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास है और पूरे बंगाल में इसके 600 से अधिक स्टोर हैं। यह साझेदारी स्थिर बाजार पहुंच सुनिश्चित करती है, बाहरी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है। एक साथ काम कर, ये किसान-नेतृत्व वाले संगठन न केवल व्यापार कर रहे हैं। वह एक आत्मनिर्भर, किसान केंद्रित आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण कर रहे हैं। पलामू के सहयोग और सतत प्रगति का एक शानदार उदाहरण है।

## एसडीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, साफ- सफाई का निर्देश

# काम में कोताही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई: गौरांग महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एसडीएम गौरांग महतो ने शनिवार की रात्रि हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्ड की साफ-सफाई के साथ प्रसूति गृह, कुपोषण उपचार केंद्र, मरीजों के लिए उपलब्ध बेड के अलावा सहिया, एएनएम की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान भारत का लाभ के अलावा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लेकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल अनुमंडल क्षेत्र के लोगों के लिए काफी सहयोगी है। सभी मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे सकते हैं। अस्पताल की साफ-सफाई के साथ-साथ एंबुलेंस सेवा के अलावा अनुमंडल में कार्यरत सभी एएनएम व सहिया को कार्य में तत्परता लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही करने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने अस्पताल परिसर के सभी वार्ड सहित चिकित्सक व मरीज रूम का निरीक्षण कर उपस्थित सभी चिकित्सकों को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का परिधि काफी बड़ा है। जहां स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सभी का दायित्व बनता है। मौके पर चिकित्सक डॉ. राजकुमार, विभूति प्रसाद गुप्ता, अनुमंडल सहायक अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### महूदंड पंचायत में फर्जी ग्राम सभा का आरोप, जांच की मांग

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महूदंड पंचायत के पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ने बीडीओ को लिखित शिकायत पत्र देकर पंचायत के मुखिया द्वारा फर्जी ग्राम सभा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र के माध्यम कहा है कि इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि महूदंड पंचायत में अब तक जो भी ग्रामसभा हुई है, सभी फर्जी की गई है। ग्राम सभा के रजिस्टर पर कुछ ग्रामीणों व वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षर करा कर रजिस्टर को रख लिया जाता है, जो भी योजना ग्रामीण तथा वार्ड सदस्यों द्वारा दिया जाता है। उसे फर्जी कागज पर मुखिया द्वारा नोट कराया जाता है। इसके बाद मुखिया अपने हिसाब से 15वें वित्त व मनरेगा योजना का चयन किया जाता है। इसी तरह अपने मन से अबुआ आवास का भी ग्राम सभा में बिना ग्रामीणों की सहमति लिस्ट बनाते है। इससे असली लाभुक छूट जाते हैं। जिस कारण योग्य लाभुक वंचित रह जाते है। इसी तरह पंचायत में जगह-जगह लगाई गई बेंच में बड़े पैमाने पर अनियमितता की गई है। तीन हजार का बेंच 15 से 25 हजार रुपए तक खरीद की गई है। भारी गड़बडी पाई गई है। यह जांच का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत में एक भी ग्राम सभा नियम के तहत नहीं की गई है। उन्होंने मांग किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई होने चाहिए।

# अनुमंडलीय अस्पताल में उद्घाटन के बाद से ही बंद हैं शिशुओं का वार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में शिशुओं के लिए बनाया गया वार्ड चिकित्सक की कमी के कारण उद्घाटन के बाद से ही बंद पड़ा हैं। यहां शिशुओं के लिए दस वार्ड बनाया गया है, ताकि शिशुओं को कोई परेशानी न हो, लेकिन यहां 11 माह पूर्व उदघाटन के बाद से ही यह बंद हैं। रविवार को एक भी माताएं एव शिशु भर्ती नहीं हैं। इसमें शिशुओं को भर्ती कराने की बात तो दूर इसके लिए कोई चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति अब तक नहीं हुई हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनेश कुमार ने बताया कि यहां नवजात शिशुओं के लिये एन आईसीयू की नहीं बल्कि पीआईसीयू की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही यहां माताओं के लिए कंगारू मदर केयर में बच्चों को दूध पिलाने व आराम करने की व्यवस्था की गई हैं। कम वजन वाले शिशु को एनबीएसयू में भर्ती किया जाता हैं। वहीं वार्ड की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इसे बेहतर बनाने के लिए जीरीयाट्रीक वार्ड शुरू करेंगे। जिसमें अलग से पेयजल की व्यवस्था तथा वार्ड का पार्टिशन कराकर गर्मी में वातानुकूलित करने की योजना है। यहां कई चिकित्सक की कमी है। स्टाफ को ट्रेनिंग की जरूरत है। साथ ही यूएसजी की आवश्यकता है। प्रभारी ने बताया कि प्रसव के बाद माताओं व शिशुओं की देखभाल के साथ पांच दिन तक भोजन व निःशुल्क दवा दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल डिजिटल एक्सरे आया है, परंतु टेक्नीशियन के नहीं रहने से चालू नहीं किया गया है।

**कोई वार्ड में एक भी माता व शिशु नहीं हैं भर्ती**



# मुखिया ने किया पीसीसी का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के हरतुवा पंचायत के ग्राम बैरिया एवं डबरा में क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए मुखिया अरविंद शुक्ला ने 15वें वित्त की राशि से बनने वाले पीसीसी निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पंचायत के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं देना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास की गाड़ी सिर्फ छोटे कार्यों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे बड़े स्तर पर भी बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मुखिया ने बताया कि क्षेत्र में अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरा कराने और नई विकास योजनाओं को मंजूरी दिलाने के लिए वे जल्द ही स्थानीय विधायक से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत में सड़क, जल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मौके पर वार्ड सदस्य,सुशील यादव, लाजवंती देवी, द्रौपदी देवी, रामजीत साव, दयानंद गिरी, अरविंद मिश्रा, सुशील तिवारी, पवित्री देवी, देवी, महावीर साव, सविता देवी, अमरेश साव, झरी साव, विकास साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रूद्र महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया टोला स्थित सलखनी शिव मंदिर के परिसर मे आयोजित श्री प्रतीष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ को ले रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे व मांदर की थाप पर रथ पर सवार और घोड़े के साथ निकली कलश यात्रा मे हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल लोग माथे पर कलश लिए जय श्री मन नारायण, ओम नमः शिवाय, जय माता दी का उद्घोष करते चल रहे थे। कलश यात्रा शिव मंदिर स्थित यज्ञशाला से निकल कर आसपास के कई गांवों का भ्रमण करते हुए बांकी व कोयल नदी के संगम तट पहुंची। वहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया व जयकारा लगाते हुए श्रद्धालु यज्ञ मंडप पहुचें। कलश यात्रा में श्री श्री 1008 केशव नारायण दास स्वामी जी महाराज रथ पर चल रहे थे। सोमवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। महायज्ञ 7 मार्च तक चलेगा। कलश यात्रा में शामिल मुखिया मीना देवी, विनय पाठक, रामनाथ ठाकुर, रामप्रवेश विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, सोनू कुमार, अनिल यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, दया शंकर विश्वकर्मा, सकल यादव, शिव विश्वकर्मा, मुना विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रामटहल विश्वकर्मा, रामजन्म यादव, संजय यादव, मनोज ठाकुर, परीखा विश्वकर्मा, संजय मेहता सहित हजारों श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल थे।



## एक नजर

### डीडीयू-रांची के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन आज

**मोहम्मदगंज।** यात्रियों की सुविधा को लेकर भभुआ-सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा के रास्ते डीडीयू और रांची के मध्य एक जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन 03640/ 03639 का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 20 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 03640 डीडीयू -रांची परीक्षा स्पेशल दिनांक 3 मार्च को डीडीयू से 16 बजे खुलकर अगले दिन 4 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03639 रांची- डीडीयू परीक्षा स्पेशल 4 मार्च को रांची से 21.30 बजे खुलकर अगले दिन 8 बजे डीडीयू पहुंचेगी। यह जानकारी रविवार को जारी डीडीयू मंडल की प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

### समिति की बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को सचिवालय में होगी। मुखिया अबूनसर सिद्दीकी ने इसे लेकर सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति दर्ज करने को कहा है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक योजनाओं का चयन किया जाना है। बैठक पूर्वाह्न 11.30 बजे से पंचायत सचिवालय कोसियारा में उनकी अध्यक्षता में रखी गई है। जिसमें सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# अजाप्टा ने विधायक से की मुलाकात, बजट सत्र में वृत्ति उन्नयन 'एमएसीपी' की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अजाप्टा की हुसैनाबाद प्रखंड इकाई का एक शिष्टमंडल रविवार को स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से पुरंदर बिगहा स्थित आवास पर मुलाकात कर चल रहे बजट सत्र में वृत्ति उन्नयन 'एमएसीपी' हेतु पुनः मांग रखी हैं। प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि एकीकृत बिहार में 1994 में नियुक्त हैं दीर्घसूत्रता विभागीय नियमों के आलोक ससमय प्रोन्नति नहीं मिल पा रही है। मिलती भी है तो मात्र दस प्रतिशत शिक्षक ही लाभान्वित होते हैं। अधिकांश शिक्षक वंचित रह जातें हैं। अभी तक बिहार के नियमावली ही झारखंड में लागू है। गौरतलब है कि लगभग दो तीन वर्षों पूर्व बिहार में सभी कोटि के शिक्षकों को एमएसीपी मिल गया है। झारखंड में भी सभी विभागों व कल्याण विभाग पोषित विद्यालयों में शिक्षकों को मिल रहा है। अजाप्टा के प्रदेश इकाई के आह्वान पर कई चरणों का आंदोलन भी किया गया है। अगस्त माह 24 में आमरण अनशन तक किया गया था। इस प्रखंड के पांच शिक्षक राजभवन के समक्ष अनशन पर बैठे थे। आंदोलन के दौरान उस समय अपका भी पूरा सहयोग मिला है। 16 अगस्त को अंतर्विभागीय बैठक भी हुई। बजट आकलन भी हो गया है, लेकिन मंत्रिमंडल में नहीं आ सका है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन के मजबूत फोल्डर 'राजद' है। आप प्रदेश अध्यक्ष भी है,अतः आपसे शिक्षकों की काफी उम्मीदें हैं। विधायक ने कहा कि बजट सत्र में प्रश्न रखा गया है, निरसा विधायक अरुप चटर्जी का भी सहयोग मिला है। अन्य विधायकों के सहयोग से ध्यानाकर्षण के द्वारा अति महत्वपूर्ण प्रश्न को उठायेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, जितेंद्र राम, अरुण कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार, रविंद्र कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, मनोज कुमार चौधरी, महेंद्र बैठा,अबू सलाम, इकबाल अहमद, कृष्णकांत सिंह सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# 14 व 15 मार्च को मनेगी होली : पंडित कुंडल तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** शास्त्रों के अनुसार होली से आठ दिन पहले यानी फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक, विष्णु भगवान के भक्त प्रह्लाद को काफी यातनाएं दी गई थी। हिरण्यकश्यप ने फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को प्रह्लाद को बंदी बनाया। इस दौरान प्रह्लाद को जान से मारने को कई प्रयास विफल रहा। होलाष्टक के महत्व पर एक चर्चा में ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने जहां होली दो शब्दों होली और अष्टक से बना है। होलीका दहन बुराई पर अच्छाई का विजय का प्रतीक है। यह त्योहार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की याद में मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि होलीका राक्षस राज हिरण्यकश्यपक की बहन थी। उसे ब्रम्हा से वरदान के रुप में मिली एक चादर जिसे अग्नि भी नहीं जला सकती। होलीका अग्नि में प्रह्लाद को लेकर बैठ तो गई, पर विष्णु भगवान की कृपा से होलीका स्वयं जल गई और भक्त प्रह्लाद बच गये। इसी घटना को लेकर होलीकादहन मनाने की परंपरा चली आ रही है।भद्राकाल का विशेष ध्यान में रखकर होलीकादहन वर्जित है। वर्ष 2025 में होलाष्टक 7 मार्च दिन शुक्रवार से शुरू हो रही है। 13 मार्च गुरुवार को होलीकादहन के साथ होगा। जो होली का शुरूआत का प्रतीक है। काशी मे होली पूर्णिमा को ही मनाई जाती है। काशी से अन्यत्र चैत्र प्रतिपदा को होली मनाई जाती है। उदया तिथि में चैत्र मास की प्रतिपदा 14 मार्च को होते ही आमजनों की अधिकांश होली मानेगी। हालांकि होली का समापन 13 मार्च को ही होगा। होलाष्टक की अवधी में सभी शुभ कार्य वर्जित है। पूर्णिमा तिथी की शुरूआत 13 मार्च को प्रातः 10. 35 से 14 मार्च को 12. 23 मिनट तक रहेगा। जिससे होली 15 मार्च को भी मनाई जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दो दिन होली मनाए जाने की विषमता इस बात को लेकर है कि 15 मार्च को प्रतिपदा उदया तिथी दिन के 12. 39 बजे तक है। इससे 15 मार्च को होली मनाई जायेगी। साथ ही 14 मार्च को दोपहर तक पूर्णिमा है। जिससे आमजनों के बीच 14 और 15 मार्च दोनों दिन इस पर्व को मनाने को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहेगी।



## धर्म गुरु ने किया धर्म कुड़िया का उद्घाटन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत के इटके चरकी टोगरी मे राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के पूजन स्थल धर्म कुड़िया का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन उरांव ने की। विशेष कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि परम पूज्य धर्म गुरु सह राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधन तिग्गा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रचारिका कमले उरांव, लातेहार जिला अध्यक्ष अशोक उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पाहन पुजारी मोहन उरांव ने विधिवत पूजा कराया। इसके बाद सभी अतिथियों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन जिला अध्यक्ष अशोक उरांव व जयपाल उरांव ने किया। धार्मिक सभा को धर्म गुरु बंधन तिग्गा, कमले उरांव सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया। उन्होंने सरना धर्म के बारे में बारिकी से बताया व हर परिस्थितियों में अपना धर्म, संस्कार, संस्कृति को अक्षुण्ण वनाए रखने व अपने आदिवासी समाज समुदाय में एकता, भाईचारा को बनाए रखने की अपील की। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर,एक शिक्षित सभ्य समाज बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जागे उरांव, मंगरा उरांव, रामसहाय उरांव, रामना उरांव, कैली उरांव, शुगवा उरांव सहित समिति के सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम प्रार्थना सभा बारियातु के पदाधिकारी सहित लातेहार जिला के विभिन्न क्षेत्रों के प्रार्थना सभा के पदाधिकारी व सरना धर्मावलंबी महिला, पुरुष, युवक, युवती व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा मे शामिल हुए।

# विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) पलामू के तत्वावधान में नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा और अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कर किया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा ने कहा कि आम नागरिकों के लिए विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविरों का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने मनरेगा, जॉब कार्ड, महिला समूह को जेएसएलपीएस के तहत ऋण स्वीकृति, शिक्षा विभाग के छात्रवृत्ति योजनाएं, बाल विकास परियोजना की योजनाएं, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, डिजास्टर रिलीफ योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने झालसा द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक रूप से सशक्त बना रहे हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद कर रहे हैं। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, नवनीत पांडेय सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।




## कलश यात्रा

## भगवान भाष्कर प्राण प्रतिष्ठा सह भव्य ज्ञान महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

# भव्य सूर्य मंदिर पांकी प्रखंड को एक अलग पहचान दिलाएगा: जयमति सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के बसडीहा स्थित सोनरे नदी तट पर भगवान भाष्कर का भव्य मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद भगवान भाष्कर प्राण प्रतिष्ठा सह भव्य ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम की शुरूआत रविवार से कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई। कलश यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह की पत्नी जयमति सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, मुखिया प्रद्युमन सिंह के हाथों कलश उठाकर कलश यात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कलश यात्रा कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में पवित्र जल भर कर गाजे-बाजे के साथ भगवान भाष्कर का जयघोष करते हुए नगर भ्रमण किया। भगवान भाष्कर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम अयोध्या से आए विजय प्रपन्न जी महाराज, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अवध बिहारी मिश्रा, पंडित महावीर पांडेय के सानिध्य में शुरू हुआ। कलश यात्रा कार्यक्रम के दौरान मौके पर सांसद कालीचरण सिंह की पत्नी जयमंती देवी ने यज्ञ समिति समेत सभी ग्रामीणों का अभिवादन करते हुए कहा कि वर्षों से यह मंदिर अधूरा पड़ा था, लेकिन भगवान भाष्कर की कृपा से कुछ महीनों में ही मंदिर का कार्य पूर्ण कराया गया, जो बेहद हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि यह भव्य सूर्य मंदिर पांकी प्रखंड को एक अलग पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर की भव्यता लोगों की आस्था को और बढ़ाएगा। यह मंदिर पांकी को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेगा। कलश यात्रा कार्यक्रम के बाद भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद के हाथों की गई। मौके पर मौजूद मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय, यज्ञ समिति के अध्यक्ष बलराम पांडेय, सचिव विद्यासागर पांडेय, कोषाध्यक्ष अमित चौहान ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण शीघ्र पूरा किया गया। उन्होंने प्रखंड समेत पूरे जिलावासियों से यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। 3 मार्च को पंचांग पूजा, 4 मार्च को वेदी पूजन व जलाधिवास, 5 मार्च को अन्नाधिवास पुष्पाधिवास, फलाधिवास सह नगर भ्रमण, 6 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा देव पूजन और प्रसाद वितरण के साथ पुर्णाहूति होगी।



# सेवानिवृत्त सहयोगी शिक्षकको दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** कंडा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार को सेवानिवृत्त सहयोगी शिक्षक पारस नाथ ठाकुर को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर,भावभीनी विदाई दिया। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। शिक्षक पारस नाथ ठाकुर कंडा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अपना पहला योगदान 3 मार्च 2004 में पारा शिक्षक के रूप में दिए थे, जो 21 वर्ष का कार्य काल शिक्षा के प्रति बेमिसाल रहा। वह कंडा पंचायत के ताली, दरगांही टोला एनपीएस विद्यालय से रिटायर हुए। उक्त मौके पर सीआरपी अनुरुद्ध कुमार ने कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह होते हैं, अपने तो जलते हैं, लेकिन दूसरे को शिक्षा के प्रति रौशन देने का काम करते हैं। सेवानिवृत्त पारस नाथ ठाकुर ने कहा कि विदाई सह सम्मान समारोह से वह बहुत संतुष्ट हैं। सभी शिक्षकों से आग्रह है कि शिक्षा के प्रति एवं अपने ड्यूटी के प्रति कोई लापरवाही न करते हुए, जैसे डॉक्टर एक दूसरे को जीवन बचाता है, वैसे ही शिक्षक बच्चों को भविष्य बनाता है। ठीक उसी प्रकार सभी शिक्षक शिक्षा के प्रति अपने ड्यूटी को निर्वहन करते हुए, शिक्षा की अलख जगाए। मौके पर शिक्षक काशी नरेश विश्वकर्मा, प्रमोद भारती ,चंदन कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह ,रूकेश कुमार , बिगु कुमार, शंभू राम, नारायण पासवान ,रामस्वरूप यादव ,उदय मेहता ,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राशपति देवी, संतोष सिंह, नंददेव महतो समेत अन्य उपस्थित थे।



## बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दी बधाई




**मेदिनीनगर।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्र के सातवीं बार चुने जाने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल के प्रति उनका समर्पण ही इस सफलता का मुख्य कारण है। हृदयानंद मिश्र ने मनन कुमार मिश्र को सहज, सरल और अधिवक्ताओं के विकास के लिए समर्पित व दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में अधिवक्ताओं के हित में राष्ट्रीय स्तर पर कल्याणकारी योजनाएं लागू होंगी और उनका सर्वांगीण विकास होगा।

### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सर्जरी पर सेमिनार आयोजित

# सर्जरी में करियर के लिए नई रणनीति अपनानी होगी : डॉ विक्रांत रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग और एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया (पलामू ब्रांच) के तत्वावधान में मेडिकल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. पी. एन. महतो, सर्जन संगठन के अध्यक्ष डॉ. रघुवंश नारायण सिंह और डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



सेमिनार में सर्जरी सुपर स्पेशलिस्ट विभाग के चिकित्सकों ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इनमें डॉ. प्रेम कुमार (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. विक्रांत रंजन (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. अंशुल कुमार (कार्डियक सर्जन), डॉ. रविश कुमार (न्यूरोसर्जन), डॉ. सुशील कुमार पांडे और डॉ. निशांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. संजय कुमार ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के पलामू ब्रांच के तहत हर वर्ष कई शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें मेडिकल कैंप, कैंसर जागरूकता अभियान और सेमिनार शामिल हैं।

डॉ. सुशील पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजन मेडिकल छात्रों को सर्जरी विभाग में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि आमतौर पर मेडिकल के अधिकतर छात्र मेडिसिन को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि उन्हें सर्जरी में अधिक जोखिम लगता है, लेकिन इस तरह के कार्यक्रम उनके विचार बदल सकते हैं।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. एन. महतो ने कहा कि यह पहली बार है जब सर्जरी पर मेडिकल कॉलेज में सेमिनार आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और उन्हें सर्जरी विभाग में करियर बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

सेमिनार में आधुनिक सर्जरी तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई और छात्रों को सर्जरी विभाग में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉ. रामदास नागेश्वर, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सतीश कुमार सिंह, डॉ. सर्वेश कुमार दुबे, डॉ. सुनील टुडू, डॉ. राजीव, डॉ. प्रणीत समेत कई सर्जन और मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर व छात्र उपस्थित रहे।

# पलामू पुलिस ने 23 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट की

● **मनातू और पांकी थाना क्षेत्र में चला विशेष अभियान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाकर 23 एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम/पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। मनातू थाना क्षेत्र के सिलदाग गांव के खेड़ाअर जंगल में लगभग 15 एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम की खेती को वन विभाग मनातू की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर नष्ट किया गया। वहीं, पांकी थाना क्षेत्र के लावाबार गांव में 08 एकड़ वन भूमि/गैर-मजरूआ भूमि पर अवैध रूप से उगाई गई अफीम/पोस्ता की खेती को भी पुलिस ने अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान वन विभाग और पुलिस की टीम ने सख्त निगरानी रखते हुए अवैध खेती को पूरी तरह नष्ट किया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की अवैध खेती को पूरी तरह समाप्त करने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# बूथ, मंडल व जिला स्तरीय चुनाव मार्च में होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के संगठनात्मक चुनाव को लेकर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी शामिल हुए। बैठक में पलामू जिला चुनाव अधिकारी सुरेश साव ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत जिले में सक्रिय सदस्यता बढ़ाने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के निर्देशानुसार मार्च माह में ही बूथ, मंडल और जिला स्तरीय चुनाव कराए जाएंगे। मंडल चुनाव प्रभारियों की रिपोर्ट के आधार पर बताया गया कि अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी गठन अंतिम चरण में है, जिसके बाद मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा और फिर जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।



**महिला और सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य :** सह चुनाव अधिकारी लवली गुप्ता ने कहा कि बूथ कमेटी में कम से कम तीन महिलाओं और सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समयबद्ध तरीके से बूथ और मंडल चुनाव संपन्न कराने की अपील की। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि चुनाव पारदर्शी और नियमों के अनुसार होने चाहिए ताकि निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को संगठन में जवाबदेही मिल सके और पार्टी और अधिक सशक्त हो।

बैठक में वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, विजयआनंद पाठक, परशुराम ओझा सहित अन्य नेताओं ने भी अपने संगठनात्मक अनुभव और विचार साझा किए। बैठक में विभाकर नारायण पांडे, प्रफुल्ल सिंह, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, विजय ओझा, सुनील पासवान, शिव कुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, धीरेंद्र दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, शुभम प्रसाद, श्वेताम गर्ग, सरवन गुप्ता, शशि भूषण पांडे, जवाहर चंद्रवंशी, राजहंस अग्रवाल, सुशील सिंह, अविनाश उर्फ छोटू सिंहा, राजेश सिंह, संजय कुमार, साधु माझी, मधु लता सिंह, रेणु देवी और मंजू देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया।

### सदर प्रखंड में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर आयोजित, सरकारी योजनाओं का मिला लाभ

# आम लोगों को विधिक जानकारी होना आवश्यक है : जिला व सत्र न्यायाधीश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देशानुसार और डालसा पलामू के तत्वावधान में सदर प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत महिला समूह द्वारा स्वागत गान और गुलदस्ता भेंटकर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आम लोगों को विधिक जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों से वंचित न रहें। डालसा के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि पीएलवी (पारा लीगल वॉलंटियर्स) ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक रूप से सशक्त कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने मनरेगा, जॉब कार्ड, महिला समूहों को ऋण स्वीकृति, शिक्षा विभाग की योजनाएं, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना सहित कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभुकों को लाभ भी प्रदान किया। शिविर में विशेष पहल के तहत बड़कागांव के दिव्यांग विकास कुमार पांडेय को व्हीलचेयर और दिव्यांग पेंशन प्रदान की गई। महिला न्यायाधीशों ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म पूरी कराई, बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार (मुखजूठी) संपन्न हुआ, किशोरियों को लक्ष्मी लाडली योजना का लाभ दिया गया और किसानों को बीज व दवाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बीडीओ को निर्देश दिया कि योजनाओं की पात्रता और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए।

### विहिप की जिला बैठक में श्री रामोत्सव आयोजन का निर्णय

# 30 मार्च से 12 अप्रैल तक विभिन्न समितियां करेंगी आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) पलामू की जिला बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह और प्रांत बजरंग बल संयोजक रंगनाथ महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत नावा बाजार प्रखंड के इटको पंचायत बजरंग दल संयोजक दिवंगत श्रवण सोनी के सम्मान में एक शोक सभा से की गई, जहां उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले की सभी समितियां 30 मार्च से 12 अप्रैल 2025 के बीच श्री रामजन्मोत्सव समारोह आयोजित करेंगी। साथ ही, 12 अप्रैल को हनुमान जयंती बलोपासना दिवस के रूप में सभी प्रखंडों में मनाई जाएगी।

इसके अलावा, धर्मरक्षा निधि के बचे हुए कूपन वापस करने और हिसाब-किताब पूरा करने का निर्णय लिया गया। वहीं, दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग आयोजित करने और प्रत्येक प्रखंड में बैठकें सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। निर्देश दिया गया कि बैठक की तिथि, स्थान और समय निर्धारित कर जिला मंत्री को सूचित किया जाए। इस बैठक में प्रांत सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक दामोदर मिश्र, प्रांत साप्ताहिक मिलन सह प्रमुख बजरंग दल कुमार गौरव, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, विभाग संगठन मंत्री विजय यादव, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, अनामिका सिंह, लाला यादव, जिला संगठन मंत्री संतोष यादव, बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# मार्च की शुरूआत में ही बढ़ी गर्मी, तापमान में लगातार इजाफा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मार्च के शुरूआती दिनों से ही तापमान बढ़ने लगा है और दिन के समय गर्मी का एहसास तेज हो गया है। बीते दो दिनों में अधिकतम तापमान 2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक बढ़ चुका है।

## मौसम विभाग ने जताई गर्मी बढ़ने की आशंका

मौसम विभाग पहले ही मार्च से तापमान में असामान्य वृद्धि की संभावना जता चुका था, और शुरूआती दिनों में ही तापमान में बढ़ोतरी ने इस आशंका को सही साबित कर दिया है। सुबह 8 बजे के बाद से धूप की तीव्रता बढ़ जाती है, जिससे लोग दोपहर 3 बजे तक गर्मी से बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, शाम के समय मौसम ठंडा होने से राहत मिल रही है, और अभी भी रात में लोग चादर ओढ़कर सो रहे हैं।

**तापमान में लगातार इजाफा :** मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के अंतिम दिन अधिकतम तापमान 33.7°C और न्यूनतम 14.8°C था।

**1 मार्च :** अधिकतम 35.8°C, न्यूनतम 16.5°C

**2 मार्च :** अधिकतम 35.2°C, न्यूनतम 17.9°C

## आगे और बढ़ेगी गर्मी

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। लगातार चढ़ते पारे को देखते हुए लोगों को गर्मी से बचाव के उपाय करने की सलाह दी जा रही है।

### मेदिनीनगर में निकली खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा

# श्याम भक्तों ने अबीर-गुलाल और पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्याम मित्र मंडल, मेदिनीनगर के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में श्याम भक्त इस शोभायात्रा में शामिल हुए और गाजे-बाजे के साथ नृत्य करते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में शोभायात्रा के स्वागत की भव्य तैयारी की गई थी। राष्ट्रवादी अविनाश कुमार राजा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर, पुष्प वर्षा कर, तलवार एवं अंगवस्त्र भेंट कर तथा पटाखों की ध्वनि के साथ श्याम मित्र मंडल का स्वागत किया।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के संरक्षक विनोद उदयपुरी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष अविनाश राजा, राष्ट्रीय बजरंग दल के विनय शर्मा, विशाल रावत, एबीवीपी के नितीश दुबे, राष्ट्रीय महिला परिषद से वंदना श्रीवास्तव, समाजसेवी सदस्य अर्चना सिन्हा, अशोक कुमार पांडे, चंदा झा, उदय कुमार झा, अनामिका सिंह, उमा शुक्ला समेत बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

अविनाश राजा ने इस अवसर पर 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं', 'हमें क्या चाहिए - अखंड हिंदू राष्ट्र', 'कौन आगे - हिंदू आगे' जैसे नारों से माहौल को ऊर्जावान बनाया। साथ ही, जिले में जल्द होने जा रही 'मिस पलामू वीरांगना प्रतियोगिता' एवं 'एक मुट्ठी अनाज दान' अभियान पर संक्षेप में चर्चा की।

यह स्वागत कार्यक्रम पिछले आठ वर्षों से आयोजित हो रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य खाटू श्याम बाबा को किसी विशेष जाति तक सीमित न रखकर सभी श्रद्धालुओं तक उनकी भक्ति को पहुंचाना है। डॉ. प्रवीण तोगड़िया की टीम पूरे देश में सक्रिय है और वर्तमान में महाकुंभ में सबसे बड़े यात्री शिविर, भोजन भंडारा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी लोकप्रियता बढ़ा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### नर सेवा ही नारायण सेवा : शीला श्रीवास्तव



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा निरंतर जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया जा रहा है। संस्था की सदस्य शीला श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा की भावना ही मनुष्य को इन कार्यों के प्रति निष्ठावान बनाती है। उन्होंने कहा कि भोजन जितनी श्रद्धा से बनाया और परोसा जाता है, उसमें उतनी ही अधिक मिठास होती है। संस्था द्वारा रोटी, सब्जी और खिचड़ी का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया। शीला श्रीवास्तव ने कहा कि भोजन वितरण के दौरान ऐसा प्रतीत होता है मानो नारायण की सेवा की जा रही हो। उन्होंने सहयोग देने वाले सभी परिवारों का आभार प्रकट किया। संस्था ने भोजन वितरण में योगदान देने वाले अहिल्या गिरि, बैजयंती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, ममता और शिल्पी गोस्वामी का धन्यवाद किया।

### मुखिया ने किया बीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के बड़कागांव में बीपीएल नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर और बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मुखिया अनुज त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख दी और कहा कि अच्छे खिलाड़ी वही होते हैं जो बेहतर प्रदर्शन कर ऊंचे मुकाम तक पहुंचते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार खिलाड़ियों के लिए विभिन्न योजनाएं लाकर उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

**टूर्नामेंट का पहला मुकाबला :** उद्घाटन के बाद पहला मैच एकता 11 बनाम राइजिंग स्टार के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में एकता 11 की टीम ने 80 रनों से जीत दर्ज की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रौशन तिवारी, रिंकू तिवारी, अंकेश त्रिपाठी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप पांडेय सहित दोनों टीमों के खिलाड़ी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ नवाजयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**मेदिनीनगर।** गुप्त सूचना के आधार पर नवाजयपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान थाना क्षेत्र के डैनीखाड से मुखलाल सिंह (निवासी- पूणाडीह, थाना- नवाजयपुर, जिला- पलामू) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग 7.450 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# एमएमसीएच में सफाई व्यवस्था लचर सिर्फ ब्लीचिंग पाउडर से चल रहा काम



**गंदे पानी से लगाया जा रहा पोछा, सफाई कर्मियों को नहीं मिल रही पर्याप्त सामग्री**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमएमसीएच) में सफाई व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। यहां सफाई के नाम पर सिर्फ ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है, वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं। एमएमसीएच में जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। पहले यह सदर अस्पताल के नाम से जाना जाता था, लेकिन मेडिकल कॉलेज बनने के बाद इसका नाम बदल दिया गया। हालांकि, नाम बदलने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।

**गंदे पानी से लगाया जा रहा पोछा :** अस्पताल में सफाई के दौरान जब निरीक्षण किया गया तो देखा गया कि जिस पानी से पोछा लगाया जा रहा था, वह पहले से ही गंदा था। सफाई कर्मी से पूछताछ करने पर पता चला कि उन्हें सफाई के लिए सिर्फ ब्लीचिंग पाउडर ही उपलब्ध कराया जाता है। 'कंपनी की तरफ से सिर्फ ब्लीचिंग पाउडर दिया जाता है, बाकी कोई अन्य सफाई सामग्री नहीं मिलती,' सफाई कर्मी ने बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्लीचिंग पाउडर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है और पिछले रविवार का बचा हुआ पाउडर ही दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा था। अस्पताल की लचर सफाई व्यवस्था से मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जरूरत है कि प्रशासन इस ओर ध्यान देकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल मिल सके।

# रंका के दो गांव में हाथियों का उत्पात

# हाथी ने दो ग्रामीणों को पैरों से कुचला, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** प्रखंड के चुतरु पंचायत के बरदारी गांव के हरि कोरवा को हाथी ने कुचल कर मारा डाला। बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि 7 बजे हाथी बरदरी गांव के बुढ़िया डेरा पहुंचा। वहां हरि कोरवा अपने घर के पास आग जलाकर ताप रहा था। हाथी को देखने के बाद भी वह भाग नहीं पाने के कारण हाथी हरि कोरबा को कुचल कर मार डाला। ग्रामीणों ने रात्रि 2 बजे रंका थाने को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रंका थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर रंका थाना ले गई। इस संबंध में मृतक के पुत्र कुलदीप कोरवा ने बताया कि हाथी झुंड में था। उसके साथ हाथी का बच्चा भी था। उसने बताया कि पिता को कुचलकर मारने के साथ हाथी ने घर भी गिरा दिया है। इधर प्रखंड के कटरा पंचायत के बरवाही गांव में में भी हाथी ने एक ग्रामीण को कुचल कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 4 बजे कटरा पंचायत के बरवाही गांव में गेहूं के खेत में हाथी फसल खा रहा था। हाथी भागने गए सुनील को हाथी नेअपने पैरों से कुचल दिया, इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल सुनील को 108 एंबुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक डॉक्टर गोरखनाथ पांडेय ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी का उत्पात प्रखंड क्षेत्र में काफी बढ़ जाने ग्रामीण काफी भयभीत रह रहे हैं। वन विभाग हाथी को भगाने में कुछ नहीं कर पा रहा है।

## पुलिस ने वृद्ध का शव किया बरामद

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के पुतुर गांव निवासी स्वर्गीय उखमजी बैठा के 70 वर्षीय पुत्र रामधनी बैठा की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई। उसका शव पाही शारदा गांव के पिपरखाड़ टोला के पाही से पुलिस ने बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह उसके गांव पुतुर घर पर जाकर उसके घर में लगे खपड़ा क्षतिग्रस्त करते हुए गाली गलौज किया था। मृतक के नाती व पत्नी सचनी देवी के फर्द बयान पर धुरकी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए गांव के ही राजेश्वर बैठा व संजय बैठा दोनों सगे भाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## एक नजर

### दो बाइक की टक्कर में युवक घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थानांतर्गत सलगा गांव में रविवार को दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी 28 वर्षीय अजय चौधरी को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि अजय अपनी बाइक से कांडी जा रहा था। उसी दौरान सलगा गांव में दो बाइक की टक्कर हो गई। उसमें अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए दूसरे जगह रेफर कर दिया गया है।

### मां की डांट से नाराज बेटी ने कीटनाशक खाया

**गढ़वा।** चिनियां थाना अंतर्गत तहले गांव में स्वर्गीय बनारसी कोरवा की पुत्री शांति देवी रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त संबंध में उसकी मां ने बताया कि शांति को उसके पति कई वर्ष पहले ही छोड़ दिया है। तब से वह तहले गांव स्थित मायके में रहती है। मवेशियों को चारा-पानी नहीं देने को लेकर मां ने शांति को डांट-फटकार किया। उसी गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### महिला ने कीटनाशक खाया

**गढ़वा।** पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गरहटीया निवासी शोमनाथ सिंह की 22 वर्षीय पत्नी मोना मोती ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसके बाद मोना मोती ने कीटनाशक खा ली। तबीयत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** रंका थानांतर्गत क्षेत्र के सोनदाग गांव निवासी 30 वर्षीय असीम अंसारी ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। उससे आक्रोषित होकर असीम ने कीटनाशक खा लिया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## ग्रामीणों ने अंडर पास व पुलिया निर्माण की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** शहीद भगत सिंह पंच मुहान से रामगढ़ जाने वाले मुख्य सड़क में दोहर स्थित पुलिया टूट गयी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। उक्त सड़क से ही रेलवे स्टेशन, रामगढ़ लोग आते जाते हैं। यह व्यस्तम मार्ग है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन सैकड़ों छोटी बड़ी गाड़ियां गुजरती है। पुलिया में बने बड़ा छेद के कारण किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रामगढ़ टोला के लिए यह मुख्य सड़क है। ऐसे में सड़क के बीचो बीच पुलिया के टूट जाने से यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों के रोजमर्रा का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। विशुनपुरा आने जाने वाली वाहनों को पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। पुलिया टूटेने की सावधानी सूचक बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। इस मुख्य सड़क में बाईपास निर्माण हो रहा है, जिसमे अंडर पास सड़क का प्रावधान नहीं किए जाने से विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने डीसी गढ़वा को आवेदन देकर अंडर पास, पुलिया निर्माण की मांग की है। मांग करने वालों में भूतपूर्व सैनिक गोपाल राम, पूर्व शिक्षक बालरूप राम, बनारसी बैठा, दया पासवान, विशुनदेव बैठा, रामभजन पासवान,रामकृपाल पासवान,कृष्ण बैठा,संजय राम, रामकिशुन बियार,महेन्द्र ठाकुर,नंदू साह आदि ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## खाद्य सामाग्री लूटने व मारपीट करने की शिकायत दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** सेल के क्रसर प्लांट कटिंग कर रहे मजदूरों पर शनिवार की रात्रि लूटपाट और मारपीट कर खाद्य सामग्री लूटने का आवेदन थाने में देकर कर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना में दिए आवेदन में बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर निवासी मुकेश कुमार साहनी ने मकरी निवासी सह पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम के विरूद्ध आवेदन दिया है। थाना में दिए आवेदन में मुकेश कुमार साहनी ने लिखा है कि मैं एनडी एलॉय कंपनी में काम करता हूं। मैं शनिवार की रात आठ बजे गाड़ी से मेस का समान भवनाथपुर बाजार से खरीद कर सेल के एडीएम भवन लौट रहे थे। उस समय सेल के एडीएम गेट के पास धरना पर बैठे लोगों ने मेरे साथ गली गलौज करते हुए मारपीट कर सामान छीन लिया। लालू राम पिता परमेश्वरी राम मकरी निवासी ने मारपीट, गली गलौज करते हुए धमकी दिया कि तुम लोग जितना भी मजदूर हो यहां से भाग जाओ। मेरा 20 हजार का खाद्य सामान था। झामुमो नेता लल्लू राम ने कहा हम लोग शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं। क्रशर प्लांट की कटिंग कर रहे ठेकेदार झूठा थाना में आवेदन देकर धरणा को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना के एसआई प्रदीप उरांव ने कहा कि आवेदन मिला है। मामला की जांच की जा रही है।

## पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस की सुविधा शुरू, ग्राहकों को होगा फायदाः डाक अधीक्षक

**गढ़वा।** मुख्य डाक घर गढ़वा के सहायक डाक अधीक्षक कुमार अभिषेक ने कहा कि पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस की सुविधा पोस्टल विभाग की ओर से किया गया है। उसके माध्यम से 60 वर्ष तक के लोगों का बीमा किया जाएगा। यह योजना देश की पुरानी योजना है। वर्तमान में इससे मीडिया, अधिवक्ता, पारा मेडिकल स्टाफ भी जुड़ सकते हैं। इसके तहत व्यक्तिगत बीमा की जाती है। वह रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से कोर इंश्योरेंस सर्विस से जुड़ गया है। पोस्टल ऑफिस देश के हर जगह पर है। उसके तहत लोग 20 हजार रुपये से लेकर 50 लाख तक का बीमा करा सकते हैं। ग्राहकों को अन्य बीमा की अपेक्षा इसमें बोनस ज्यादा मिलता है। बीमा के लिए अलग से कोई एजेंट नहीं होते हैं। विभागीय कर्मचारी के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। वहीं कम से कम तीन वर्ष तक बीमा का प्रीमियम जमा करना भी अनिवार्य होगा। प्रेस कांफ्रेंस में मनोज तिवारी, अरविंद तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## जंगल में आग लगने से प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान होता हैः राम सागर



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अनहारी दह टोला में आम पेड़ के नीचे रविवार को बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत वन संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों की रक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान लोक शिक्षक गौरी शंकर गुप्ता ,आनंदी सिंह व वन समिति अध्यक्ष रामसागर यादव ने ग्रामीणों को बताया कि अब महुआ चुनने का समय आने वाला है। इसलिए गांव ग्राम में यह जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जंगल में आग लगाने से न केवल प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान होता है, बल्कि वन्य जीवों का भी जीवन खतरे में पड़ जाता है। आग से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, जिससे खेती पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ग्रामीणों को जंगल में आग लगने के कारणों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें सूखी घास और पत्तियों को नियंत्रित तरीके से हटाने, आग बुझाने के पारंपरिक और आधुनिक तरीकों का उपयोग करने, आग लगने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करने की सलाह दी गई। बताते चले की बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने की योजना है, ताकि जंगलों को बचाया जा सके और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। ग्रामीणों को वन संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा सके। मौके पर वन समिति अध्यक्ष रामसागर यादव अमोला, गोवर्धन साह,देवशरन प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के छठा स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा सह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में यजमान के रूप में अजय प्रसाद गुप्ता, उनकी पत्नी शामिल हुई। आचार्य भोला नाथ पांडेय के मार्गदर्शन में शोभा यात्रा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रंका के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा तालाब पहुंचा। वहां पर कलश में पवित्र जल भरकर पटेल नगर, मेन रोड होते हुए थाना मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पहुंचा। सभी श्रद्धालुओं को मंदिर का परिभ्रमण कराया गया। इसके बाद सभी को शरबत पिलाकर, प्रसाद प्रदान किया गया। शोभा यात्रा सह कलश यात्रा में दुर्गा मंदिर स्थापना पूजा समिति थाना मोड़ के संरक्षक श्याम सुंदर प्रसाद, रंका कला ग्राम पंचायत की पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता,अध्यक्ष दीपक सोनी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी , कोषाध्यक्ष राकेश कुमार , सचिव मनीष चौधरी , मनोज निराला , सुनील माली ,मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र पासवान , अमरेन्द्र कुमार , भंडारा प्रभारी राजू मालाकार , धीरज कुमार , दिनेश प्रसाद , राम कुमार गुप्ता , श्याम बिहारी प्रसाद सिन्हा , जबकि सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सोनू कुमार चंद्रवंशी , दिलीप चंद्रवंशी , आनंद कश्यप , सोनू चंद्रवंशी , जितेन्द्र चंद्रवंशी , नीतीश कुमार , आकाश कुमार , सुमन चंद्रवंशी , अमन कश्यप अभय कश्यप , सिद्धार्थ कश्यप , गौतम कश्यप , प्रभाकर कश्यप अमन गुप्ता , शशी कश्यप सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें ।

## श्री चरण पादुका स्थापना दिवस 5 मार्च को

**गढ़वा।** भगवान महावराह पीठ श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा आश्रम मरहटिया में 5 मार्च को श्री चरण पादुका स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन होगा। यह जानकारी आश्रम के संजीत मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा आश्रम में विशेष पूजा पाठ आरती कर प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी।आश्रम से नावाडीह होते गढ़वा स्थित प्रार्थना गृह में आरती पूजा कर शहर भ्रमण कर हरैया होते 9 बजे तक शाखा आश्रम पहुंच कर सफल योनि का पाठ और अघोर महामंत्र का 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जाएगा। वहीं सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। शिविर में अलग-अलग रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### गायत्री शक्ति पीठ परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मझिआंव।** गायत्री शक्ति पीठ मंदिर परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोगियों की जांच करने के लिए चिकित्सकों की टीम मौजूद थी। शिविर का शुभारंभ एसडीएम नीरज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ, सीओ प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथियों को माथे पर चंदन लगाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में डॉ. साकेत कुमार सोनी, जो हृदय रोग विशेषज्ञ हैं,उन्होंने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा, डॉ. मनीष कुमार सिंह, जो नस और लकवा रोग विशेषज्ञ हैं, डॉ. दशरथ प्रसाद शाह, जो लकवा, नस और हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं, और डॉ. अन्नपूणार्जी, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, ने भी शिविर में अपने अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ लोगों तक पहुंचाया। इसके अलावा डॉ. सीता शरण, दंत रोग विशेषज्ञ ने भी शिविर में लोगों के दांतों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया। मंच संचालन गायत्री परिवार के गढ़वा जिला समन्वयक नागेंद्र सिंह ने किया। मौके पर मारुति नंदन, सेवानिवृत शिक्षिका सत्या दुबे, अशोक कमलापुरी, विवेक सोनी, शोभा जायसवाल मौजूद थे। इसके अलावा गायत्री परिवार के वीरेंद्र सोनी, महिला मंडल की सदस्य, युवा मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### डालसा ने जागरुकता शिविर में किया परिसंपत्तियों का वितरण

**हैदरनगर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय हैदरनगर के सभागार में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार पलामू की ओर से जागरुकता शिविर लगाया गया। जिसमें पीएलभी प्रकाश कुमार की उपस्थिति में परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड, सर्वपेंशन योजना, आधार कार्ड पंजीकृत व एसएचजी महिला समूह को चेक जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, बीडीओ विश्वप्रताप मालवा, पीएलवी प्रकाश कुमार ने संयुक्त रुप से लाभुकों के बीच वितरण किया। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जागरुकता अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांग, असहाय, दलित व निर्धन जरुरतमंद लोगों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कानूनी प्रक्रिया के तहत निशुल्क परामर्श के साथ न्याय संबंधित कार्य में सहयोग करने को कृतसंकल्पित है। इसमें लोगों को सिविल सहित अन्य केस में न्याय दिलाने आमजनों को निःशुल्क मदद की जाती है। संस्था द्वारा लोगों पर हो रहे जुल्म, महिला, प्रताड़ना, जंघन्य अपराध, भ्रूण हत्या, डायन - बिसाही, बाल विवाह, बाल मजदूरी के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से ही उन्हें कानूनी जानकारी देने का कार्य किया जाता है। मुख्यमंत्री बाल संरक्षण योजना के तहत जिनका एकल अभिभावक है, उन्हें प्रत्येक बच्चे को 18 वर्ष की उम्र तक मासिक 4000 रुपया देने का प्रावधान है। वैसे बच्चे जिनके माता - पिता दोनों नहीं है। उन बच्चों को बाल आश्रय गृह में भरण पोषण की समुचित व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। मौके पर प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### विधिक सेवा जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि इस बाबत उप विकास आयुक्त के पत्र के आलोक में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और परिसंपत्तियां चिन्हित लाभुकों को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने सभी को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्राधिकरण और प्रशासन के प्रयास से इस उद्देश्य को पूरा करने में सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि कमजोर लोगों की विधिक सेवा के प्रति जागरूकता के साथ उनके सशक्तिकरण की दिशा में प्रशासन के साथ समन्वय से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में प्राधिकरण सकारात्मक भूमिका निभा रही है। इसका दूरगामी परिणाम देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में कृषि संबंधित 12, पीएमएवाइजी के 20, स्टेट ओल्ड एज पेंशन योजना के 11, आरवीएसपीवाइ के 2, स्वामी विवेकानंद दिव्यांग पेंशन योजना के एक, सखी मंडल के 5, राशन कार्ड के 2, स्वयं सहायता समूह के 61, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 5, मृत्यु प्रमाण पत्र के 4, जन्म प्रमाण पत्र के 5 और मनरेगा जॉब कार्ड के 5 सहित कुल 134 चिन्हित को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रतिनियुक्त पीएलवी रवींद्र कुमार, मनरेगा लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता, लिपिक नीरज कुमार सहित अन्य कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य आम आवाम में जागरूकता लानाः प्रमुख

**हुसैनाबाद।** डालसा पलामू के द्वारा रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड के सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, अचंलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ,पीडीजे भोला नाथ शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत गान कर महिला समूह द्वारा स्वनिर्मित गुलदस्ता भेंट किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि आम लोगों को विधिक का जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य आम आवाम लोगों में जागरूकता लाना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकार से वंचित रह जाते हैं। इसलिए प्राधिकार द्वारा न सिर्फ लोगों को विधिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, बल्कि सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है। मौके पर पीडीजे भोला नाथ शर्मा ने डालसा से प्रदत सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएलवी दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक रूप से सशक्त कर रहे हैं और उनकी सहायता कर रहे हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजना सुदूरवर्ती इलाके तक पहुंचे, इसके लिए अब डालसा भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि बालिका स्वालंबन के तहत और बालिका समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे महिलाएं अब आत्म निर्भर हो रही है। उन्होंने पीड़ित प्रतिकार स्कीम, मध्यस्थता, लोक अदालत, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के कार्यप्रणाली, प्रिलिटीगेशन से संबंधित मामले का निराकरण के बारे मे प्रकाश डाला। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिल कुमार वर्मा ने मनरेगा योजना, जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस से महिला समूह को ऋण स्वीकृति ,शिक्षा विभाग के छात्रों को ड्रेस ,बाल विकास परियोजना से गोद भराई,मुंह जूठी, कृषि विभाग से बीज का वितरण,विधवा पेंशन, स्वामी विवेकानंद पेंशन, डिजास्टर रिलीफ,साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने ,अबुआ आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन ,प्रधानमंत्री आवास आदि के लाभ का लाभ कैसे ले सकते हैं। इसके बारे मे विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपरोक्त योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित किया गया। मौके पर अन्नप्रासन कर मुंह जूठी कराया गया। फीमेल जज द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोदभराई की रस्म भी किया गया। स्कूली बच्चे जहां ड्रेस पाकर खुश दिखे। वहीं किशोरियों को लक्ष्मी लाडली योजना का लाभ दिया गया। बीज व दवा पाकर अंदाताओ के चेहरे भी खिले थे। पीडीजे ने सभी योजनाओं का लाभ कैसे लें, कौन कौन इसके पात्र हो सकते हैं, इसके बारे में बीडीओ को जानकारी देने को कहा। बीडीओ ने लाभ प्राप्त करने के बारे मे क्या अहर्ता होना जरूरी हैं तथा कैसे लाभ लिया जा सकता है के बारे में विस्तार से बताया गया।

## समूह की महिलाओं ने अपने सदस्य को आर्थिक सहयोग कर दिया एकजुटता का परिचय

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** प्रखंड के करिवाडीह पंचायत के हुसरू गांव में 25 फरवरी को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में समूह की एक दीदी का घर अचानक आग की चपेट में आ गया। इस हादसे में उनका सारा सामान, नकदी, गहने और अनाज जलकर राख हो गया। अब वह अपने बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। इस कठिन समय में गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर उनकी मदद करने का फैसला किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर एक सहायता गठित की और पीड़ित परिवार को साड़ी, बच्चों के कपड़े, चावल, दाल व अन्य जरूरी सामान देकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस सहयोग अभियान में प्रमुख रूप से सुनिता देवी, श्रीमती देवी (पूर्व मुखिया), उषा देवी, विमला देवी , मंजू देवी, सरोजनी देवी समेत समूह की अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए वह हमेशा तैयार रहेंगी। इस दुर्घटना के बाद अब तक सरकारी सहायता नहीं मिल पाई है। पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से किसी भी तरह की मदद नहीं दी गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन से जल्द आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग की जा रही है, ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके।

## प्रतियोगिता

## मां चतुभुर्जी प्रिमियर लीग सीजन-1 शुरू

## खेल भावना एकता को बढ़ाने का एक माध्यम हैः पंकज सिंह

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** मां चतुर्भुजी प्रिमियर लीग सीजन-1 का आगाज शनिवार को समाज सेवी पंकज सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेलना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन और टीम भावना भी सीखाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। यह टूर्नामेंट न केवल खेल के प्रति युवाओं के उत्साह को दर्शाता है, बल्कि समाज में खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने का भी एक माध्यम है। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे मंच का उपयोग करना चाहिए, ताकि खेल के माध्यम से वह अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखानें का अवसर देने के लिए हर वर्ष वह इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करायेंगे। उद्घाटन मैच नावाडीह (बिहार) और नगर उंटारी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नावाडीह कि टीम ने निर्धारित 12 ओवर में गोरख के 19 गेंद पर 49 रन के बल्लेबाजी के बदौलत 149 रनों का बड़ा स्कोर बनाकर नगर उंटारी टीम को चुनौती दी। जवाबी पारी खेलने उतरी नगर उंटारी टीम 7 ओवर में ही 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह नावाडीह टीम ने 109 रन से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोरख को मिला। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, आलोक तिवारी, कंहाई प्रसाद, राम प्रसाद कमलापुरी, उदय प्रसाद, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, गौतम पाल,सिताराम जायसवाल,रविन्द्र सोनी,सोनू सिंह,हेमंत मेहता, श्याम बिहारी राम, रामाश्रय,धीरू, अल्ताफ अंसारी अन्य लोग मौजूद थे।

# एक नजर

## टायर दुकान में लगी आग, दमकल ने चार घंटे बाद पाया काबू



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के उड़सू में रविवार दोपहर 12 बजे गुड्डू टायर दुकान में अचानक आग लग जाने से घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के ठोस कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही दल बल के साथ घटनास्थल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम पहुंचे। करीब चार घंटे बाद दमकल ने आग पर काबू पाने में सफल रहा। हालांकि इस अगलगी की घटना में चार अन्य दुकान भी चपेट आ गए, जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया

**बालूमाथ।** पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धारा के प्राथमिक अभियुक्त अंकु पांडेय उर्फ धनंजय पांडेय के घर बालूमाथ पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया है। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूआ ने बताया कि अभियुक्त अंकु पांडेय उर्फ धनंजय पांडेय पिता स्वर्गीय राजकुमार पांडेय ग्राम चेताग थाना बालूमाथ जिला लातेहार निवासी है। वह बालूमाथ थाना का नामजद अभियुक्त है। काफी दिनों से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर प्राथमिक अभियुक्त के घर इस्तहार चिकाया गया है। अभियुक्त न्यायालय द्वारा दिए गए समय अनुसार समर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के नियमानुसार घर की कुर्की जब्ती कर लिया जाएगा।

## 9 मार्च से किसान और पंसस करेंगे जमीन समाधि सत्याग्रह

**चंदवा।** रांची-चतरा मार्ग पर एनएच 22 पर आरओबी निर्माण का शिलान्यास कर छोड़ देने के खिलाफ पंचायत समिति सदस्य अयुब खान और किसान आगामी रविवार 9 मार्च से कामता पंचायत सचिवालय के समीप अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू करेंगे। इस आशय की जानकारी पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि जमीन समाधि सत्याग्रह प्रत्येक दिन समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद पुनः दुसरे दिन इसी के अनुसार क्रमिक आंदोलन चलता रहेगा। ज्ञात हो कि आरओबी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। प्लेटफार्म पर फुटब्रिज नहीं रहने से स्कूल कॉलेज जाने आने के लिए छात्रों समेत ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## झामुमो पंचायत कमेटी का गठन विनय बने अध्यक्ष

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत भवन परिसर में झामुमो प्रखंड कमेटी ने पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने की। बैठक मे उपस्थित सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही विशेष निर्देश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसमिति से अध्यक्ष विनय उरांव, सचिव प्रयाग गंझू, कोषाध्यक्ष दिलीप गंझू, उपाध्यक्ष दिनेश उरांव, पवन गंझू का चयन किया गया। जबकि सदस्य के रुप मे राम किशन उरांव, मनोज गंझू, प्रहलाद उरांव, देवलाल उरांव, महेन्द्र उरांव का चयन किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया रानो देवी,कामेश्वर भोक्ता,प्रखंड उपध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव अनिल तुरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व सदस्य मौजूद थे।

# धक्का मारने के बाद पिटाई से बचने के लिए भाग रहा युवक गहरी खाई में गिरा, मौत



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** एक लड़की को मोटरसाइकिल से धक्का मार कर पिटाई के डर से भाग रहे एक युवक की मौत गहरे खाई में गिरने से हो गयी। मृतक युवक की पहचान अरविंद सिंह के रूप में हुई है। वह छिपादोहर थाना क्षेत्र के सैलरियाटांड़ का रहने वाला था। शनिवार की रात लोगों से बचने के लिए वह भाग रहा था। इस क्रम में वह खाई में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अरविंद सिंह और उसका भाई राहुल सिंह एक मोटरसाइकिल से शनिवार की रात लातेहार से अपने गांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान कोने गांव के समीप मोटरसाइकिल से एक लड़की को धक्का लग गया। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग भी सड़क पर गिर गए। लड़की को चोट लगा देखकर आस पास के लोगों ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को पकड़ने का प्रयास किया। भीड़ को देखकर दोनों युवक डर गए और जंगल की ओर भागने लगे। अंधेरा होने के कारण उन्हें जंगली रास्ता का पता नहीं चला और अरविंद सिंह खाई में जा गिरा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका भाई उसे छोड़ कर भाग गया। रविवार को वह अपने घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने लातेहार पुलिस को मामले की सूचना दी। परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंच कर देखा कि अरविंद सिंह की मौत हो गयी है।

### पुलिस कर रही है मामले की छानबीन

घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े घटना स्थल पर पहुंचीं और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पुलिस ने युवक का शव किया बरामद

**लातेहार।** जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी संगम के समीप से बरवाडीह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कुटमू निवासी चंदन प्रसाद 20 वर्ष पिता दशरथ शाव के रूप में की गई है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि चंदन बाहर मजदूरी करने गया था। कुछ दिन पहले ही काम कर घर लौटा था। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि शनिवार देर शाम शव को कब्जे में लिया गया है। रविवार को सदर अस्पताल में पोस्मार्टम किया गया। मृतक का चचेरा भाई संतोष प्रसाद ने हत्या की आशंका जताई है। बरवाडीह थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की हत्या हुई है या आत्महत्या पूरी गहनता से जांच की जा रही है। जांच होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा

## सीआरपीफ 11वीं वाहिनी ने मनाया 65वां स्थापना दिवस




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीफ 11वीं वाहिनी ने अपना 65वां स्थापना दिवस गौरव के साथ मनाया। इस आयोजन में कमांडेंट याद राम बुनकर की उपस्थिति में क्वार्टर गारद में सलामी व शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विशाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों, उनके परिवारों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं ने इस उत्सव में और रोमांच भर दिया। बच्चों, महिलाओं और जवानों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर आनंद लिया। संध्या में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार के बच्चों के साथ आरा, बिहार से आए सुप्रसिद्ध कलाकार राजा भोजपुरिया और उनकी मंडली ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस दौरान कमांडेंट याद राम बुनकर द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया। शहीद परिवारों का सम्मान, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक संध्या के अंतिम चरण में शहीद जवानों के परिवार को उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप कमांडेंट मुकेश कुमार ने किया।

## विधिक शिविर का किया गया आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कीई मामलों में मध्यस्था की गई। शिविर में लोगों को विधिक जानकारी प्रदान की गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में पारिवारिक विवाद और अन्य विधिक मामलों में भी मध्यस्था की गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र अजीत कुमार ने कहा कि विधिक शिविर का आयोजन लोगों को विधिक जानकारी प्रदान करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए किया गया था। लोगों को अधिकार मित्र द्वारा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर आप विधिक से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ट्रक मालिक 24 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार से तेतरियाखाड़ कोलियरी के ट्रक ऑनर 24 सूत्री मांग को लेकर गिरधारी यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। मौके पर स्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव ने बताया कि 22 जनवरी को सीसीएल कार्यालय बालूमाथ के समक्ष एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया था। इसमें 24 सूत्री मांग का ज्ञापन तेतरिया परियोजना पदाधिकारी जयप्रकाश रावत को सौंपा गया था। प्रमुख मांगों में कोयला की गुणवत्ता सुधार करने,कोयला के स्टॉक के आधार पर ग्रेडिंग करने,अच्छे कोयला में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा बैंड पत्थर को मिलने से रोकने,पावर के कोयला का वैलिडिटी 1 साल से कम करके 45 दिन करने,निरंतर बालूमाथ से पिंडारकोम तक एवं बालूमाथ से नगड़ा होते हुए बेलवाडीह मंदिर तक पानी छिड़काव करने,पिंडारकोम कोल ब्लॉक को सीसीएल के द्वारा ही संचालित करने, विस्थापितों को विद्यालय अस्पताल बिजली पानी आदि मांगे शामिल है। मौके पर ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा साहू , रोशन यादव, अयूब आलम, राजेंद्र यादव, काली यादव, राजेश राम, मंटू साहू,कृष्णा यादव, जगन्नाथ यादव, बसंत कुमार साहू, रवि यादव रविंद्र यादव दिलीप यादव एवं हजारों ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## प्राचीन देवी मंडप का वार्षिकोत्सव, भंडारे में जुटे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 13 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ एक मार्च को कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया गया। दो मार्च को हवन और पुर्णाहूति की गयी। इसके बाद नौ कन्याओं का पूजन किया गया। नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा के महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। इसका उदघाटन पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी प्रसाद यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, समाजसेवी प्रमोद प्रसाद सिंह, मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका आदि ने किया। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण अनिल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान सागर कुमार, संगीता लवली थी। भंडारा में लातेहार व आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने प्राचीन देवी मंडप में माता के समक्ष माथा टेका और अपने सुख समृद्धि की कामना की। मौक पर पूर्व मंत्री ने कहा कि अध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और सौहार्द का वातावरण उत्पन्न होता है। मौके पर गोपाल चौरसिया, दिनेश कुमार महलका, विपिन ठाकुर, सुनील कुमार शौंडिक, राजेश अग्रवाल, सागर कुमार, अंकित पांडेय, संतोष पासवान, विशाल कुमार, राजन कुमार, चंद्रशेखर ठाकुर, पंकज ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाली मशाल जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कुंदा मेन चौक पर मसाल जुलूस निकाला। इस जुलूस में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार से आम जनता त्राहिमाम है। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार भ्रष्टाचार को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती है। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। मशाल जुलुस में भाजपा नेता मनोज यादव,अजय यादव, रविंद्र भारती, सुरेंद्र ठाकुर, घनश्याम यादव समेत काफी संख्या में भाजपा नेता शामिल थे।

## जन सुनवाई कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, विरोध में की नारेबाजी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना विस्तार को लेकर 7 मार्च को प्रस्तावित लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए रविवार को बैठक कर बहिष्कार कर दिया। इस दौरान आम्रपाली के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया पति गोपाल महतो ने की। संचालन पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने किया। ग्रामीणों ने आम्रपाली प्रबंधन पर गुमराह कर फर्जीवाड़ा व शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया। रैयतों ने कहा कि आम्रपाली परियोजना खुले 11 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं का विकास, रोजी-रोजगार, नौकरी और मुआवजा में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने एक स्वर में एनओसी नहीं देने पर सहमति जताते हुए उनके द्वारा आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। इस बावत उपायुक्त चतरा को सभी मामलों से अवगत कराते हुए पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। सुनील कुमार ने कहा कि आम्रपाली प्रबंधन स्थानीयों को रोजी-रोजगार से वंचित रखा है। देशहित में कोल उत्पादन के लिए पैतृक भू-संपदा, रोजी-रोजगार, चैन और सुकून को गंवाकर अब ग्रामीण खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं, जबकि यहां अवैध वसूली चरम पर है। संलिप्त अधिकारी सिर्फ अपना हित साधने में लगे हैं। मौजूद लोगों ने कहा कि रेलवे लाइन निर्माण के लिए हुए फर्जी अनापत्ति मामले की जब तक उच्चस्तरीय जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती है, तब तक परियोजना का विरोध जारी रहेगा। ग्रामीण अपने जिंदगी और पीढ़ियों के भविष्य को लेकर चिंतित है। मौके पर मिथुन यादव,कुंदन पासवान,गंगा उरांव,सुनील भुइयां, विनोद भुइयां, रामलाल उरांव,अमर यादव, जयराम उरांव, राजेन्द्र उरांव,अजय पासवान, प्रदीप यादव, मिथुन यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## अकीदत के साथ रखा गया रमजान का पहला रोजा



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चांद दिखने के साथ ही मुस्लिम धर्मावलंबियों का पाक महीना रमजान शुरू हो गया। तरावीह की विशेष नमाज भी जिले समेत चंदवा के जामा मस्जिद,मदीना मस्जिद, मस्जिद-ए-फातमा,मिल्लत मस्जिद,मक्का मस्जिद, मदरसा गुलशने सैयदना शुक्रबाजार, कामता, कुजरी, बेलवाही, लाधूप, चकला, बोदा, ब्राह्मणी, सेरक, रामपूर, हुचल समेत अन्य स्थानों पर शुरू हो गयी। इस संबंध में मदीना मस्जिद के इमाम मुफ्ती गुलजार मजहर ने बताया कि रमजान का रोजा हर बालिग मुसलमान पर फर्ज होता है। इस महीने की खासियत इसलिए भी है क्योंकि पाक कुरान शरीफ इसी माह अवतरित हुआ था। यह महीना गुनाहों से माफी का महीना है। जिसका पहला हिस्सा (शुरू का 10 दिन) रहमत (दया,कृपा), दूसरा हिस्सा (बीच का 10 दिन) माफी,गुनाहों से छुटकारा दिलाता है तथा तीसरा हिस्सा (अंतिम 10 दिन) दोजख (नरक) से आजादी हासिल करने का महत्वपूर्ण समय है। रोजा का पूरा सवाब (पुण्य) तभी प्राप्त होगा जब रोजेदार रोजा के दौरान सभी उसूलों एंव कायदों को सही ढंग से अदा करेंगे। रोजा रखने को लेकर छोटे बच्चे भी काफी उत्साहित हैं। वह भी रोजा रखने में पीछे नहीं। रमजान शुरू होते ही बाजार में सेवई,खजूर,इत्र,टोपी की बिक्री भी शुरू हो गयी।

## ज्योति कलश रथ प्रखंड मुख्यालय पहुंची, भक्तों ने आरती उतारी



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय हेरहंज में जन जन तक गायत्री मंत्र पहुंचाने व गायत्री माता के प्रति लोगों में श्रद्धा जगाने को लेकर दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। 1926 से 2026 तक हरिद्वार शांतिकुंज से गायत्री परिवार का निकला ज्योति कलश रथ शनिवार को लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। वहां हेरहंज गायत्री परिवार के मुख्य कार्यकर्ताओं में दुबराज साव, भरत साव, कैलाश कुमार ठाकुर, जितेंद्र यादव, मिथलेश कुमार गुप्ता, रामवृक्ष साहू, प्रदीप जायसवाल, विनोद साव,प्रेम जायसवाल, श्यामलाल गोस्वामी, महेंद्र प्रसाद, राखी देवी, शारदा देवी, पल्लवी, रानी, खुशी, माही कुमारी, परी कुमारी, जितेंद्र प्रसाद, रंजन प्रसाद, अनमोल कुमार ठाकुर, फंटूश काला, पिंटू यादव, उपेंद्र प्रसाद, राजेश ठाकुर, कृष्णा प्रसाद साहू, अमरेश गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, विनोद साव सहित अन्य परिजनों द्वारा रथ का भव्य स्वागत करते हुए पूजन कर आरती उतारी गई। इसके बाद ज्योति कलश रथ को हेरहंज श्री रामजानकी मन्दिर से बाजार टांड, पुरनी हेरहंज,भंडार चौक,बस स्टैंड होते पुनः वापस श्री रामजानकी मंदिर परिसर ले जाया गया। वहां सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा अखण्ड ज्योति दीप ज्योति कलश रथ और गायत्री माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गयी। हेरहंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित श्री रामजानकी मन्दिर परिसर में संध्या में 108 दीप प्रज्वलित कर महादीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित शांतिकुंज से आये टोली नायक शिवकुमार बरई, सुनील कुमार गुप्ता, देवेन्द्र प्रसाद,राजकुमार,रत्न अग्रवाल ने कहा कि गायत्री मंत्र हम सबों को सद्बुद्धि देने वाला मंत्र है। आज लोगों के पास धन संपत्ति व बुद्धि तो बहुत है पर सद्बुद्धि नहीं है। इसलिये खास कर युवा वर्ग राह भटक जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति पंडित श्री रामशर्मा ने अपने जीवन काल में 32 सौ पुस्तकें लिखी, जिसमें मनुष्य की सारी समस्याओं का समाधान है। मौके पर हेरहंज अखिल विश्व गायत्री के परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## विधायक ने रखी हॉकी स्टेडियम निर्माण कीआधारशिला

**लातेहार।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से लातेहार प्रखंड लातेहार के भुसूर (सिकनी) पंचायत में हॉकी स्टेडियम के निर्माण कराया जाना है। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने इसका शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस हॉकी स्टेडियम के निर्माण से लातेहार जिले में खेल और युवा विकास को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय युवाओं को अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। मौके पर कनीय अभियंता निरंजन कुमार, भाजपा नेता त्रिवेणी साव, पवन कुमार, सुशील यादव, प्रसाद राजदेव प्रसाद, अनिल सिंह, विशाल चंद्र साहू ऊर्फ मिंकू, विशाल कुमार,रविंद्र यादव, संतोष कुमार महली, कलींदर कुमार महली, संदीप यादव, यमुना प्रसाद, विजय साहू, मुखिया सुरेंद्र कुमार भगत, पंचायत समिति सदस्य पुनीत भुइयां, रंजीत यादव, गजेंद्र यादव, जालंधर महली, विनोद उरांव, मनोज उरांव, सुशील कुमार यादव, नंदकिशोर यादव, आरत नाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## रैयत अधिकार की मांग के लिए हुए एकजुट

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत स्थित संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस के विस्थापित भू रैयतों ने रविवार को आरा ग्राम में मंगल गंझू के अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल में गई जमीन और उसकी नौकरी मुआवजा एवं क्षेत्र की विकास और रोजगार का विस्तार पूर्वक चर्चा की। रैयत रवि प्रकाश ,शंभू प्रसाद ,जगरनाथ भोक्ता,अनिल प्रसाद साव सहित सैंकड़ों रैयतों ने कहा कि सीसीएल के साथ जब भी बैठक हुई, उस बैठक में नौकरी मुआवजा क्षेत्र की विकास, बंदोबस्त भूमि का नियमानुसार मुआवजा रोजगार देने पर सहमती बनती है, पर सीसीएल उन सहमति, वादों को दरकिनार करते हुए मनमानी करती है। बंदोबस्त भूमि पर प्रति एकड़ मात्र 60 से 70 हजार रुपया दिया जा रहा है, जो नियम के विरुद्ध है। पुनर्वास नीति के तहत अब तक क्षेत्र का विकास नहीं की गई है। कहा 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी लोग नौकरी, मुआवजा, रोजगार के लिए विवश हैं। सीसीएल पर शोषण करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अगर सीसीएल का यही रवैया रही तो हम सभी विस्थापित प्रभावित ग्रामीण भू रैयत एकजुट होकर सीसीएल के विरूद्ध क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे। मौके पर अनिल चौबे, भीम साव,धनेश्वर उरांव, विनोद गंझू, खेमलाल गंझू, असेश्वर गंझू, महेंद्र महतो, कामेश्वर साव, उपेंद्र यादव, अखिलेश यादव, नंदकिशोर घांसी, कामेश्वर साव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।


## चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाए पुलिस : प्रतुल

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव रविवार को अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे। वहां उन्होंने शुक्रवार की रात्रि को राहुल शाहदेव,रोहित शाहदेव और मुकेश प्रजापति के घरों का मुआयना किया। ज्ञात हो कि शुक्रवार की मध्य रात्रि को असामाजिक तत्वों के द्वारा जमीरा पंचायत के अंतर्गत रोल गांव के तीन घरों को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। प्रतुल ने घटना स्थल जाकर पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त किया। कहा कि चोरों को पूरे घर का नक्शा पता था, तभी उन्होंने दो दरवाजा को तोड़कर घर के अंदर घुसने का प्रयास किया। परिजनों के द्वारा हो हल्ला करने के कारण वह भाग खड़े हुए। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाएं जमीरा पंचायत में पिछले कुछ महीनों से हो रही है। पूरे इलाके में लोग खुद रात में पहरा कर रहे हैं। प्रतुल ने चंदवा के थाना प्रभारी रणधीर कुमार से भी फोन पर बातचीत की। थानेदार ने आश्वस्त किया कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहले भी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कांड का शीघ्र उद्भेदन करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। मौके पर अजीत शाहदेव,आशीष कुमार सिंह,डब्लू प्रजापति हरिवंश प्रजापति,लालेश्वर मुंडा,विकास घटवार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने 22 एकड़ में लगे पोस्ते की फसल को किया नष्ट

**बारियातू।** बारियातू पुलिस ने रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे लगभग 22 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। रविवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद सोहेगढ़ा के वन क्षेत्र से सटे लगभग 22 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ते के फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर व ट्रैक्टर से जुताई कर नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना मिली कि उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पोस्ते का फसल लगा हुआ है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा अभियान चलाकर उक्त क्षेत्र में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने इस धंधे मे संलिप्त लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए इस मादक पदार्थ की खेती को स्वयं नष्ट करने व आगे इसकी खेती नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोस्ते की अवैध खेती को नष्ट करने के साथ इस धंधा में संलिप्त दोषी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## भाजपा ने प्रशासन के खिलाफ निकाली मशाल जुलूस



**इटखोरी (चतरा)।** भाजपा ने रविवार को जिले के इटखोरी व कुंदा प्रखंड में जिला प्रशासन के विरोध में मशाल जुलूस निकाल कर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा नेताओं ने इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय के समीप से मशाल जुलूस मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। मशाल जुलूस मध्य विद्यालय के समीप से झंडा चौक तक निकाला गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के विरुद्ध जमकर नाराबाजी की। जुलूस में जिला महा मंत्री मृत्युंजय सिंह, पूर्व जिला महामंत्री बसंत नारायण सिंह, पूर्व ओबीसी जिलाध्यक्ष राजेंद्र राम, टुनी सिंह, जगदीश यादव, निरंजन सिंह, गोपाल सिंह, विजय सिंह, ज्ञानी यादव, ब्रह्मदेव यादव, रामाधार राम, आशीष पांडेय, कमलेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुधीर राय, संतोष दांगी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। कुंदा मेन चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार भ्रष्टाचार को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती है। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। मशाल जुलूस में भाजपा नेता मनोज यादव, अजय यादव, रविंद्र भारती, सुरेंद्र ठाकुर, घनश्याम यादव आदि शामिल थे।

### व्यवहार न्यायालय में मोटर एक्सीडेंट क्षतिपूर्ति मामलों को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# दुर्घटना का समाचार मिलने पर पीड़ित से एफआइआर कराएं : अध्यक्ष डालसा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा, रांची के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे द्वितीय निरजा आसरी सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कार्यशाला में उपस्थित पीएलवी से कहा कि समाचार या अन्य किसी माध्यम से किसी दुर्घटना की जानकारी होने पर वहां जाकर पीड़ित तथा पीड़ित के परिजनों से मिले। साथ ही उन्हें प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज करने की जानकारी दें। इसके अलावा क्षतिपूर्ति के बारे में बताएं। वहीं उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि केस दर्ज होते ही पीठासीन पदाधिकारी को सूचित करें। उन्होंने कहा कि मृतक के आश्रितों या घायल को मुआवजा को लेकर जानकारी होनी चाहिए। जानकारी के अभाव में लोग न्यायालय नहीं आ पाते हैं। वहीं अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा ने कहा कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।




यातायात नियमों का पालन करें। वहीं अभिभावक छोटे बच्चों को वाहन चलाने नहीं दें। साथ ही बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएं। लाइसेंस नहीं होने पर दुर्घटना होने पर मुआवजा मिलने में समस्या होती है। वहीं इंश्योरेंस कंपनी भी अपना पल्ला झाड़ती है। वहीं उन्होंने दुर्घटना के दौरान पुलिस पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डालसा सचिव राजेश कुमार ने न्यायालय द्वारा दुर्घटना मुआवजा निर्धारण के बारे में जानकारी दी। साथ ही एचएमभी व एलएमभी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाबालिग के द्वारा किए गए दुर्घटना पर अभिभावक पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि घायल को अस्पताल पहुंचाने पर पुलिस घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को परेशान नहीं करना है। वहीं घायल को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों में मोटर वाहन दुर्घटना के पश्चात कया करना चाहिए इसे लेकर जागरूकता की कमी है इसलिए लोगों के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है। वहीं ओरिएंटल इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर शिव प्रकाश ने कहा का वाहनों की बीमा आवश्यक है। कम से कम थर्ड पार्टी बीमा अवश्य कराएं। वहीं उन्होंने वाहन बीमा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों को बताया। मौके पर एएसआई राज कुमार, एलएडीसीएस चीफ, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पुलिस पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं पीएलभी उपस्थित थे।

## मिट्टी स्नान विभिन्न रोगों के शमन संभव : रामजीवन पाडेय

### पतंजलि के तत्वावधान में योग साधकों व चिकित्सकों का कोराम्बे ग्राम में कोयल के तट पर मिट्टी स्नान का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पतंजलि योग समिति जिला लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं मिट्टी स्नान का कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड स्थित कोयल नदी के तट पर हुआ। जिसमें पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं योग प्रशिक्षकों सहित आर्यवीर दल के ब्रह्मचारी, को आचार्य शरतचंद्र आर्य, आचार्य गणेश शास्त्री एवं अनेक लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम मिट्टी स्नान ,सूर्य नमस्कार, कपाल भांति, अनुलोम विलोम, सूक्ष्म व्यायाम, दंड बैठक का अभ्यास राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय ने कराया। इस अवसर पर मिट्टी स्नान की महत्ता बताते हुए जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि शरीर पंचतत्वों से बना है जिसमे क्षिति, जल पावक गगन समीरा के रूप में पाँच तत्व हैं, इनमें क्षिति पृथ्वी अर्थात मिट्टी का धोतक है। मिट्टी का लेप शरीर में करने से





त्वचा में निखार के साथ साथ चर्म रोगों से बचाव होता है, पेट पर मिट्टी का लेप करने से अम्ल, कब्ज, गैस जैसी समस्याओं का शमन होता है। ल्युकोडर्मा, सोरायसिस जैसे रोग दूर होते हैं। अतः हमें प्रकृति के करीब रहकर प्राकृतिक संसाधनों से प्राकृतिक चिकित्सा कर अपने शारीरिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। मिट्टी स्नान के बाद कोराम्बे मंदिर में आचार्य शरतचंद्र आर्य ने यज्ञ हवन का अभ्यास कराया एवं यज्ञ हवन का महत्व बताया। उसके बाद फल एवं भोग प्रसाद का सामूहिक भोजन किया गया।

### पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया नक्सलियों के साथ हुई बैठक

**सिमडेगा।** पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों की बैठक डीएसपी मुख्यालय के कार्यालय में हुई। बैठक में एसडीपीओ बैजु उरांव और डीएसपी रणवीर सिंह उपस्थित थे। बैठक में आत्म सम्पर्ण करने वाले नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़कर काम करने के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अलावे आत्म समर्पित नक्सलियों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा एवं लाभ के संबंध में भी चर्चा की गई। बताया गया कि आत्म सम्पर्ण करने वाले नक्सलियों को सरकार की ओर से चार डिसमिल जमीन, बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए स्कूल फीस, मकान का किराया, न्यायालय में रखे गए वकील की फीस और स्वालंबी बनने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी आत्म समर्पित नक्सलियों को सरकार की ओर से मिली सुविधा की समीक्षा की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आत्म समर्पित नक्सलियों को सभी सुविधा मिले इसके लिए पुलिस हर संभव प्रयास करेगी।

# महिलाओं और बच्चों को बीमारी से बचाव के लिये लगाए टीके

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र छापरटोली में स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार एएनएम प्रमिला एक्का के द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को बीमारी से बचाव के लिये टीका लगाया गया। महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया की परिवार नियोजन के लिये पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के बारे बताते हुए स्थायी और अस्थाई विधि है। वही मलेरिया, खांसी, टीवी, सर्दी जुकाम सहित अन्य बीमारियों और उसे बचाव के बारे में बताते हुए टीका लगाया गया। वही नवजात बच्चों में होने वाले बीमारी निमोनिया,सर्दी जुकाम, बुखार, दस्त, उल्टी सहित विभिन्न तरह के बीमारियों से बचाव के



लिये नवजात बच्चे बच्चियों को टीका दिया गया।

एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को विटामिन व प्रोटीन आहार के बारे में जानकारी देते हुए आयरन की गोली,आयोडीन युक्त नमक,हरा साग सब्जी,फल,दूध अंडा का सेवन करने के लिये निर्देश दिया गया। जिससे माँ और नवजात बच्चे स्वस्थ हों और बच्चे बच्चियां जन्म से मंदबुद्धि व दिव्यांग न हो। साथ ही बच्चे बच्चियों को आंगनबाड़ी केंद्र में समय पर ला कर चेचक,बीसीजी,टेटन्स का टीका दिलाने के लिये भी निर्देश दिया गया। किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में बलगम जांच कराने के लिये बताया गया। मौके पर सेविका जमुना देवी, स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी के अलावे प्रभा उरांव, रुचि कुमारी, चन्द्रमुनी उरांव, अंजली देवी, गीता उरांव, ममता उरांव,सुकरमुनी उरांव समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

# भंडरा पुलिस ने नशीले पदार्थ के विक्रेता को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** पुलिस ने रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडरा के प्रधानाध्यापिका के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ के विक्रेता भंडरा निवासी बसंत साहू के पुत्र भोलू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विगत 28 फरवरी 2025 को भंडरा मवि में दो नाबालिग क्लास अवधि के समय डेंड्राइट का सेवन कर बदहवास स्थिति में स्कूल के शौचालय में पड़े थे। जिसकी सूचना मवि भंडरा की प्रधानाध्यापिका मनोरमा अगस्टिन ने भंडरा थाना पुलिस को दिया। जिसमें दोनों नाबालिगों ने भंडरा थाना पुलिस को भंडरा मुख्य पथ स्थित भोलू उर्फ कमलाकिशोर साहू के दुकान से 90 रुपए में कोरेक्स इरेज एक्स वाइटनर एवं



सुतली खरीदने की जानकारी दी। जिसकी निशानदेही पर भंडरा थाना पुलिस ने भोलू साहू के दुकान में छापेमारी कर छह वाइटनर बरामद किया। साथ ही स्कूल से दोनों नाबालिक बच्चों द्वारा प्रयोग में लाएं वाइटनर व सुतली को भी जब्त कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए भोलू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया आरोपित के विरुद्ध भंडरा थाना में जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन एक्ट) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

# कठिन परिश्रम, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता मिलती है : अलीरजा

**कैरो/लोहरदगा।** आत्मविश्वास के साथ कठिन परिश्रम, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता मिलती है। जो बच्चे माता-पिता, गुरूजनों और बड़ों का आदर-सम्मान करते हुए नियमित रूप से एकाग्रचित्त होकर मेहनत करते हैं, वे जिस क्षेत्र में भी जाते हैं,सफलता प्राप्त करते हैं। ये बाते रा. उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में पीएमश्री रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कक्षा छठी से नौवीं के छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने अपने समय का सदुपयोग अध्ययन के साथ नवाचार में करने, ऊंचे सपने देखने और उसको पूरा करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने की अपील छात्र-छात्राओं से की। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए




रखने के लिए कम से कम एक आऊटडोर गेम खेलने का जुनून जरूर होना चाहिए।मौके पर प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सवार्गीण विकास के लिए विद्यालय परिवार हर संभव प्रयत्न कर रहा है। इसी के तहत बच्चों को प्रेरित करने के लिए हम मोटिनेशनल स्पीकर्स को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अब रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी प्रशिक्षक देवंती कुमारी की देख-रेख में प्रारंभ हो चुका है।मौके पर विद्यालय के शिक्षक खालिद अख्तर, कृष्णा उरांव, सयुम अंसारी,पवन खाखा, आशिष तिर्की, कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तेली समाज की बैठक पांच मार्च को

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा जिला समिति का बैठक 5 मार्च को दोपहर 2 बजे से तेली धर्मशाला लोहरदगा में आहुत किया जाएगा। उक्त बैठक में जिला समिति ,कोर कमिटी,युवा एवं महिला समिति के सभी पदाधिकारी ,पुर्व पदाधिकारी वरिष्ठ समाज सेवी को समय से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में होली मिलन समारोह एवं गुमला में आयोजित तेली जतरा सह सामुहिक विवाह के साथ समाजिक गति विधी पर गहन चर्चा किया जाएगा । उक्त जानकारी सिटीयूएस के संरक्षक सह संयोजक कोर कमिटी प्रो शिवदयाल साहु ने दी।

### जिले के हर बूथ में चलेगा बूथ पुनर्गठन अभियान- किशलय तिवारी

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल की बैठक मंडल रविवार को महामंत्री सुधीर मांझी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में उपस्थित सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी सह भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि सभी शक्तिकेन्द्र के चुनाव प्रभारी एवं संयोजक सहसंयोक अपने अपने शक्ति केंद्रों में 5 मार्च तक बूथ कमिटी का पुनर्गठन कर लें,साथ ही जिन बूथों में कम से कम 50 प्राथमिक सदस्य नही बन पाएं हैं वहां प्राथमिक सदस्य बना लें जिन मंडलो में कम से कम 50 प्रतिशत बूथ कमिटी का निर्माण होगा वहां संगठनात्मक चुनाव संपन्न किया जाएगा।मौके पर सिमडेगा जिला के सह चुनाव प्रभारी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि भाजपा का सदस्य होना गर्व की बात है क्योंकि भाजपा राष्ट्र आधारित राजनीति करती है इसलिए पदाधिकारी बूथों में जाकर संगठन को मजबूत करें।सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी बूथों पर बूथ कमिटी का पुनर्गठन किया जा रहा है इसी निमित सिमडेगा जिले के सभी बूथों पर अभियान चलाना है और मजबूत बूथ का निर्माण करते हुए संगठन को सशक्त बनाना है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण प्रसाद ,प्रदीप कुमार,विकास कुमार, प्रभुदयाल प्रसाद ,फुलेश प्रधान मौजूद थे।

# सेवा भारती के स्वास्थ्य जांच शिविर में 56 लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 142 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 56 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी बढ़ जाती है जिससे कि आगे जाकर शरीर को काफी नुकसान पहुंचती है। इस शिविर में चेकअप कराने के बाद कई लोगों को अपने




बीमारियों की जानकारी मिली और उक्त बीमारी का इलाज करा कर स्वस्थ हो रहे है। सहसचिव संजय चौधरी,अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं।आलोक साहू ने कहा कि यह निशुल्क शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, सेवा भारती के लोग पूरे मन से सेवा के भाव से कार्य कर रहे हैं और निश्चित रूप से इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अपना और अपने परिवारजनों को स्वस्थ रखें और खुशहाल जीवन जिए इसके लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि होने वाले बीमारियों का पता चल सके और कहा की जल्द आंख एवं दन्त चिकित्सक को भी शिविर में आमंत्रित कर इससे संबंधित रोगियों का भी इलाज की जाएगी। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ मृत्युंजय कुमार, संजय चौधरी, अनामिका भारती, आलोक साहू, कुणाल अभिषेक, अंजलि सर्राफ, लक्ष्मी नारायण भगत, सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ, राजू अग्रवाल, अतुल सर्राफ, राजीव यादव,गोलू कुमार, वीरेंद्र कुमार, शीला कुमारी, विनय श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, मीना देवी,आयुष कुमार, अंजू देवी, बीगन प्रसाद, खुशबू कुमारी, लीला देवी, सुनील कुमार, तारा राय भंडारी, कृष्ण कास्यंकार, नवनीत गौड, रामप्रसाद केसरी, उदय कसेरा, तपेश्वर अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, नीलम देवी, दीपमाला अग्रवाल, सोनी देवी, मीना कुमारी, रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी,रेखा देवी, सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, रेणु देवी,बाल गोविंद मिश्रा, जया मिश्रा, विशन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# मुखिया एवं ग्राम प्रधान की अगुवाई में मसमानो पंचायत के लोगों ने किया बिहार के रोहतासगढ़ किले का भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत से 111 लोगों ने बिहार के रोहतासगढ़ किला ऐतिहासिक आदिवासियों का धरोहर का भ्रमण दर्शन हेतु ग्राम प्रधान सुकरा पाहन एवं मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी की अगुवाई में पहुंचा। तत्पश्चात 2 घंटे की कड़ी मशक्कत पहाड़ एवं घाटी का पगडंडी रास्ता तय कर रोहतासगढ़ किला प्रांगण पहुंचा। यहां स्थित करम का पेड़ का पूजा अर्चना कर पंचायत के लोगों एवं जिले वासियों की सुख समृद्धि के लिए मन्नते मांगी। ग्राम प्रधान एवं मुखिया ने कहा की बिहार राज्य का रोहतासगढ़ किला एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का स्थल है। यह किला बिहार के रोहतास जिले में स्थित है और यह भारत के सबसे प्राचीन दुर्गों में से एक है। रोहतासगढ़ किले का



इतिहास बहुत ही रोचक है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण आदिवासी राजा के द्वारा किया गया था। बाद में मुगल शासक के द्वारा इस आक्रमण कर अपने कब्जे में लिया गया। आदिवासी की जनी शिकार इसी स्थान से शुरू किया गया, जो आज भी आदिवासी सरना समाज के लोग प्रत्येक 12 वर्ष में जनी शिकार का नियम मान रहे हैं। करम पर्व के समय इसी रोहतासगढ़ की कहानी को सरना समाज के लोगों को बताया जाता है। कहा की इसी रोहतासगढ़ में मुगल आक्रमण के बाद छोटा नागपुर में आदिवासी उरांव समाज के लोग पहुंचे। अपने इतिहास को खोजना आदिवासी समाज के लिए पहला कर्तव्य है। बताया कि इस किले में कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, जिनमें रोहतासगढ़ किले का मुख्य द्वार, आइना महल, रोहतासन मंदिर, जामा मस्जिद और हब्श खान का मकबरा प्रमुख हैं।

# कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा करने के साथ-साथ गांव स्तर पर संगठन को करें मजबूत: विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक सह जिला प्रभारी भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के बैठक स्थल में सभी कार्यकताओं ने विधायक को जिला प्रभारी बनाये जाने पर उन्हें माला पहनाकर एवं बुके देकर बधाई दी। विधायक ने विधायक भूषण बाड़ा ने पार्टी को ग्रास रूट में मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजू ने संगठन को मजबूत करने का स्पष्ट संदेश दिया है। इसमे कांग्रेस के सभी पदधारी एवं कार्यकताओं का अहम रोल होगा। विधायक ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी जी का उद्देश्य पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा करने के साथ-साथ गांव में कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। विधायक ने कहा कि जिले के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के प्रयास तेज करें। इसके साथ-




साथ वैसे नेता जो कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों में विश्वास रखते हैं और किसी भी वजह से पार्टी से अलग हैं, उन्हें भी पार्टी से जोड़ने का प्रयास करें। विधायक ने कहा कि हमारी जनता ने पूरे विश्वास के साथ झारखण्ड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में हम सभी जनता के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करें। महागठबंधन सरकार के कार्य को जनता के बीच संवाद करने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओ की है। सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष अपने कार्यकारिणी की बैठक हर माह में करें। ताकि आपके हमारी सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक साझा कर सकें। विधायक ने बिरसा सिंचाई कूप मिशन,बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा निर्माण,बैल जोड़ा वितरण,तालाब तथा जलाशय जीर्णोद्धार योजना,कृषि यंत्रों का वितरण,मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना ,पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,प्री मैट्रिक योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा आवास योजना का अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। विधायक ने बताया कि झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हर लाभुक को प्रतिमाह 5 किलो चावल या गेंहू की आपूर्ति की जाती है। इससे कोई भी ग्रामीण वंचित न रहे। उन्होंने सत्र के माध्यम से जनता के हित मे किये जाने वाले प्रयासों की भी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी अभी से ही संगठन को मजबूत करते जाएंगे तो उसका चुनाव के समय सकारात्मक रिजल्ट मिलेगा। चुनाव के समय ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। सभी कार्यकर्ता मानसिक और शारीरिक रूप से पार्टी के लिए स्वयं को समर्पित करें। निजी स्वार्थ की भावनाओ से ऊपर उठ कर संघटन के कार्यो पर विशेष ध्यान दें। बैठक में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जोनशन मिंज, मो समी आलम , जिप सदस्य जोशिमा खाखा,सामरोम पॉल टोपनो,सोनू नायक, बिपिन पंकज मिंज, लीला नाग ने भी अपने विचार रखे। बैठक में मो समी आलम, अजित लकड़ा, फुलजेना, जेफ्रीन केरकेटा, संजय तिर्की, शिशिर मिंज, मो शहजाद अंसारी, संतोष कुमार सिंह, देवनिश खलखो,समरोम पॉल तोपनो, प्रदीप केसरी, रणधीर रंजन, शशि गुड़िया, आकाश सिंह, तिलका रमण, सोनू नायक, सुनील मिंज, भुषण राम, विजय तिर्की, विजय किंडो, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्रिकेट मैच के दौरान स्टेडियम के अंदर व बाहर चप्पे चप्पे पर होगी कैमरे की नजर

### क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद ने किया सीसी टीवी कैमरे का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** साहू परिवार और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले 5 मार्च से आईपीएल के तर्ज पर शुरू होने वाले चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। रविवार को भी दी गई जिम्मेवारियों से संबंधित लोग अपने अपने कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जुटे रहे। इसी क्रम में स्टेडियम पहुंचे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया। स्टेडियम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन भी किया। रुद्रांश आईटी सॉल्यूशन के प्रोपराइटर रोहित ओझा द्वारा स्टेडियम परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के कार्यों से जुड़ी हर एक बिंदुओं पर उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि कुल 27 कैमरे की नजर में स्टेडियम रहेगी। जिससे स्टेडियम के भीतर और बाहर हर एक एक्टिविटी पर नजर रखा जा सकेगा। इसके बाद अध्यक्ष ने आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ बैठक भी की। जिसमें जिले के गणमान्य लोगों के आमंत्रण सहित स्टेडियम में चल रहे कार्यों पर उन्होंने गहनता पूर्वक जानकारी ली। डीपी साहू द्वारा बताया गया कि आयोजन के बीच में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी आगमन को लेकर बातचीत चल रही है। इसके अलावा पूरे कार्यक्रम के प्रचार प्रसार को लेकर भी उन्होंने जानकारी लेते हुए इसे तेज करने का निर्देश दिया। आयोजन को लेकर 3 मार्च को सुबह 11:00 से स्टेडियम परिसर में प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई है। मौके पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के सचिव आलोक राय सहित अन्य पदाधिकारियों में निशीथ जायसवाल, हाजी अब्दुल जब्बार, हाजी अफसर कुरैशी, लालमोहन केशरी, कमल केशरी, भास्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार, चन्द्रकिशोर प्रसाद, अनूप राय, संजय बर्मन, राजेश महतो, संदीप मिश्रा, उदय गुप्ता, जयजीत चौबे, विशाल डुंगडुंग, सरोज प्रजापति, आकाश कुमार, नितिन सिंह, रोहित ओझा, हिमांशु केशरी, राकेश गुप्ता, सोमा उरांव, विनय उरांव, असलम, निशु, कौशल कुमार, शशि कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में कार अनियंत्रित होकर पलटी

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक होंडा आई10 कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर गई। यह घटना तब हुई जब महिला चालक रंगनी रंजन गाड़ी को गुमला की ओर ले जा रही थीं। अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क से उतरकर गिर गई।दुर्घटना के बाद महिला चालक को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एएसआई दिनेश पांडेय मौके पर पहुंचे और उन्होंने महिला को सुरक्षित रूप से गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी ने जेसीबी बुलाकर गाड़ी को सड़क तक लाने का प्रबंध किया।घटना के बाद महिला चालक काफी डरी हुई थीं, लेकिन एएसआई पांडेय और उनकी टीम ने उन्हें सांत्वना दी। स्थानीय लोगों ने भी दुर्घटना की सूचना देने में सहायता की।

# गुमला में जल संरक्षण जागरूकता के लिए वाटरशेड यात्रा शुरू, उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जल संरक्षण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए रविवार को उपायुक्त गुमला एवं उप विकास आयुक्त गुमला ने वाटरशेड यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जारी और विशुनपुर प्रखंड के 25 गांवों में चलाई जाएगी, जिसमें ग्रामीणों को जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**वाटरशेड यात्रा का उद्देश्य**

इस यात्रा के दौरान जारी प्रखंड के सीसीकरम टोली और सिकरी पंचायत के 13 गांवों और विशुनपुर के विशुनपुर, सिकरी और बनारी पंचायतों के 14 गांवों में प्रचार गाड़ियों के माध्यम से जल उपयोगिता और संरक्षण पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



**समापन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगेंगे**

यात्रा का मुख्य समापन 4 मार्च को विशुनपुर के चिंगरी गांव में होगा, जहां। कृषि, मत्स्य, पशुपालन, बागवानी और कृषि विज्ञान केंद्र के स्टॉल लगाए जाएंगे। गैर-सरकारी संगठनों द्वारा भी जल संरक्षण और कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए जारी और विशुनपुर प्रखंड के सभी पंचायत मुखिया आमंत्रित किए गए हैं।

**उपायुक्त का संदेश**

गुमला उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान जल संचय और संरक्षण को बढ़ावा देकर किसानों सहित पूरे समाज को लंबे समय तक लाभ पहुंचाएगा। यात्रा के शुभारंभ मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, जलछाजन के जिला तकनीकी विशेषज्ञ जुनूल समद, कृषि विशेषज्ञ अटल बिहारी

## सिविल सोसायटी के अध्यक्ष बने निर्मल झुनझुनवाला

**गिरिडीह।** सिविल सोसायटी, गिरिडीह के संस्थापक सदस्यों की बैठक स्थानीय होटल में हुई. बैठक में सोसायटी की तदर्थ कमेटी का गठन किया गया. कमेटी में निर्मल झुनझुनवाला अध्यक्ष, अधिवक्ता शिवेंद्र कुमार सिन्हा व लखन लाल उपाध्यक्ष, मोहम्मद तारिक महासचिव, सुनील कुमार खंडेलवाल व सुधीर अग्रवाल उपसचिव तथा अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए. बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया, जिसमें अधिवक्ता महेश्वर नाथ सहाय, राजेंद्र त्रिपाठी, शंकर पाण्डेय, देवराज आनंद, अधिवक्ता त्रिपुरारी प्रसाद बक्शी, मोहम्मद फारूक हसन, सुनील मोदी व राम गुप्ता को शामिल किया गया है. बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के बाद आमसभा कर लोगों को सिविल सोसायटी के बारे में जानकारी दी जाएगी और अधिक से अधिक सदस्यों को इसमें जोड़ा जाएगा. सिविल सोसायटी, गिरिडीह का अस्थाई कार्यालय तिरंगा चौक स्थित मारुति टावर में होगा. यह पूर्णतया गैर राजनीतिक संगठन रहेगा.

# हरी टोली में गोली लगने से व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के हरी टोली गांव में गोली लगने से 45 वर्षीय लहरु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके सीने में लगी है। घटना रविवार की सुबह 9 बजे की है। इसके बाद परिजन निजी वाहन से घायल को सिसई के एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां एक्स-रे व प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार की अपराह्न 3:30 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में घायल की जांच की गई जांच के क्रम में पता चला की गोली उसके सीने की हड्डी में फंस गया है। इसके बाद व्यक्ति को रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ किया लेकिन परिजन टालमटोल कर गोलगोल जवाब देने लगे। काफी पूछने पर बताया रविवार सुबह लहरु हरी जंगल की ओर गया था जहां उसे एक जिंदा गोली मिला। उसे वह पत्थर से कुचने लगा। तभी गोली उसके सीने



के अंदर में चला गया। लेकिन वहां मौजूद लोगों को उनकी बातों पर यकीन नहीं हुआ। डॉक्टर ने बताया गोली काफी गहराई में घुसकर हड्डी के बीच में अटक गया है। जिसका सदर अस्पताल में इलाज संभव नहीं है। संभावना जताई जा रही है कि किसी ने व्यक्ति को गोली मारी है लेकिन परिजन पूरे मामले को छिपा रहे हैं।

## तेज रफ्तार बाइक ने पैदल यात्री को मारी टक्कर, दो घायल एक रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला-लोहरदगा रोड पर डेवीडीह के पास तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घटना कैसे घटी?**

डेवीडीह निवासी सन्यासी उरांव, जो राजमिस्त्री का काम करता है, बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान खरका बाजार से लौट रहे अनुज महली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अनुज महली और बाइक सवार दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। सन्यासी उरांव की हालत गंभीर होने पर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। अनुज महली का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फॉरेस्ट ने अकासिया लकड़ी लदे ट्रैक्टर को गुप्त सूचना पर पकड़ा, चालक हुआ फरार



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के जटाडीह के पास अवैध रूप से अकासिया लकड़ी लदे एक ट्रैक्टर को फॉरेस्ट गार्ड अबोध महथा ने गुप्त सूचना के आधार पर जब्त किया। फॉरेस्ट गार्ड ने बताया कि चोरी से पेड़ काटकर ट्रैक्टर के माध्यम से लकड़ी ले जाई जा रही थी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जब्त कर धनवार ले जाया गया। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 3,000 रुपये आंकी जा रही है। वहीं, ट्रैक्टर चालक फरार होने में सफल रहा। फॉरेस्ट गार्ड अबोध महथा ने बताया कि अवैध रूप से लकड़ी कटाई और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग ऐसे मामलों में सख्ती से निगरानी कर रहा है, ताकि जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाई जा सके। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है, और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# कार के टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के बीर केरा मोड़ के समीप कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। सिसई अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान सिसई थाना क्षेत्र के रेड़वा गांव निवासी अनिल साहू के इंजीनियर पुत्र 22 वर्षीय शिवम कुमार साहू के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल से एक क्षतिग्रस्त स्विफ्ट कार व एक बाइक को जप्त किया है। वाहनों की हालत ऐसी थी कि उसे क्रेन व हाइवा की मदद से पुलिस को थाना ले जाना पड़ा। शिवम के इस आकस्मिक मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना रविवार की दोपहर को नेशनल हाइवे बाइपास में बिरकेरा मोड़ के पास घटी है। जानकारी के अनुसार शिवम साहू अपने बाइक से सिसई की ओर से आ रहा था। बिरकेरा मोड़ के पास वह बाइक को डिवाइडर में चढ़ाकर रेड़वा की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार के चालक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनो वाहन के परखच्चे उड़ गए। कार की टक्कर से शिवम घायल हो गया। घटना के बाद कार में सवार सभी लोग कार को छोड़कर फरार हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर शिवम को सिसई रेफरल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते परिजन घटनास्थल पहुंचे। शिवम की मौत की खबर मिलते ही वे आक्रोशित हो उठे और दोषी पर कार्रवाई व मुआवजा की मांग को लेकर स्थानीय लोगो की मदद से नेशनल हाइवे को जाम करने की बात कहने लगे। किंतु थानेदार संदीप कुमार सिंह व इंस्पेक्टर विनय कुमार के सूझबूझ से सड़क जाम नहीं किया गया। मृतक के चचेरे भाई लोकेश साहू ने बताया कि शिवम हजारीबाग से इंजीनियरिंग कर टाटा में इंजीनियरिंग इंटरसिप कर रहा था। शनिवार की शाम को वह टाटा से घर आया था।

भरनो में रमजान की रौनक

# तराबीह की नमाज से मस्जिदों में उमड़ी भीड़, अमन-शांति की मांगी दुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** शनिवार की शाम चांद नजर आते ही पूरे भरनो प्रखंड में रमजान की पाक रौनक शुरू हो गई। तमाम मस्जिदों में तराबीह की विशेष नमाज अदा की गई, और रविवार से रोजे की शुरूआत भी हो गई। इस मौके पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखा गया।

**मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़**

रमजान की पहली तराबीह के लिए मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। मस्जिदें पूरी तरह हाउसफुल रहीं, जहां हर उम्र के लोग अल्लाह की इबादत में मशगूल नजर आए।

**रोजे की अहमियत पर दिया गया संदेश**

तराबीह की नमाज के बाद हाफिज इमरान ने रोजे की अहमियत पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि जिस तरह नमाज हर बालिग महिला-पुरुष पर फर्ज है, वैसे ही रोजा भी फर्ज है। उन्होंने बताया कि रोजा सिर्फ भूख-प्यास सहने का नाम नहीं, बल्कि पूरे जिस्म और आत्मा की पाकीजगी का एहसास है।

**अफ्तार के वक्त दुआओं की कबूलियत**

हाफिज इमरान ने कहा कि अफ्तार के वक्त दुआएं कबूल होती हैं, इसलिए इस दौरान ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए।

**खुशहाली और अमन-शांति की दुआ**

तराबीह की नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, अमन-शांति और समाज में भाईचारे की दुआएं की गईं। इस मौके पर रमजान के पाक महीने में इबादत और संयम के साथ जिंदगी गुजारने का संकल्प लिया गया।

## सड़क हादसा अज्ञात पिकअप वैन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव के पास बीती देर शाम एक अज्ञात पिकअप वैन ने साइकिल सवार होटल संचालक साधो उरांव (50 वर्ष) को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घटना का विवरण:**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, साधो उरांव जुरा बाजार से सब्जी लेकर सड़क पार कर रहे थे, तभी गुमला से रांची जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन, जिसकी हेडलाइट नहीं थी, ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। घटना के बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल साधो उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रिम्स, रांची रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं और वह बेहोश हैं।

## खड़ी कार में दूसरी कार ने मारी टक्कर, दो घायल



**बेंगाबाद।** सड़क किनारे खड़ी बलेनो कार में पीछे से आ रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। जिससे खड़ी कार में सवार दो लोग घायल हो गए। बताया गया कि दुमका निवासी अब्दुल शोएब अपनी पत्नी तरन्नुम परवीन के साथ बेंगाबाद थाना क्षेत्र के झलकडीहा अपने रिश्तेदार के यहां आ रहे थे इसी बीच किसी काम से डाककबंगला चौक पर सड़क किनारे कार खड़ी कर बात कर थे थे इसी बीच गिरिडीह की तरफ से आ रहे एक्स यू वी कार जे एच 04 के 4537 ने बलेनो कार जे एच 10 सी टी 4431 को जो सड़क किनारे खड़ी थी पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गए।

## सेक्टर वन के जगदंबा ज्वेलर्स से 35 लाख के गहनों की चोरी

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर वन राम मंदिर मार्केट स्थित जगदंबा ज्वेलर्स से चोरों ने करीब 35 लाख रुपए के गहनों की चोरी कर ली. घटना विगत शुक्रवार रात की है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. चोर सेंधमारी कर दुकान में घुसे और गहने समेट कर फरार हो गए. आभूषण दुकान के मालिक ने बताया कि शुक्रवार की रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए. शनिवार की सुबह जब दुकान खोलने आए, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए. दुकान के अंदर सामान बिखरे पड़े थे और गहने गायब थे. दुकानदार ने बताया कि 35 लाख से अधिक के गहनों की चोरी हुई है. इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी सिटी थाना को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की।

## दो मोटरसाइकिलों में हुई भीषण टक्कर, तीन घायल

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खुरजीओ इरगा पुल पर दो मोटरसाइकिलों में भीषण टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गया। घायल की पहचान गाजोडीह और खुरजीओ के रहने वाले घायल युवकों की पहचान हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोटरसाईकिल अपने - अपने दिशा में आ रहा था तभी भीषण टक्कर हो गया। जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार तीनो लोग घायल हो गया। दोनों मोटरसाइकिलें पूरी तरह का क्षतिग्रस्त हो गया।

# जलछाजन यात्रा का आयोजन किसानों को जल संचयन की जानकारी देने का है प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** हाल ही में जलछाजन यात्रा का आयोजन सीसी करमटोली पंचायत के कोड़ी गांव में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटीजन फाउंडेशन रांची के निदेशक आर.डी. श्री श्यामल हेरेंज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री श्यामल हेरेंज ने उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामीण अपने गांव में योजनाओं का चयन करें और उन्हें लाभान्वित करें, साथ ही जल संचयन में विभाग की मदद करें। जलछाजन योजना के तहत मेड़बंदी, तालाब निर्माण, डोभा निर्माण एवं मेड़ पर वृक्षारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, कृषि में नई तकनीकी अपनाकर किसान अपनी आजीविका को सुधार सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। जन भागीदारी के माध्यम से लोगों में जलछाजन के प्रति जागरूकता



लाना जरूरी है। श्री हेरेंज ने बताया कि आज ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं, ऐसे में जल संचयन की जानकारी होना और उसका लाभ उठाना अत्यंत आवश्यक है। सही जानकारी और तकनीकी के साथ किसान कम पानी में भी अच्छी फसल ले सकते हैं और मानसून पर निर्भरता कम कर सकते हैं। इस अवसर पर सिटीजन फाउंडेशन के समन्वयक अभय कुमार, सामाजिक विशेषज्ञ विनोद कुमार गोप, अभियंता राहुल कुमार, महतो तुषार चंद्र, अक्षय कुमार सिंह, संतोष कुमार, अर्जुन साहू सहित विभिन्न कृषि अस्थाई समिति के सचिव एवं अध्यक्ष तथा स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं जल संचयन के महत्व पर चर्चा की और इसे अपने-अपने गांवों में लागू करने का संकल्प लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ेगी और जल संसाधनों का सही प्रबंधन संभव हो सकेगा।

## फिटनेस के प्रति जागरूकता को लेकर वॉक एंड रन फॉर फन का आयोजन

**धनबाद।** रविवार को राइजिंग चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वॉक एंड रन फॉर फन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें धनबादवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह दौड़ 10 किलोमीटर की थी।जो सुबह 6:30 बजे राइजिंग चौक से शुरू हुई।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों को फिटनेस को दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। राइजिंग चैरिटेबल सोसाइटी ने इस आयोजन के जरिए बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों से अपील की कि नियमित रूप से पैदल चलना और व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है और व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहता है।

# चैनपुर थाना क्षेत्र में वृद्ध की हुई हत्या, खेत में मिला शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जानावल पंचायत अंतर्गत बसटोली में 58 वर्षीय वृद्ध सनिचरवा असुर की हत्या का मामला सामने आया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब मृतक के पुत्र भारत असुर ने बताया कि उनके पिता बुधवार को बसटोली में मेहमान गए हुए थे। शुक्रवार को जब वे अपने घर अमातीपानी लौटने की बात कहकर निकले, तो वे घर नहीं पहुंचे।भारत असुर ने बताया कि खेत में गाय चराने गए लोगों ने उन्हें सूचित किया कि उनके पिता का शव खेत में पड़ा है। इस जानकारी के बाद भारत असुर ने अमातीपानी थाना प्रभारी से संपर्क किया, जिन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को सूचित किया। इसके बाद थाना प्रभारी और पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंचे।घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसे गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, शव की स्थिति इस बात की ओर इशारा करती है कि हत्या की गई है और फिर शव को खेत में फेंका गया है।थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एएसआई नंदकिशोर कुमार ने घटना के हर पहलू की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अब हत्या के पीछे के कारणों और संदिग्धों की पहचान के लिए जांच कर रही है, ताकि मामले का शीघ्रता से समाधान किया जा सके।इस घटना ने स्थानीय समुदाय में भय और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें। मामले की गहराई से जांच जारी है और जल्द ही सबूत जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

# गुमला में लिजेंड कप नाइट क्रिकेट आठ मार्च से पांच जिलों की 24 टीमें भिड़ेंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में आयोजित मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की बैठक में लिजेंड कप सीजन-2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट को भव्य रूप से आयोजित करने की योजना बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक मुन्ना सिंह ने की। प्रतियोगिता 8 मार्च से 12 मार्च तक चलेगी, जबकि 7 मार्च को फैंसी मैच खेला जाएगा, जिसमें गुमला शहर के प्रबुद्ध लोग अपनी टीमें उतारेंगे। इस टूर्नामेंट में गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की 24 टीमें भाग लेंगी। हालांकि, अब तक 32 टीमों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन मैच को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुछ टीमों की छंटनी की जा रही है।



**टूर्नामेंट की खास बातें:**

दूधिया रोशनी में कैनवस बॉल से मुकाबले खेले जाएंगे।

हर दिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक मैच होंगे।

10,000 से अधिक दर्शकों की उम्मीद, जिसके लिए प्रशासन से सहयोग मांगा जाएगा।

ग्राउंड में स्क्रीन लगाई जाएगी, जिससे दर्शक लाइव मैच देख सकेंगे।

सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था होगी।

रात्रि कैंटीन की सुविधा, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को खाने-पीने में कोई परेशानी न हो।

आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।

**क्रिकेट के साथ सामाजिक संदेश:**

संयोजक रोहित उरांव ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य गुमला में क्रिकेट को बढ़ावा देना, सड़क सुरक्षा और नशामुक्त गुमला अभियान को समर्थन देना है। इसलिए, गुमला के खेल प्रेमियों से अपील की गई है कि वे स्टेडियम आकर इस रोमांचक टूर्नामेंट का आनंद लें।

## महासदाशिव मंदिर मरदा में भव्य कलश जल यात्रा, सप्तम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के महासदाशिव मंदिर, मरदा में सप्तम वार्षिकोत्सव की शुरूआत भव्य कलश जल यात्रा से हुई।

**कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण**

शिवजी के गले में विशाल सजीव सांप और अजगर की झांकी। बैंड-पार्टी, ताशा दल, युवतियों की झांकी और अखंड हरिकीर्तन। त्र्यंबकेश्वर से आए आचार्यों द्वारा मंदिर में यज्ञोपवीत संस्कार। भक्ति संगीत और नागपुरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति। श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। मंदिर संचालन समिति और श्रीधर ज्ञान एवं सेवा संस्थान के सदस्य आयोजन में सक्रिय रहे। भक्तों को शरबत वितरित किया गया, और संतों ने प्रेरणात्मक प्रवचन दिए।

विद्यालय रसोइया-संयोजिका संघ की हुई बैठक

# रांची धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक घाघरा प्रखंड में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई, जो रांची के कुटे मैदान में आयोजित होगा।

**धरना-प्रदर्शन में भाग लेंगी सभी रसोइया-संयोजिकाएं**

संघ की ओर से निर्णय लिया गया कि धरना-प्रदर्शन के दिन कोई भी रसोइया मध्याह्न भोजन नहीं बनाएगी और सभी रसोइया-संयोजिकाएं सुबह 10 बजे तक रांची पहुंचेंगी।

**विद्यालय प्रधानाध्यापकों से सहयोग की अपील**

संघ ने जिले के सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया कि वे छात्रों को अपने साथ टिफिन लाने के लिए पूर्व में ही सूचित करें। संघ का कहना है कि यदि गरीब रसोइया-संयोजिकाओं को सहयोग मिलेगा, तो वे अपनी मांगों को सरकार तक प्रभावी तरीके से पहुंचा पाएंगी।

**संघ के पदाधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी, प्रमिला देवी, बिरसमुनी देवी, रोजन देवी, रामी देवी, सारो किंडो सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## झामुमो नेता आकाश रवानी के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

**धनबाद।** रविवार को झामुमो के पूर्व महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी के नेतृत्व में बैंक मोड़ धनबाद अंतर्गत मटकुरिया में सदस्यता अभियान चलाया गया।आकाश रवानी ने बताया कि लगभग 400 से अधिक लोगों ने पार्टी पर आस्था रखते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा उपस्थित हुई। डॉ नीलम मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि झामुमो का जन्म धनबाद में हुआ।लेकिन धनबाद लोकसभा और विधानसभा से भाजपा के सांसद विधायक लगातार विजयी रहें हैं। जबकि,गरीब जनता त्राहिमाम कर रही हैं। हमारा लक्ष्य शहर को सशक्त बनाना हैं।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण के अतिरिक्त उनके प्रेम को पाने का और कोई तरीका नहीं है। अपने मन के स्वामी बनिए ताकि आप उसे ईश्वर को अर्पित कर सकें। – श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### गर्मी से पहले सूखे का डर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य के निवासियों को आगामी गर्मी में पेयजल संकट को लेकर सावधान किया है। अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर कई वर्षों से जल संकट से जूझ रहा है। सरकार अपने स्तर पर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के प्रयास कर रही है, लेकिन लोगों को पानी खर्च करने का तरीका बदलना होगा। मौसमजनित चिंता सिर्फ जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं है। ऐसी चुनौतियां पूरे देश में हैं और अलग-अलग रूपों में सामने आ रही हैं। कहीं बाढ़, तो कहीं सूखा। कहीं पेयजल संकट के रूप में, तो कहीं खाद्यान्न की चुनौती के रूप में। जलवायु परिवर्तन का असर अब देश की खेती-बाड़ी एवं आम लोगों की जिंदगी पर साफ-साफ देखा जा सकता है। बेमौसम बारिश, बाढ़, सूखा और ओलावृष्टि की आवृत्ति बढ़ गई है, जिससे फसलों, पशुधन और जान-माल का भारी नुकसान होता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिला स्तरीय जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट बताती है कि देश के 51 जिले अत्यंत उच्च बाढ़ जोखिम और 118 जिले उच्च बाढ़ जोखिम की श्रेणी में आते हैं। अत्यंत उच्च या उच्च बाढ़ जोखिम श्रेणी वाले लगभग 85 प्रतिशत जिले असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर में हैं। इसी तरह सूखे से प्रभावित क्षेत्रों की बात करें, तो देश के 91 जिले अत्यंत उच्च सूखा जोखिम व 188 जिले उच्च सूखा जोखिम की श्रेणी में आते हैं। अत्यंत उच्च या उच्च सूखा जोखिम वाले जिलों में 85 प्रतिशत से अधिक जिले बिहार, असम, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, केरल, उत्तराखंड और हरियाणा में हैं। बाढ़ और सूखे के सबसे ज्यादा जोखिम वाले शीर्ष 50-50 जिलों की बात करें, तो इनमें 11 जिले बाढ़ और सूखे के बहुत ज्यादा जोखिम में हैं। इस दोहरे जोखिम का सामना करने वाले जिलों में बिहार में पटना, केरल में अलपुझा, असम में चराईदेव, डिब्रूगढ़, सिबसागर, दक्षिण सलमारा-मनकाचर और गोलाघाट, ओडिशा में केंद्रपाड़ा और पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद, नदिया और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं। मौसम के दुष्प्रभाव का संकेत करती एक अन्य रिपोर्ट गौर करने लायक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के जलवायु अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार (निक्रा-एनआईसीआरए) प्रोजेक्ट का एक अध्ययन सामने आ चुका है। इसमें देश के कृषि प्रधान 651 जिलों में जलवायु परिवर्तन से कृषि पर पड़ने वाले जोखिम और संवेदनशीलता का अध्ययन किया गया था। इस रिपोर्ट में 109 जिले अत्यधिक उच्च जोखिम और 201 जिले अत्यधिक संवेदनशील जिलों के रूप में चिह्नित किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्षा आधारित चावल की पैदावार 2050 में 20 प्रतिशत तक और वर्ष 2080 में 47 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसी तरह सिंचित चावल की पैदावार में 2050 तक 3.5 प्रतिशत तक और वर्ष 2080 तक पांच प्रतिशत तक कमी आने का अनुमान है। गेहूं की पैदावार वर्ष 2050 तक 19.3 प्रतिशत तक व वर्ष 2080 तक 40 प्रतिशत तक तथा मक्के की पैदावार 2050 तक 18 प्रतिशत तक व 2080 तक 23 प्रतिशत तक कम हो सकती है। गेहूं व चावल पर आज भी हमारे देश की बड़ी आबादी के खान-पान की निर्भरता है।



*बेमौसम बारिश, बाढ़, सूखा और ओलावृष्टि की आवृत्ति बढ़ गई है, जिससे फसलों, पशुधन और जान-माल का भारी नुकसान होता है।*

# मानवीय तरक्की के लिए वन्य जीवों को सजा न भुगतनी पड़े



विश्व वन्यजीव दिवस विशेष

पृथ्वी पर जीवन का आधार वन्यजीव है, जिस समय धरती से वन्यजीव का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त होगा, तब मानवीय जीवन बड़े ही दर्दनाक तरीके से ख़त्म हो जायेगा। वन्य जीवों के कारण जंगल समृद्ध होते है, जंगलों से जल स्त्रोत समृद्ध होते है, पेड़ों से मिट्टी का क्षरण रूककर उपजाऊ भूमि का बचाव होता है। सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र बेहतर ढंग से कार्य करते है, समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, प्राणियों की खाद्य श्रृंखला सुचारु रूप से चलती हैं। मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम होता है। प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, फसलें लहलहाती है, समाज के हर तबके को पोषक तत्वों से भरपूर स्वास्थवर्धक अन्न प्राप्त होता है। बीमारियां कम होती है, अशुद्धता, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग जैसे बुराइयों पर अंकुश लगाना संभव होता है। देश आत्मनिर्भर बनता है, प्राकृतिक संसाधन संपन्न बनते है। देश में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान, उत्पादों का निर्यात बढ़ता है और आयात में कमी आती है। मनुष्य का जीवनमान स्तर सुधरता है, और ऐसे ही मानव और देश सही मायने में तरक्की करता है। अगर देखा जाए तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही वन्यजीवों पर आधारित है। मनुष्य लगातार प्रकृति को बर्बाद करता आया है, जबकि वन्यजीवों के बदौलत मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है, क्योंकि वन्यजीव ही जंगल, वन, प्रकृति के प्रमुख रक्षक है। इस वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस की थीम "वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश" यह है। यह विषय वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्तीय समाधान की तत्काल आवश्यकता पर है, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय तंत्रों की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती आबादी की सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों और सिमित स्त्रोतों पर असीमित दबाव बना हुआ है। सुंदर चहचहाते पंछियों को हम पहले ही शहरों से दूर भगा चुके है। नगर अब महानगरों का रूप धारण कर रहे है, शहरों के आसपास के गांव, जंगल, खेत, जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन तेजी से सिकुड़ रहे है। शहरों और महानगरों से गुजरने वाली नदियां अब नालों का स्वरुप धर चुकी है, बड़े-बड़े विषैले कूड़े के पहाड़, ई-अपशिष्ट और बिओमेडिकल वेस्ट लगातार बढ़ रहे है। मानवीय जीवन के लिए आवश्यक हर उत्पाद के लिए कच्चा माल प्रकृति से प्राप्त होता है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के कारण आपदाओं और जानलेवा बीमारियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आबादी अनुरूप शहरों में नयी बस्तियाँ बसाई जा रही है, सड़कों पर मनुष्य से ज्यादा वाहनों की भीड़ नजर आती है। पृथ्वी के तापमान में लगातार बदलाव नजर आ रहा है, बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे है। शहरों और गांव में भी भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है, इसका सीधा असर फसलों पर हो रहा है, तापमान बढ़ रहा है, खाद्यान का आयात बढ़ रहा है। प्रदुषण, शोर, आर्थिक विषमता और अपराध बढ़ रहे है। जंगल से वन्यजीव खाना-पानी के लिए मानवीय बस्तियों में आने को मजबूर है, जिसके कारण मानव और वन्य जीवों में संघर्ष तीव्र हो रहा है। आनेवाली पीढ़ियों के हिस्से के संसाधनों का दोहन भी हम कर चुके है। जितना हम प्रकृति से लेते है, उतना वापस करते हुए जाना होता है, लेकिन आज के युग में स्वार्थी मनुष्य प्रकृति को निचोड़कर उससे छीनता जा रहा है, प्रकृति के हर भाग पर अपना हिस्सा बनाता जा रहा है।

आज की बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

वन्यजीव अक्सर मानवीय हस्तक्षेप से दूर रहना चाहते है, परन्तु मनुष्य ही लगातार अपना दायरा बढ़ाता जा रहा है, जिससे वन्यजीवों के लिए भोजन ढूंढना और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो गया है। मनुष्य की गलती की सजा वन्यपशुओं को भुगतनी पड़ती है, जलवायु परिवर्तन के मार का सबसे बड़ा भुगतान वन्यजीवों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। मानवी तरक्की से वन्य जीवन को सीधा नुकसान पहुंचता है, उनके प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं और प्रदूषण के कारण मौतें होती हैं। बहुत बार जंगली जानवर सड़क दुर्घटनाओं, बिजली गिरने, खुले गड्ढे में या खेत के कुओं में डूबने से मर जाते हैं। जैसे-जैसे सड़कों का विकास बढ़ता है, तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण जंगली जानवरों के मरने की संभावना बढ़ जाती है। शिकार जंगली जानवरों के लिए एक और खतरा है। वन्यजीवों में रोग, चोट, परजीविता, भुखमरी, कुपोषण, निर्जलीकरण, मौसम की स्थिति, प्राकृतिक आपदाएँ और अन्य जानवरों द्वारा शिकार इनके मृत्यु के अन्य कारण हैं। बढ़ती मानवीय गतिविधियों से झीलों, घास के मैदानों और जंगलों जैसे आवासों को नुकसान होता है, वन्यजीवों का घूमना-फिरना मुश्किल होता है। लगातार पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन होता है, जिससे वन्यजीवों को भोजन, पानी और अपने बच्चों, चूज़ों के पालन-पोषण के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध नहीं हो पाते। प्रदूषण से वायु, मिट्टी और पानी दूषित होकर जंगलों तक पहुंच जाती हैं। विश्व वन्यजीव कोष के लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024 के अनुसार, केवल पिछले 50 वर्षों (1970-2020) में वन्यजीव आबादी के औसत आकार में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट आयी है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि प्रकृति के विनाश और जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी के कुछ हिस्से खतरनाक स्तर पर पहुंच रहे हैं, जिससे मानवता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

पिछले पांच वर्षों में महाराष्ट्र में 41 बाघों और 55 तेंदुओं का शिकार किया गया। महाराष्ट्र के प्रधान मुख्य वन संरक्षक अभय कोलारकर द्वारा आरटीआई आवेदन के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2020 से जनवरी 2025 के बीच राज्य में 168 बाघों और 808 तेंदुओं की मौत हुई है। हालांकि अधिकारियों ने कहा है कि अधिकतर मौतें प्राकृतिक कारणों और दुर्घटनाओं के कारण हुईं, लेकिन अवैध शिकार से बाघों की मौत की संख्या चिंताजनक है। एक शिकार-विरोधी विशेषज्ञ ने बताया कि इन हत्याओं में स्थानीय शिकारियों की प्रमुख भूमिका होती है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि क्रूर गिरोहों द्वारा किए जाने वाले 90 प्रतिशत से अधिक संगठित शिकार की घटनाएं रिपोर्ट ही नहीं की जातीं। 2002 से 2023 तक महाराष्ट्र ने 867 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन खो दिया, जो 1.28 मीट्रिक टन कार्बनडाइऑक्सइड उत्सर्जन के बराबर है। आदर्श रूप से राज्य में 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह केवल 16.53 प्रतिशत है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दो वर्षों में महाराष्ट्र का वन क्षेत्र लगभग 54.5 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त स्त्रोतों से संकलित विश्व बैंक के विकास संकेतकों के संग्रह के अनुसार, 2022 में भारत में कुल वन क्षेत्र 726928 वर्ग किमी दर्ज किया गया। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा सुदूर संवेदन उपग्रह डेटा और क्षेत्र-आधारित सूची की व्याख्या के आधार पर तैयार की गई द्विवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल वन और वृक्ष आवरण 2023 तक 827,357 वर्ग किमी है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत है। भारत की राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार, पारिस्थितिकी स्थिरता बनाए रखने के लिए वन के अंतर्गत कुल भौगोलिक क्षेत्र का आदर्श प्रतिशत कम से कम 33 प्रतिशत होना चाहिए। 2010 से 2018 के बीच कुछ क्षेत्रों में 50 प्रतिशत तक बड़े पेड़ नष्ट हो गये। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## युवा वहान नियंत्रण में चलाएं

आज का युवा वर्ग अत्यंत उत्साही है, लेकिन वाहन चलाने के मामले में उनके रवैये में गंभीर कमी देखी जा रही है। सड़क सुरक्षा और वाहन नियंत्रण को लेकर युवाओं की लापरवाही न केवल उनकी अपनी जान को खतरे में डालती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है। आजकल कई युवा केवल गाड़ी चलाने के शौक में डूबे रहते हैं। वे ड्राइविंग के नियमों और सावधानियों से अनभिज्ञ होते हैं। इसके परिणामस्वरूप, कभी-कभी अनियंत्रित वाहन चलाने से दुर्घटनाएँ घटित हो जाती हैं, जिनमें कई बार जानलेवा परिणाम सामने आते हैं। यह स्थिति सिर्फ व्यक्तिगत सुरक्षा की समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। अक्सर देखा गया है कि माता-पिता अपने बच्चों को बिना उचित परख-पड़ताल के वाहन सौंप देते हैं। वे यह समझने में असमर्थ होते हैं कि उनके बच्चे ड्राइविंग के नियमों से अनजान हैं और सही दिशा-निर्देशों के अभाव में जोखिम उठाते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को वाहन चलाने से पहले उचित लाइसेंस प्रक्रिया से गुज़ारें और उन्हें ड्राइविंग के नियमों की पूरी जानकारी दें। साथ ही, ड्राइविंग करते समय बच्चों की निगरानी भी आवश्यक है ताकि वे किसी भी अनुचित व्यवहार से बच सकें। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। झारखंड समेत देश के हर कोने में, युवाओं को सिखाया जाना चाहिए कि ड्राइविंग केवल एक शौक नहीं है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। युवाओं के बीच यह चेतना पैदा करना आवश्यक है कि गाड़ी चलाते समय सावधानी, अनुशासन और नियमों का पालन क्यों महत्वपूर्ण है। गाड़ी चलाने से पहले लाइसेंस प्राप्त करनाः केवल वही व्यक्ति वाहन चलाए जो प्रॉपर लाइसेंस धारक हो। लाइसेंस प्रक्रिया से गुजरने के दौरान, व्यक्ति को सड़क नियमों और सुरक्षा के बारे में व्यापक जानकारी दी जाती है। बच्चों पर माता-पिता का नियंत्रण बहुत ही आवश्यक है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों की ड्राइविंग पर निगरानी रखें। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि बच्चे अपनी मित्र मंडली के प्रभाव में आकर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार न अपनाएं। सड़क सुरक्षा को लेकर सामाजिक संवाद होना अत्यंत आवश्यक है। झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी इस जिम्मेदारी को कई स्तरों पर निभा रही है जिसमें स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संगठनों को मिलकर ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए आग्रह कर रही है। जहाँ सड़क सुरक्षा के महत्व पर चर्चा हो और युवाओं को सही दिशा में प्रेरित किया जाए। झारखंड में भी यह समस्या आम होती जा रही है। जहां युवा अपनी सीमाओं का ज्ञान नहीं रखते, वहीं माता-पिता भी बिना समझे-बूझे वाहन सौंप देते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## बजट ऐसा हो, जिससे रोजगार के बढ़ें अवसर

आज झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत होने वाले बजट पर विशेष

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को आज राज्य का बजट प्रस्तुत करना है। वित्त मंत्री के रूप में उनका यह पहला बजट होगा। राज्यवासियों को उम्मीद है कि बजट से उनकी परेशानियां कम होंगी। राज्यवासी चाहते हैं कि झारखंड सरकार का बजट ऐसा हो, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े। झारखंड वासी रोजी-रोटी के लिए झारखंड से जो पलायन कर रहे हैं। यह सिलसिला रुके। झारखंड खनिज संपदा के मामले में देश का पहला ऐसा प्रांत है, जिसके पास प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। इसके बावजूद हर झारखंड का राजकीय राजकोषीय घाटा बढ़ता चला जा रहा है। भीषण बेरोजगारी की समस्या से झारखंड जूझ रहा है। बीते तीन वर्षों से वर्षा नहीं होने के कारण झारखंड के किसान अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने के लिए विवश हो रहे हैं।

बजट से पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 26 फरवरी को झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाया है। किंतु ये गिनाई गई उपलब्धियां जमीनी हकीकत से बिल्कुल परे लगती हैं। बजट के प्रावधान के अनुरूप जमीनी स्तर पर बजट की राशि खर्च हुई होती, तब आज झारखंड की तस्वीर ही बदली होती। इसका सबसे बड़ा कारण है, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार, बजट की अधिकतम राशि लील जाता है। पिछले दिनों की कैग एक रिपोर्ट आई, जिसमें यह बात उभर कर सामने आई है कि झारखंड सरकार कोविड के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी गई राशि खर्च नहीं कर पाई है। यह विचित्र स्थिति है। केंद्र सरकार द्वारा प्रेषित राशि जो झारखंड के स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए खर्च की जानी चाहिए नहीं की गई।

पिछले दिनों प्रांत के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण और कोयला मंत्री किशन रेड्डी से आग्रह किया कि बीते 3 वर्षों से झारखंड में बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष कई परेशानियां उत्पन्न हो गई हैं। राज्य सरकार झारखंड में कृषि, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, बागवानी की योजनाओं को सुदृढ़ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहती है। इसलिए झारखंड का बकाया कोयला की रॉयल्टी के साथ झारखंड के विकास के लिए अधिकतम राशि शीघ्र अति शीघ्र दी जाए।

झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद इस प्रांत में कई सरकारें आईं और गईं। खनिज संपदा से भरे झारखंड में जो विकास दिखना चाहिए, नहीं दीख पा रहा है। इस प्रदेश के लिए यह सबसे निराशाजनक स्थिति है। झारखंड राज्य के बने 25 वर्ष बीतने को है, लेकिन झारखंड की तस्वीर में अभी तक कोई विशेष बदलाव नहीं आ पाया है। झारखंड की बुनियादी समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई है। कुछ नई सड़के जरूर बनी है, लेकिन सड़कें टिकाऊ नहीं है। सड़कें बनने के कुछ ही दिनों बाद जर्जर हो जाती हैं। प्रांत की सरकार स्वास्थ्य पर बजट में करोड़ों रुपए प्रावधान करती हैं, लेकिन राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों की हालात बहुत ही बुरी हैं। ऐसे हालात में गरीब मरीज भी इन स्वास्थ्य केंद्रों में जाना उचित नहीं समझते हैं। स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी आयुष्मान एवं अन्य योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहती हैं। फलतः झारखंड के गरीब लोग भी बड़े अस्पतालों में इलाज कराने के लिए विवश हैं। झारखंड के गरीब मरीज लूटे जा रहे हैं। बजट के प्रस्तावित करोड़ों रुपयों की बंदरबांट के आरोप है।

शिक्षा का भी हाल कमोबेश यही यह है। हर वर्ष शिक्षा के विकास के लिए प्रांत की सरकार सैकड़ों करोड़ रुपए बजट में प्रस्तावित करती है। इसके बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय सुधार होता नहीं दिख रहा है। सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। फलस्वरूप झारखंड के 24 जिलों में निजी स्कूलों की बाढ़ आ गई है। लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने को विवश हैं। जबकि सरकारी स्कूलों को बड़े-बड़े भवन आवंटित है। इन सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी प्रशिक्षित है। इसके बावजूद पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण नहीं हो पा रही है। इसलिए सरकारी स्कूलों के प्रति आमजन में अच्छी धारणा नहीं है। सरकारी स्कूलों की बदहाली का दूसरा आलम यह भी है कि अनेक स्कूलों को पारा शिक्षकों के हवाले कर दिया गया है। इन सरकारी स्कूलों में आधे से ज्यादा पारा शिक्षक पढ़ा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पारा शिक्षक को जितना वेतन दिया जाना चाहिए, नहीं दे पा रही है। जबकि उन सबों से काम सरकारी शिक्षकों की तरह लिया जा रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**विजय केसरी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सुबह गयी, दोपहर भी, शाम जली ना आग।
इधर क ई ने ले लिया, मजबूरन बैराग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## शेयर मार्केट को सरकार का सहयोग चाहिए

भारतीय शेयर मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। मार्केट का पूंजीकरण अपने उच्चतम स्तरों से 90 लाख करोड़ रुपए कम हो चुका है। निफ्टी अपने उच्चतम स्तर से 15 प्रतिशत गिर गया है। स्मॉल कैप तथा मिड कैप सूचकांक तथा शेयरों की तो स्थिति और भी बुरी है।वर्तमान स्तरों पर भी क्रेता दिख नहीं रहें हैं। विदेशी निवेशक जो पिछले कई महीनों से बेच रहे थे,आक्रामक बिकवाल बने हुए हैं। कोटक तथा आइसीआईसीआई म्यूचुअल फंड के प्रमुख व्यक्तित्व इन स्तरों पर भी मार्केट महंगा बता रहें हैं। चहूंओर घोर निराशा का का नकारात्मक वातावरण है। 90 लाख करोड़ रुपए की राशि छोटी राशि नहीं है।यह भारत की जीडीपी का एक चौथाई, लगभग 25 प्रतिशत है। भारत के बजट के पांच वर्षों के राजकोषीय बजट घाटे के बराबर है। इसका एक दुष्परिणाम, प्रभाव भारतीयों की क्रय शक्ति का 90 लाख करोड़ रुपए कम हो जाना भी है। यह सब भारत के आर्थिक तंत्र को बड़ा झटका है। निफ्टी यदि 5 -6 प्रतिशत और गिर जाती है, उच्चतम स्तरों से 20 प्रतिशत गिर जाती है तब तो फिर मार्केट बीयर फेज में ही चला जाना समझा जाएगा एवं तब इसके पूंजीकरण में 120 लाख करोड़ का क्षय हो जाएगा, जो और भी बढ़ सकता है।

अतः समय आ गया है कि भारत सरकार शेयर मार्केट को शक्ति देने के लिए पग उठाए। इस परिपेक्ष्य में शेयर लाभ पर पूंजीगत कर में उल्लेखनीय कमी एक महत्वपूर्ण तथा प्रभावी पग हो सकता है। लघु अवधि पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत तथा दीर्घ अवधि पूंजीगत लाभ को 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर देना चाहिए। इंट्रेडे तथा फ्यूचर ऑप्शन सौदों पर लाभ पर कर 30 प्रतिशत है। यह अत्यधिक है।इसे 15 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इससे राजस्व कम नहीं होगा,उल्टे बढ़ सकता है क्योंकि कर कम करने से मार्केट में खरीदारी, तेजी आ सकती है, इससे लाभ होने लगेगा तथा जब लाभ होगा तभी न टैक्स मिलेगा। अभी मार्केट में मंदी के कारण सौदों में 40 प्रतिशत की कमी आ चुकी है,इससे एस टी टी संग्रह में भी बड़ी गिरावट आएगी। शेयर एक रिस्की एस्टेट्स होता है। उसको अन्य एसेट्स से लाभ की तुलना में टैक्स एडवांटेज अवश्य ही होना चाहिए। फिर अभी मार्केट संकट में है। अतः सरकार को उसे सहायता देनी ही चाहिए। लाखों करोड़ रुपए का प्रश्न है। 28 वर्षों में पहली बार मार्केट लगातार पांच महीने गिरा है। मार्च महीने का भी आरंभ निफ्टी में बड़ी गिरावट तथा 9 लाख करोड़ रुपए की मार्केट को कमी के साथ ही हुआ है। भारत की एक विडंबना ये भी रही है कि यहां के नेता, अधिकारीगण शेयर मार्केट की उतनी चिंता नहीं करते जितनी करनी चाहिए या अन्य राष्ट्र करते हैं जबकि शेयर मार्केट की किसी राष्ट्र के विकास में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, हो गई है। विदेशी निवेश भी भारत वापस आए, इसके लिए प्रोत्साहनात्मक उपाय किए जाने चाहिए। विदेशी निवेशक तो वहीं निवेश करेंगे जहां उन्हें तुलनात्मक अधिक आकर्षक वातावरण मिलेगा। नए सेबी चेयरमैन की नियुक्ति हो गई है। उनसे आशा है कि शेयर मार्केट के ट्रेड को इज ऑफ ट्रेडिंग बनाएंगे। अनावश्यक, अतिरिक्त प्रतिबंधों को समाप्त करेंगे। मात्र वैश्विक शेयर ट्रेडिंग प्रक्रियाओं, व्यवस्थाओं का ही भारत में भी अनुपालन होगा। भारत को विस्तृत,शक्तिशाली तथा सुदृढ़ शेयर मार्केट की परम आवश्यकता है क्योंकि शेयर मार्केट पूंजी इस निर्माण करता है, संपत्ति निर्माण करता है, अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है। पिछले कुछ माह में भारतीय शेयर मार्केट में गिरावट आई है जबकि अमेरिकी, हांगकांग,चीन आदि में बढ़त रही है। अधिक मूल्यांकन को इसका एक कारण बताया जा रहा है जो कुछ सीमा तक सही है परंतु अमेरिकी मार्केट भी तो भारत से भी अधिक पीई पर ट्रेड कर रहे हैं। अभी निवेश के लिए शेयरों का चयन करते समय कुछ मापदंडों का ध्यान रखें। अधिक पी ई के शेयर न खरीदें। मार्केट पूंजीकरण तथा शुद्ध लाभ रेश्यो उचित हो। डिविडेंड यील्ड अच्छी हो। कंपनी के कुछ अच्छे डेवलमेंट हो रहें हो। इस कारकों पर आधारित चयनित शेयरों में बहुत अच्छा रिटर्न मिल सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनी, कुछ पीएसयू,सरकारी बैंक में निवेश अच्छा प्रतिफल दे सकता है। मंदड़िये मात्र खलनायक ही नहीं होते हैं, वो अच्छे शेयरों को भी आपको अत्यंत सस्ते मूल्यों पर दिलवा देते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**शशांक भारद्वाज**
सीनियर वी पी
चॉइस ब्रोकिंग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बनारस की रंगभरी एकादशी : काशी विश्वनाथ संग ससुराल पहुंचती हैं गौरा, गौना में शामिल होते हैं 'गण'



**वाराणसी (आईएएनएस)**

'मईया गौरा चलेलीं ससुराली हो...' और गौरा के साथ पूरा बनारस (वाराणसी) झूम जाता है। रंगभरी एकादशी पर ये गीत फगुआ के रंग को और गाढ़ा कर देता है। फगुआ (होली) से ठीक चार दिन पहले बाबा श्री विश्वनाथ की नगरी काशी एक अलग ही रंग में रंगी दिखाई देती है। चहुंओर उल्लास छाया रहता है और हो भी क्यों न, उस दिन विश्व के नाथ माता पार्वती को मायके से उनके घर काशी जो ले आते हैं। ऐसे में रंगभरी एकादशी पर धर्मनगरी रंग जाती है, उल्लास, खुशी, भावनाओं और भक्ति के रंग में। दुनिया भर में जहां होली से चार दिन पहले होली की तैयारी चल रही होती है। वहीं, काशीवासी बाबा और माता से अनुमति लेकर होली खेलना शुरू कर देते हैं। काशी के कोने-कोने में 'नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव' गूंजता रहता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रंगभरी एकादशी के दिन गौना बारात का आगमन होता है। बाबा विश्वनाथ माता गौरा को अपने साथ घर ले जाने के गण के साथ पहुंचते हैं, जिसकी शुरुआत हल्दी लगाने के साथ शुरू होती है।

स्थानीय प्रज्ञा बताती हैं, "पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव माता के साथ पहली बार रंगभरी एकादशी को गौना कराकर काशी आए थे। इस विशेष तिथि पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का भी विशेष विधान है। काशीवासियों के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है। काशी के छोटे से लेकर बड़े हर देवी-देवता के मंदिर को सजाया जाता है और लोग उल्लास में डूबे रहते हैं। प्रभुनाथ त्रिपाठी परंपरा की बात करते हैं। उन्होंने बताया, "मान्यता है कि देवी-देवताओं के साथ काशीवासी भगवान शिव और माता पार्वती के आने की खुशी में ना केवल दीप जलाकर बल्कि गुलाल और अबीर उड़ाकर उनका स्वागत करते हैं। पुरातन काल से ही इस परंपरा कि नींव पड़ी और आज भी उल्लास में डूबे काशीवासी बाबा के साथ माता पार्वती का स्वागत रंग, गुलाल और फूलों की वर्षा के साथ करते हैं। यह भी माना जाता है कि रंगभरी एकादशी के दिन रंग बाबा और माता पार्वती को चढ़ाकर भक्त उनसे होली खेलने की अनुमति भी मांगते हैं। रंगभरी एकादशी के दिन काशी में बाबा विश्वनाथ माता पार्वती का भव्य डोला निकाला जाता है।

इस दिन गली का कोना-कोना रंगों में **रंगा नजर** आता है... » मान्यताओं के अनुसार रंगभरी एकादशी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने का भी विधान है। इस दिन बाबा और गौरा माता की पूजा करने से मनचाहे जीवनसाथी की कामना पूरी होती है और जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाती है। रंगभरी एकादशी के दिन स्वयं भगवान शिव और माता पार्वती काशी में आते हैं। इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती को उनके ससुराल का भ्रमण भी कराते हैं।

## रानी चंद्रावती उच्च विद्यालय के 75 वर्ष पूर्ण होने पर होगा खराड़ी महोत्सव समारोह

## बिहार के राज्यपाल एएम खान ने स्वीकार किया आमंत्रण



**एजेंसी । पटना**

बिहार के महामहिम राज्यपाल माननीय आरिफ मोहम्मद खान से आज डॉ. शूलपाणि सिंह ने राजभवन, पटना में शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान उन्होंने दरभंगा जिले के खराड़ी गांव (प्रखंड – बहेरी) जिला दरभंगा में स्थित रानी चंद्रावती उच्च विद्यालय, रानी चंद्रावती मध्य विद्यालय एवं रामेश्वरी कन्या विद्यालय के ऐतिहासिक योगदान और इसके 75 वर्ष पूर्ण होने की जानकारी दी। डॉ. शूलपाणि सिंह ने महामहिम राज्यपाल महोदय को इस गौरवशाली अवसर पर आयोजित समारोह एवं रानी चंद्रावती जी की प्रतिमा के अनावरण के लिए सादर आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय पूरे इलाके का पहला शिक्षण संस्थान था, जिसकी स्थापना स्व. रानी चंद्रावती जी ने क्षेत्र के विकास और बालक-बालिकाओं की शिक्षा के लिए आज से 75 वर्ष पूर्व की थी। इस विद्यालय ने दशकों से हजारों छात्रों को शिक्षित कर समाज में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

माननीय राज्यपाल महोदय ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया और विद्यालय के ऐतिहासिक योगदान को सराहते हुए इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की। यह पूरे इलाके और बिहार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि शिक्षा और सामाजिक उत्थान के प्रति समर्पित इस विद्यालय का 75वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा।

# अपनी संभावनाओं से दुनिया को आकर्षित कर रहा है भारत



● उपराष्ट्रपति ने पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को किया संबोधित

**नई दिल्ली (हि.स.)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत अब वादे करने वाला देश नहीं रह गया है। भारत को अब सपेरों का देश नहीं माना जाता। भारत पूरी दुनिया को अपनी संभावनाओं से आकर्षित कर रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य' विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पी. परमेश्वरन की भारतीय मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय लोकाचार की उनकी गहरी समझ और राष्ट्रीय एकता के लिए उनका अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सांस्कृतिक रूप से निहित और आध्यात्मिक रूप से जागृत एक आत्मनिर्भर भारत के लिए उनका दृष्टिकोण पूरे देश में गहराई से गूंजता है। हाल के दशक में भारत के विकास को लेकर धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी जवाबदेह शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र को उछाल दिया है। 1.4 बिलियन का राष्ट्र ग्रामीण क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव को देखें। हर घर में शौचालय है, बिजली कनेक्शन है, पानी का कनेक्शन आने वाला है, गैस कनेक्शन है, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायता करने वाली नीतियां। ये हमारी विकास पथ को परिभाषित करती हैं।

उन्होंने कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले कल्पना से परे था, चिंतन से परे था, सपनों से परे था, उसने हमारे सनातन का सार, समावेशिता, गैर-भेदभावपूर्ण, समान, समान विकास के परिणाम और सभी के लिए फल उत्पन्न किए हैं। किसी भी योग्यता, जाति, धर्म, जाति, रंग के बावजूद प्रयास किया गया है कि लाभ अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों तक पहुंचना चाहिए और यह बड़ी सफलता के साथ किया जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक (पी. परमेश्वरन) की स्मृति में यह स्मारक व्याख्यान है। वे इस सदी में हिंदू विचार प्रक्रिया के अग्रणी विचारकों में से एक हैं। हम इस व्याख्यान के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध सबसे बेहतरीन बुद्धिजीवियों में से एक का जश्न मना रहे हैं। एक सभ्यता को केवल एक बुनियादी विचार से जाना जाता है।

## जनसांख्यिकी को बहुसंख्यकवाद के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए

अकार्बनिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि जनसांख्यिकी मायने रखती है। जनसांख्यिकी को बहुसंख्यकवाद के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम इन दो खेमों में विभाजित समाज नहीं बना सकते लेकिन जब जनसांख्यिकी की बात आती है तो देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्र में राजनीतिक रूप से विभाजनकारी माहौल पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम कुछ पहलुओं पर चिंताजनक परिदृश्यों से घिरे हुए हैं। राजनीति ध्रुवीकृत हो गई है, ऊर्ध्वाधर रूप से विभाजनकारी हो गई है, तापमान हमेशा उच्च रहता है। मूल राष्ट्रीय मूल्य और सभ्यतागत मूल्य केंद्रीय विषय नहीं हैं। इस देश में जहां विविधता एकता में परिलक्षित होती है, यह देश जो समावेशिता के अपने सनातन मूल्यों पर गर्व करता है, हम इन मूल मूल्यों से दूर होने और ध्रुवीकृत, विभाजनकारी गतिविधियों में शामिल होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, कि मुझे आपके साथ अपनी पीड़ा, अपना दर्द साझा करना चाहिए। संसद को लोगों के लिए आदर्श होना चाहिए। यह लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने का एक मंच है। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केरल के राज्यपाल आरवी आर्लेकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## लालू के डीएनए में लूट, डकैती, आगजनी और फिरौती, यही उनका 'रोजगार मॉडल': गिरिराज


**गया (आईएएनएस)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने रविवार को राष्ट्रीय



जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि लालू यादव के डीएनए में लूट, डकैती, दुष्कर्म, आगजनी और फिरौती है, यही उनका 'रोजगार मॉडल' है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, "लालू यादव ने अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर छपरा में कहा कि इनको सीएम बनाओगे तो बिहार में जगमग होगा। उन्होंने कई बातें बताई, लेकिन असली बात नहीं बताई। प्रदेश के लोगों को मालूम है कि उनके राज में नवदंपति को वाहन से उतारकर वाहन ले लिया जाता था। उनका विकास का मॉडल यही होगा।

## नीतीश 'ओल्ड मॉडल' हो चुके, बिहार को अब 'न्यू मॉडल' चाहिए : तेजस्वी यादव

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा



कि बिहार अब विकास चाहता है। बिहार के लोग बिहार को विकसित देखना चाहते हैं। बिहार में सरकार नाम की चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब ओल्ड मॉडल हो चुके हैं और बिहार को अब न्यू मॉडल चाहिए। दरअसल, सोमवार को बिहार विधानसभा में 2025-26 का बजट पेश होना है, इससे पहले विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल बिहार में एनडीए की सरकार है, इसके बाद डबल इंजन की सरकार भी रही, लेकिन आज भी बिहार प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश में सबसे पीछे है। उन्होंने कहा, "नीतीश कुमार का यह आखिरी बजट होगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## 48 घंटे बीत चुके हैं, 4 लोग अभी भी लापता बचाव दल ने तेज किया रेस्क्यू ऑपरेशन



**उत्तराखंड ।** चमोली जिले में माणा गांव के पास सीमा सड़क संगठन के कैंप पर शुक्रवार को भीषण हिमस्खलन हुआ, जिसमें 54 मजदूर दब गए। बचाव दल ने 50 मजदूरों को बचा लिया है, जिनमें से 4 की मौत हो गई है। बाकी के 4 मजदूर अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वायुसेना और सेना मिलकर काम कर रही है। इसके अलावा, बचाव अभियान में मदद के लिए चमोली में खोजी कुत्तों को भी भेजा गया है। मृतकों की पहचान हिमाचल प्रदेश के मोहिंद्रा पाल और जितेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के मंजीत यादव और उत्तराखंड के आलोक यादव के रूप में हुई है। अधिकारी अब चार लापता मजदूरों हिमाचल प्रदेश के हरमेश चंद, उत्तर प्रदेश के अशोक और उत्तराखंड के अनिल कुमार और अरविंद सिंह का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**जादवपुर विश्वविद्यालय हंगामा**

## छात्रों के विरोध प्रदर्शन के कारण तनाव बरकरार, पांच के खिलाफ एफआईआर

**कोलकाता (आईएएनएस)**



कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के परिसर में वामपंथी छात्रों के उग्र विरोध-प्रदर्शन के एक दिन बाद भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। वामपंथी छात्रों के हंगामे के दौरान शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु घायल हो गए थे। शनिवार को प्रदर्शन उग्र तब हुआ जब मंत्री की कार को कथित तौर पर परिसर में प्रवेश करने के बाद रोका गया और उसके बाद हाथापाई की गई। छात्र विश्वविद्यालय की छात्र परिषद के लिए तत्काल चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। इस घटना को लेकर पहले ही पांच एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पांच एफआईआर में से तीन तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर एसोसिएशन (डब्ल्यूबीसीयूपीए) द्वारा दर्ज कराई गई हैं, जिसमें विरोध कर रहे छात्रों पर मंत्री को परेशान करने और परिसर में विश्वविद्यालय की संपत्ति को नष्ट करने का आरोप लगाया गया है। दूसरी तरफ, छात्रों ने मंत्री के वाहन पर जानबूझकर छात्रों को टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

## 'दुल्हन का रंग काला है', सास-ननद और दूल्हे के ताने से परेशान नवविवाहिता ने लिया घातक फैसला

**बांका ।** किसी ने सच कहा है कि ताना भी किसी को संभलकर मारना चाहिए। ताने कब किसी को खतरनाक फैसला लेने पर मजबूर कर दें, कोई नहीं जानता। बिहार के बांका जिले में कुछ ऐसा ही हुआ। बांका के अमरपुर प्रखंड में शादी के 3 महीने बाद नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना अमरपुर थाना क्षेत्र के खुर्द कोल गांव की है। जहां एक नव विवाहिता ससुराल पक्ष के कोपभाजन का शिकार बन गई। जानकारी के अनुसार पति ननद और सास के विवाद के कारण नवविवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। मृतक का नाम प्रीति देवी है। सूचना मिलने पर रविवार को ग्रामीणों ने डायल 112 की पुलिस और अपर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार कुमार को इसकी सूचना दी। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों का बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।

## मरी बिल्ली के साथ सोती रही महिला बिल्ली के जिंदा न होने पर दे दी जान

**अमरोहा (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां पर एक महिला का बिल्ली के लिए प्रेम देखकर हर कोई हैरान है। बिल्ली की अचानक मौत के बाद तीन दिन तक महिला मरी हुई बिल्ली को अपने साथ लेकर सोती रही। आखिरकार जब बिल्ली जिंदा नहीं हुई तो उसने भी बिल्ली के गम में फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। बिल्ली और महिला का प्रेम देखकर हर कोई अचंभित है।अमरोहा जिले के हसनपुर नगर के मोहल्ला रहरा रोड शिव मंदिर के निकट स्वर्गीय गुलाब दास की 35 वर्षीय बेटी पूजा ने शनिवार देर शाम मकान की तीसरी मंजिल पर जाकर दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना परिजनों के द्वारा 112 डायल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतका दो भाई तथा दो बहनों में सबसे बड़ी थी। मृतक पूजा ने काफी समय से एक बिल्ली पाल रखी थी और बिल्ली के साथ ही उसका खाना पीना सोना होता था। तीन दिन पहले उसकी पालतू बिल्ली की मौत हो गई थी। बिल्ली के जिंदा होने की आस में पूजा उसे तीन दिन से अपने पास लेकर सोती रही। आखिर जब तीन दिन बाद भी बिल्ली की सांस नहीं चली तो उसने अपनी जान दे दी।

## हरदोई से हुई होली की शुरुआत, ककेड़ी गांव का 5 हजार साल पुराना मंदिर आज भी देता है गवाही



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है। यह हर साल पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इस रंग-बिरंगे उत्सव की शुरुआत कहां से हुई थी और इसके पीछे का इतिहास क्या है। होली का इतिहास बहुत पुराना है और इसे लेकर पौराणिक कथाएं भी बहुत दिलचस्प हैं। इस त्यौहार की शुरुआत उत्तर प्रदेश के हरदोई शहर से हुई थी। हरदोई के ककेड़ी गांव का 5000 साल से भी पुराना नृसिंह भगवान मंदिर, प्रहलाद घाट, हिरण्यकश्यप के महल का खंडहर, आज भी इसकी गवाही दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का पुराना नाम हरिद्रोही था। यह हिरण्यकश्यप की राजधानी थी। हिरण्यकश्यप एक राक्षस था और वह भगवान विष्णु का कट्टर शत्रु था। पौराणिक कथाओं के अनुसार हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु के खिलाफ कई जुल्म किए थे और भगवान से बदला लेने के लिए उसने कई साजिशें रचीं थीं। हिरण्यकश्यप के बेटे प्रहलाद ने भगवान विष्णु की भक्ति में अपना जीवन समर्पित किया।

## मस्जिद में बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में मौलवी पर मुकदमा

**पीलीभीत ।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक



मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था। मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उच्चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था।

विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की

# 300 वनडे मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बने


7.th

**दुबई(हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही वनडे में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कोहली का यह वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इस तरह वह भारत के लिए 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम रविवार को अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रही है। मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया है। भारतीय टीम बल्लेबाजी कर रही है। यह मैच पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए काफी खास है। यह मैच कोहली के करियर का 300वां वनडे मुकाबला है। वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। सातवें भारतीय खिलाड़ी बने कोहली-विराट कोहली 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 463 वनडे मैच खेले हैं। दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 347 वनडे मैच खेले हैं। राहुल द्रविड़ ने 340, मोहम्मद अजहरुद्दीन 334, सौरव गांगुली 308 और युवराज सिंह ने 301 वनडे मैच खेले हैं। अब इस खास सूची में कोहली का नाम भी जुड़ गया है। बीसीसीआई ने दी बधाई-कोहली को 300वां वनडे मैच खेलने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बधाई दी है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि विराट कोहली को उनके 300वें वनडे मैच के लिए बधाई। 2008 में श्रीलंका के खिलाफ किया था पदार्पण-विराट कोहली ने वर्ष 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में पदार्पण किया था। तब से इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। इस मैच से पहले कोहली ने 299 वनडे मुकाबले में 58.20 की औसत से 14 हजार 85 रन बनाए हैं। वनडे में


1.st सचिन तेंदुलकर / 2.st महेंद्र सिंह धोनी / 3.th राहुल द्रविड़ / 4.th मोहम्मद अजहरुद्दीन / 5.th सौरव गांगुली / 6.th युवराज सिंह

## धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना, IPL 2025 के लिए तैयारियां शुरू



**धर्मशाला।** आईपीएल के 2025 संस्करण को लेकर शैड्यूल जारी होने के बाद पंजाब किंग्स की टीम के खिलाड़ियों ने मैचों से पहले अभ्यास कर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने दोपहर बाद एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में अभ्यास कर खूब पसीना बहायापंजाब के खिलाड़ियों में प्रभ सिमरन सिंह, शशांक, भारतीय स्पिन गेंदबाजी के अनुभवी खिलाड़ी यजुवेंद्र चहल सहित करीब 10 खिलाड़ियों ने यहां अभ्यास किया। इस अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने पिच पर भी अभ्यास कर पिच का मिजाज जानने का प्रयास किया। इसके साथ ही एचपीसीए के खिलाड़ियों को भी पंजाब के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का मौका मिला। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र जारी रहेगा। वहीं इस सत्र के साथ ही पंजाब की टीम यहां अभ्यास मैच खेलेगी। हालांकि इन मैचों का आयोजन मौसम के हालात पर निर्भर करेगा, साथ ही यह मैच किसके साथ होगा, यह इसकी स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बता दें कि पंजाब किंग्स के लिए होम ग्राऊंड माने जाने वाले धर्मशाला स्टेडियम को इस साल 3 आईपीएल मैचों की मेजबानी मिली है।

## बल्लेबाज के तौर पर आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है: शेफाली



**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** दिल्ली कैपिटल्स ने घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर शानदार जीत के साथ डब्ल्यूपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बनाई, शेफाली वर्मा ने 43 गेंदों पर नाबाद 80 रन की मैच विजयी पारी पर विचार किया और कहा कि बल्लेबाज को हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, भले ही वह लगातार दो दिन खेल रहा हो। मेग लैनिंग की डीसी डब्ल्यूपीएल 2025 में प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई, जिसने मैच 14 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत ने 7 मैचों में 10 अंक और पांच शानदार जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। डेब्यूटेंट एन. चरानी और शिखा पांडे ने दो-दो विकेट चटकाए और घरेलू टीम को 20 ओवर में 147/5 पर रोक दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इसके बाद केवल 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें शेफाली वर्मा (नाबाद 80) और जेस जोनासेन (38 गेंदों पर नाबाद 61) ने 146 रनों की मैच विजयी साझेदारी की और शानदार जीत दर्ज की।

रोहित सेना के आगे न्यूजीलैंड ने भी टेक दिए घुटने

# भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** वरुण चक्रवर्ती के 5 विकेट की मदद से भारतीय टीम ने दुबई के मैदान पर न्यूजीलैंड को ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में 44 रन से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम अब अपने ग्रुप में पहले स्थान पर आ गई है जिससे उनका सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला तय हो गया है। मैच में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए श्रेयस अय्यर के 79, अक्षर पटेल के 42 तो हार्दिक पांड्या के 45 रन की बदौलत 249 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड की ओर से केवल केन विलियमसन ही सर्वाधिक 81 रन बना पाए। बाकी अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना पाए जिससे भारतीय टीम को शानदार जीत मिली। भारतीय स्पिनर वरुण वक्रवर्ती ने 42 रन देकर 5 विकेट लिए।

**वरुण चक्रवर्ती ने**

**05** विकेट की मदद से भारतीय टीम ने दुबई के मैदान पर न्यूज़ीलैंड को ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में 44 रन से हरा दिया।

- अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला
- श्रेयस अय्यर ने 79 रनों की शानदार पारी खेली
- हार्दिक पांड्या ने भी 45 रनों की पारी खेली

## भारत : 249/9 (50)

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शुभमन गिल दूसरे तो रोहित शर्मा (15) छठे ओवर में आऊट हो गए। 9वें ओवर में मैट हेनरी ने विराट कोहली (11) का विकेट निकाल दिया जिससे भारत का स्कोर 30 पर 3 विकेट हो गया। इसी दौरान श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल साथ जुटे। दोनों ने 98 रनों की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने 42 रन बनाए। श्रेयस 37वें ओवर में विलियम ओरूकी का शिकार हुए। उन्होंने 98 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 79 रन बनाए। इसके बाद के एल राहुल 23 तो रवींद्र जाडेजा 16 रन बनाकर आऊट हो गए। हार्दिक पंड्या ने 45 गेंदों में 4 चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन की पारी खेली और स्कोर 249 तक पहुंचा दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए।

## न्यूज़ीलैंड : 205 (45.3 ओवर)

न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही। रचिन रवींद्र महज 6 रन बनाकर हार्दिक का शिकार हो गए। 12वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने विल यंग की विकेट निकाली। क्रीज के एक कोने पर खड़े केन विलियमसन ने अर्धशतक लगाया। इस दौरान डेरिल मिचेल 17, टॉम लैथम 14 तो ग्लेन फिलिप्स 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। माइकल ब्रेसवेल ने भी 2 ही रन बनाए। वह वरुण वक्रवर्ती का तीसरा शिकार बने। केन विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए एकमात्र उम्मीद थी लेकिन वह 81 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार हो गए। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने पहले खतरनाक नजर आ रहे मिचेल सेंटनर को बोल्ड किया तो उसके बाद मैट हेनरी का विकेट निकाल दिया। इसी के साथ वरुण ने पारी में 5 विकेट पूरे कर लिए। इसके बाद कुलदीप ने विलियम को बोल्ड कर भारतीय टीम को जीत दिला दी। न्यूजीलैंड 205 रन पर सिमटी और भारत को 44 रन से जीत हासिल हुई।



**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती

**न्यूज़ीलैंड :** विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के



# विदर्भ पहली पारी में बढ़त के आधार पर बना रणजी ट्रॉफी चैंपियन

**नागपुर(आईएएनएस)।** विदर्भ ने रविवार को जामथा के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में फाइनल में केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त लेने के आधार पर रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह विदर्भ का तीसरा खिताब था और 2018-19 के बाद से पहला खिताब था जब उन्होंने लगातार जीत दर्ज की थी। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 375/9 रन बनाए थे और अंतिम दिन कुल 412 रनों की बढ़त बनायी जिसके बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलाकर ड्रा पर सहमति जताई। विदर्भ की पहली पारी की 37 रनों की बढ़त उनके लिए निर्णायक साबित हुई, जिसके बाद दानिश मालेवार ने 153 रनों की पारी खेली, जबकि फॉर्म में चल रहे करुण नायर ने पहली पारी में 86 रनों की पारी खेली, जब टीम 24/3 पर लड़खड़ा रही थी। गेंदबाजी में हर्ष दुबे, पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकांडे ने तीन-तीन विकेट चटकाए और केरल को 342 रनों पर रोक दिया, जिससे विदर्भ को फाइनल में बढ़त मिल गई, जिसने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाए। विदर्भ के दूसरे प्रयास में, पहली पारी के नायक दानिश मालेवार और करुण नायर ने वहीं से खेलना जारी रखा, जहां से उन्होंने छोड़ा था और फिर से टीम के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सलामी बल्लेबाज पार्थ रेखाड़े और ध्रुव शौरी के जल्दी आउट होने के बाद विदर्भ का स्कोर 7/2 था। हालांकि, मालेवार और नायर ने तीसरे विकेट के लिए 182 रनों की वापसी की साझेदारी की। मालेवार 73 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि नायर ने इस सत्र का अपना नौवां और टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरा शतक लगाया। नायर दो छक्कों और 10 चौकों की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुए। मध्यक्रम के तीन विकेट जल्दी-जल्दी खोने के बावजूद दर्शन नालकांडे और अक्षय कर्णेवार ने आठवें विकेट के लिए 48 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। नालकांडे 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कर्णेवार ने नेदुमानकुझी बेसिल की गेंद पर आउट होने से पहले 30 रन की पारी खेली। मालेवार को मैच में 226 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने 476 रन बनाने और 69 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता, जो टूर्नामेंट के इतिहास में एक सत्र में सबसे अधिक है। दुबे ने मैच की समाप्ति के बाद कहा, "यह सपना सच होने जैसा है। हम पिछले साल फाइनल हार गए थे।

> "यह सपना सच होने जैसा है। हम पिछले साल फाइनल हार गए थे। अक्षय भाई रिटायर हो रहे हैं, इसलिए उनके लिए यह बहुत बड़ी बात है। ऑफ-सीजन में मैंने अपनी फिटनेस और कौशल पर काम किया।
> **दुबे**

## मुझे पूरा यकीन है कि आर्चर टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं: मैकुलम

**कराची(आईएएनएस)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आगामी सत्र में देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं। 29 वर्षीय खिलाड़ी 2021 में अपने आखिरी टेस्ट मैच के बाद से अपनी कोहनी में बार-बार होने वाले तनाव फ्रैक्चर और पीठ के तनाव फ्रैक्चर से जूझ रहे हैं। 2019 एशेज में पदार्पण करने के बाद से 42 टेस्ट विकेट लेने के बाद, उन्होंने मार्च 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, लेकिन कोहनी में तकलीफ का अनुभव किया, जिससे वे मई 2024 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हो गए। मैकुलम ने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम हमेशा जोफ के साथ सही व्यवहार करें और इसमें शामिल जोखिमों को समझें, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं।" "अगर आप उसे तेज गेंदबाजों की उस टीम में शामिल कर सकते हैं जिसे आप बनाने की कोशिश कर रहे हैं, तो इससे टीम और मजबूत होगी। कुल मिलाकर, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि जॉफ किस स्थिति में है और उसे इस समय चोट से मुक्त होकर खेलते हुए देखना बहुत अच्छा है मैं इसके बाद कुछ खिलाड़ियों के साथ बैठकर उनकी महत्वाकांक्षाओं पर काम करूंगा।



## शोधकर्ताओं ने हासिल की डार्क मैटर की खोज में नई सफलता

**टोक्यो(आईएएनएस)।** वैज्ञानिकों की एक टीम ने डार्क मैटर की खोज में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस टीम ने नई स्पेक्ट्रोग्राफी तकनीक और चिली में स्थित मैगलन क्ले टेलीस्कोप का उपयोग करके दो आकाशगंगाओं, लियो वी और टुकाना I से आने वाले प्रकाश का निरीक्षण किया। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर वेन यिन के नेतृत्व में यह शोध हुआ। वैज्ञानिकों ने इस अवलोकन में स्पेक्ट्रम के इंफ्रारेड रीजन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।शोधकर्ताओं ने केवल चार घंटे के अवलोकन के बाद इन्फ्रारेड लाइट से डार्क मैटर के बारे में पता लगाया है कि यह कितने समय तक रह सकता है। उनके शोध परिणामों को "फिजिकल रिव्यू लेटर्स" जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि नई तकनीक ने उन हिस्सों में खोज को बढ़ाया है जिनका अब तक कम अध्ययन हुआ था। यह शोध ब्रह्मांड विज्ञानियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि वे लंबे समय से ब्रह्मांड में मौजूद असंगतियों को समझने की कोशिश कर रहे थे।

## पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**शेयर बाजार में धोखाधड़ी का आरोप**

**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच और 5 अन्य के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश, शशिकांत एकनाथराव बांगड़ ने पारित आदेश में कहा, नियमों में चूक और मिलीभगत के प्राइम फेसी सबूत हैं, जो एक निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी, और 30 दिनों के भीतर मामले की स्थिति रिपोर्ट मांगी। अदालत के आदेश में यह भी जिक्र किया गया कि आरोप एक संज्ञानीय अपराध की ओर इशारा करते हैं, जिसके लिए जांच की दरकार है। कोर्ट ने कहा, कानून प्रवर्तन (एजेंसियों) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

## कोयला खदान नीलामी पर तीसरा रोड शो गांधीनगर में होगा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए केंद्रीय कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में आगामी नीलामी और निवेश के अवसरों पर सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में रोड शो आयोजित कर रहा है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के कोयला खनन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के लिए उद्योग के हितधारकों, संभावित निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है। केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रूपिंदर बरार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी नीलामी प्रक्रिया, निवेश परिदृश्य और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने वाली सरकार की पहल के बारे में जानकारी देंगे। कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो की एक सीरीज के जरिए हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। गांधीनगर रोड शो आगामी 12वें राउंड की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी से पहले हो रहा है। नीलामी मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। यह आयोजन घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए कोलकाता और मुंबई में पहले आयोजित सफल रोड शो के बाद हो रहा है। प्रतिभागियों को कोयला ब्लॉकों की उपलब्धता, निवेश के अवसरों और भारत के कोयला उद्योग में व्यापार करने में आसानी के बारे में जानकारी मिलेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, एक्सपर्ट कोयला टेक्नोलॉजी में एडवांसमेंट, सस्टेनेबिलिटी उपायों और नीतिगत सुधारों में प्रगति को भी उजागर करेंगे।

# 'एफआईआई' नहीं, घरेलू निवेशक तय करेंगे भारत का भविष्य : पीयूष गोयल

*म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) करीब **70 लाख करोड़ रुपये** हैं और जल्द ही **100 लाख करोड़ रुपये** हो जाएंगी, जो बाजार पर हावी होंगी।*
केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**मुंबई(आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा कि भारत का भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) नहीं, बल्कि घरेलू निवेशक तय करेंगे। उन्होंने इंडस्ट्री से छोटे निवेशकों के किया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) करीब 70 लाख करोड़ रुपये हैं और जल्द ही 100 लाख करोड़ रुपये हो जाएंगी, जो बाजार पर हावी होंगी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) समिट 2025 में अपने संबोधन के दौरान गोयल ने कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित किया है और उद्योग और निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाकर भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्री ने कोविड के बाद एफआईआई द्वारा पैदा की गई कमी को पूरा करने के लिए घरेलू निवेशकों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा, "घरेलू निवेशकों के साथ-साथ एसआईपी जैसे निवेश के तरीकों ने बाजार को सहारा दिया। उन्होंने देश के हर हिस्से में वित्तीय जागरूकता और वित्तीय उत्पादों को फैलाने में मदद की।" गोयल ने कहा कि बाजार की एकतरफा राह पर चलने की कभी न खत्म होने वाली क्षमता के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं जारी हुई हैं। उन्होंने शेयर बाजार की अनिश्चितता को इंडस्ट्री और उसके छोटे निवेशकों के लिए एक वेक-अप कॉल बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एएमएफआई को भी गुमराह निवेशकों को बाकी लोगों से अलग कर अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होना चाहिए।




## एआई युग में भारत रहेगा सबसे आगे : पीयूष गोयल

**मुंबई(आईएएनएस)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार की दमदार नीतियों के कारण उद्यमियों और इनोवेटर्स को नई डिजिटल लहर का लाभ उठाने में मदद मिलेगी, जिससे भारत एआई युग में सबसे आगे रहेगा। मुंबई टेक वीक 2025 में अपनी बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, पूंजी और कौशल उपलब्धता में किए जा रहे निवेश के साथ मुंबई भारत का टेक हब बन सकता है।" उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक राजधानी में एक प्रमुख टेक हब बनने के लिए सभी जरूरी तत्व मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मुंबई टेक वीक 2025 में शानदार बातचीत हुई, जहां मुझे एआई को अपनाने और इसके नैतिक उपयोग में योगदान देने में भारत के लाभ के बारे में विस्तार से बोलने का मौका मिला।"

# झारखंड के बुनकरों व किसानों की आमदनी बढ़ाने पर दें जोर : गिरिराज

- *री-साईकल्ड वस्त्रों के प्रभावी उपयोग से कृषकों एवं बुनकरों को आय बढ़ाने में मदद मिलेगी*
- *झारखंड में तसर रेशम उद्योग की अपार संभावनाएं हैं*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को रांची का दौरा किया एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड-सीटीआरटीआई रांची, एनएचडीसी, डब्ल्यूएससी व हस्तशिल्प रांची की समीक्षा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के बुनकरों और किसानों के लाभ के लिए समावेशी, क्षेत्र उन्मुख, सतत विकास के निर्देश दिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि झारखंड में तसर रेशम उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग से जुड़े बुनकरों एवं कृषकों की आमदनी बढ़ाने पर और अधिक प्रयास की आवश्यकता है।

तसर रेशम उद्योग आदिवासी एवं ग्रामीणों को प्रमुखता से आजीविका प्रदान करने वाला एक प्रमुख आय का स्त्रोत है। तसर रेशम उद्योग साढ़े तीन लाख से अधिक परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं और आदिवासियों के लिए आजीविका प्रदान करता है, जिनमें से 2.22 लाख लोग सिर्फ झारखंड के हैं। मंत्री ने कहा कि झारखंड में तसर रेशम के खाद्य पौधे अर्थात अर्जुन/आसन एवं साल के वृक्षों की उपलब्धता है। तसर रेशम कपड़े की गुणवत्ता अद्वितीय है एवं इसके उत्पाद पर्यावरण हितैषी हैं, जो वन रोपण को संरक्षण एवं बढ़ावा देता है।

मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर वस्त्र उद्योग एवं समग्र रेशम उद्योग से जुड़े अधिकारियों एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड-सीटीआरटीआई रांची के निदेशक डॉ जयप्रकाश पांडेय के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड वस्त्र उद्योग, तसर रेशम उत्पादन एवं इनके उप-उत्पादों, री-साईकल्ड वस्त्रों के प्रभावी उपयोग से कृषकों एवं बुनकरों को आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### निदेशक ने भावी योजना की दी जानकारी

निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने तसर रेशम उत्पादन विकास को समर्पित संस्थान के शोध एवं विस्तार गतिविधियों एवं भावी योजना के बारे में बताया। मंत्री ने केंद्रीय रेशम बोर्ड-सीटीआरटीआई रांची में तसर रेशमकीट पालन के प्रायोगिक परीक्षण के लिए उच्च घनत्व वाले अर्जुन और आसन के पौधों के संयुक्त प्लांट के विकास करने एवं शहतूत रेशम की तरह अर्जुन और आसन के पौधों के रोपण का पैकेज तैयार करने सुझाव दिया। इसके साथ ही तसर रेशमकीट के वर्ष में तीन-चक्र का अन्तः कीटपालन परीक्षण अलग-अलग तरीकों से ट्रे, टहनी आदि विधियों का उपयोग करके किए जाने का सुझाव दिया।

# एसीएस ने सरकार से बैकलॉग पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने झारखंड में 2 लाख से अधिक बैकलॉग पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में हुआ, जिसमें छात्रों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। विरोध प्रदर्शन मार्च आदिवासी कॉलेज छात्रावास करमटोली से जेल चौक तक गया। आदिवासी छात्र संघ कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक सप्ताह के भीतर छात्रों और संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता नहीं की, तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार सभी बैकलॉग पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं कर लेती। संघ के नेताओं ने कहा कि झारखंड की पहचान आदिवासी समाज से जुड़ी हुई है, लेकिन शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सरकार की अनदेखी के कारण आदिवासी युवा पिछड़ते जा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में सुमित उरांव, मनोज उरांव, विवेक तिर्की, राजू उरांव, भुवनेश्वर मुंडा, प्रदीप उरांव, अमित तिग्गा, मंगल उरांव, महादेव उरांव, आनंद, मोनू, प्रदीप उरांव सहित बड़ी संख्या में छात्र भी शामिल थे। सबने बैकलॉग भर्ती की मांग को दोहराया।

# भाजपा विधायक नेता प्रतिपक्ष चुनें या सामूहिक इस्तीफा दें : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा देश के लोकतंत्र और संघीय ढांचा पर चोट करना चाहती है। सदन में विपक्ष की उपस्थिति के बावजूद नेता प्रतिपक्ष की गैर मौजूदगी में बजट पेश किया जाएगा। सुप्रियो ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के विधायकों से कहा है कि वह अपना नेता चुने नहीं तो सामूहिक इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि सोमवार को हेमंत सरकार का बजट पेश होगा, उम्मीद है कि भाजपा विधायक इससे पहले अपना नेता प्रतिपक्ष चुन लेंगे।

झामुमो प्रवक्ता ने आगे कहा कि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखना भाजपा नहीं चाहती। यही वजह है कि देश ने एक साथ 150 सांसदों का निलंबन देखा। दो-दो लोकसभा सांसदों की सदस्यता जाते देखी। जनादेश आ जाने के बावजूद झारखंड में भाजपा ने विपक्ष का नेता तय नहीं किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार जनादेश का पूरा सम्मान करते हुए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है।

सुप्रियो ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं हो पा रहा है। सरकारी आयोग का गठन नहीं हो पा रहा है, समितियों, नियुक्तियां से संबंधित संवैधानिक कर्तव्यों को नहीं पूरा किया जा सकता। यह अजीब विडंबना है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाने के पीछे भाजपा का उद्देश्य धीरे-धीरे लोकतंत्र को समाप्त करना और देश में एक दलीय व्यवस्था को बहाल करना है। लेकिन भारत का संविधान इसकी इजाजत नहीं देगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदन के अंदर नहीं बोलते। सदन की कार्यवाही के बाद बाहर आकर बोलते हैं। यह कितना अजीब है। भाजपा नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष को लेकर गंभीर नहीं है।

### हेमंत सरकार का आज 3डी बजट पेश होगा



झामुमो नेता सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सरकार का बजट 3डी होगा। यह समृद्धि, खुशहाली और विकसित झारखंड निर्माण का बजट होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, किसान, मजदूर, इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी के विकास पर फोकस रहेगा।

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा का चुनाव 23 मार्च को

**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के चुनाव के लिए मतदान मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में 23 मार्च को होगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इस दौरान मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के लगभग 1600 सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस संबंध में मुख्य चुनाव पदाधिकारी राधेश्याम शर्मा ने रविवार को चुनाव के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए चार से सात मार्च, नामांकन पत्र की जांच सात मार्च को होगी। साथ ही उम्मीदवारों की प्रथम सूची आठ मार्च को जारी होगी। नामांकन वापसी नौ से 12 मार्च तक होगा। उम्मीदवारों कि अंतिम सूची 13 मार्च और मतदान 23 मार्च को होगी। कार्यालय में नामांकन फार्म लेने एवं देने का समय सुबह 10 बजे से अपराहन चार बजे तक रहेगा।

### भाजपा ने की स्वास्थ्य मंत्री के बयान की कड़ी आलोचना

# स्वास्थ्य विभाग को आईसीयू में पहुंचाने वाले कैग रिपोर्ट पर उठा रहे हैं सवाल : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हाल ही में जारी कैग रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि स्वतंत्र भारत में कैग प्रशासनिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी होगा और यह संस्थान लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक अटूट दीवार साबित होगा। वर्षों बाद यह बात सत्य सिद्ध हुई, जब 2012 में कैग ने यूपीए सरकार की सच्चाई जनता के सामने उजागर की।

अजय साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कैग रिपोर्ट की जांच कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत कैग को पूरे देश के खातों की जांच का अधिकार सौंपा गया है, लेकिन अब झारखंड में एक मंत्री ही इस संस्था के रिपोर्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार के मंत्री खुद को संविधान से भी ऊपर समझने लगे हैं।

श्री साह ने आगे कहा कि कांग्रेस-जेएमएम के नेता समय के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं। जब कोई फैसला उनके पक्ष में आता है, तो वे इसे लोकतंत्र की जीत बताते हैं, लेकिन जब फैसला उनके खिलाफ जाता है, तो वे इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की यह प्रवृत्ति पहले चुनाव आयोग, फिर सुप्रीम कोर्ट और अब कैग तक पहुंच चुकी है।

श्री साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें कैग रिपोर्ट की जांच करने के बजाए अपने विभाग की जांच करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग गंभीर संकट में है और मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री ने इसे आईसीयू में पहुंचा दिया है। कहीं ऐसा ना हो कि हमेशा विवादित बयान देने वाले बड़बोले स्वास्थ्य मंत्री जी अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री जी के लिए और सर दर्द बन जाए।



*कैग रिपोर्ट की जांच करने के बजाए अपने विभागों की जांच करें स्वास्थ्य मंत्री*

## केंद्रीय सरना समिति का विस मार्च 24 को

**रांची।** मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में संयुक्त संगठनों की बैठक रविवार को हुई। इसमें केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने अध्यक्षता करते हुए झारखंड क्रांति सेना नामक संगठन के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संगठन के द्वारा 24 मार्च को विधानसभा तक मार्च किया जाएगा। लोग हरमू मैदान में जुटेंगे और प्रभात तारा मैदान पहुंचकर विधानसभा तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य की जीएसटी का हिस्सा एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया रखा है। इससे झारखंड का विकास प्रभावित हो रहा हैं। साथ ही आदिवासी-मूलवासियों का विकास बाधित कर दिया गया है। इसके माध्यम से बकाया राशि के भुगतान कराने की मांग की जाएगी। जानकारी दी गई कि नए संगठन के झंडा का रंग तय कर दिया गया है, जिसकी घोषणा उत्तम यादव की उपस्थिति में की गई। मौके पर करीब खान, समी खान, बबलू खान, आर्यन मेहता, दीपक साहू, संजय गिरी, धीरेंद्र गोप, अमित रंजन सहित कई लोग मौजूद थे।

# जलवायु परिवर्तन पर लचीली रणनीति बनाने पर जोर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से काउंसिल फॉर साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन व उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार से प्रायोजित- जलवायु लचीलापन और भारत झारखंड के विशेष संदर्भ में, विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन तकनीकी सत्र में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में वैज्ञानिक और आईएमडी रांची के प्रमुख डॉ अभिषेक आनंद मौजूद थे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन का भारत पर प्रभाव पर बात की। कहा कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या से निपटने के लिए केंद्र और झारखंड सरकार को लचीली रणनीतियां स्थानीय जरूरत को ध्यान में रखकर बनाने की आवश्यकता है। विषय विशेषज्ञ डॉ देशराज ठाकुर- जीव विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, ने ऑनलाइन मोड में जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और संधारणीयता विषय के अंतर्गत जैव विविधता को चुनौती देनेवाले जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, पिघलते ग्लेशियर प्राणियों के प्राकृतिक आवास का विध्वंस, जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात की। संगोष्ठी में स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राओं ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उपनिदेशक विभा पांडेय मौजूद थीं। प्राचार्या डॉ सिस्टर ज्योति ने कहा कि संगोष्ठी में हुई गहन चर्चा से निकले सुझाव स्वस्थ वातावरण और सुंदर भविष्य निर्माण में सहायक होंगे। विभा पांडे ने कहा कि संगोष्ठी में स्नातक की छात्राओं को शोध पत्र प्रस्तुत करते देखकर बहुत खुशी हुई है। कहा कि कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार से युवाओं के क्षमता विकास में सहायता मिलेगी। डॉ एम्मा सेराफिम ने संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संगोष्ठी में 112 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। संचालन डॉ ज्योति प्रसाद और डॉ अंजली स्मिता ने किया।

# जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य : कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (हि.स.)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सरकार और संगठन में समन्वय के लिए लगातार जूम मीटिंग कर रहे हैं। ताकि संगठन और सरकार के तालमेल से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद जनता को समय पर पहुंचाई जा सके। इसी क्रम में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ क्रमशः जूम मीटिंग कर विभाग की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की पूरी योजना का रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के राजू के छह मार्च के झारखंड आगमन को लेकर सभी बोर्ड निगम के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक कर उन्हें जिलावार जिम्मेवारी भी दी है। शाहदेव ने बताया कि जिलावार बनायी गयी समिति के सदस्य प्रदेश प्रभारी के जिला दौरा से पूर्व अपने-अपने जिलों में जाकर कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेने और सलाह देने को कहा गया है।

इसे लेकर रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यान्वयन समिति की हुई, जिसमें छह से 10 मार्च तक के कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गयी और कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए निर्देश दिया। बैठक में कार्यान्वयन समिति के समन्वयक नागेंद्र कुमार, सदस्य डॉ राजेश गुप्ता, आलोक कुमार दूबे, कामेश्वर गिरि, सुरेन राम, जितेन्द्र त्रिवेदी, अख्तर अली सहित अन्य शामिल हुए।





*झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवान ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।*

## आजसू पार्टी की कार्यशाला 9 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो की अध्यक्षता में हुई। वहीं पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। बैठक को डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर आदि ने संबोधित किया। बैठक में तय किया गया कि 9 मार्च को रांची में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रखंड प्रभारियों को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी के लिए प्रमंडल एवं जिला प्रभारियों की सूची घोषित की गई। प्रमंडल प्रभारी डॉ देवशरण भगत (संयोजक), राजेंद्र मेहता व रामलखन साह (सहसंयोजक), रांची जिला राजेंद्र मेहता (संयोजक), संजय महतो (जिलाध्यक्ष), संजय महतो (सोनाहातू), प्रत्यूष प्रशांत, राजकिशोर महतो, डॉ पार्थ परितोष, राजकिशोर कुशवाहा।

# लोगों की समस्या के समाधान का प्रयास करें कार्यकर्ता : राजद

- *रंजन यादव ने कहा सभी जिलाध्यक्षों को एक बूथ पच्चीस यूथ का नारा देकर सदस्यता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे लोगों के बीच रहकर उनके सुख-दुख में शामिल हों। उनकी समस्याओं को सुनें और समाधान का प्रयास करें। सदस्यता अभियान को लेकर रविवार को उन्होंने पार्टी मुख्यालय में सभी जिलाध्यक्षों संग एक समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने प्रेस वार्ता भी की। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों को एक बूथ पच्चीस यूथ का नारा देकर सदस्यता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया।

रंजन यादव ने कहा कि हर वर्ग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और हर बूथ पर 25-25 युवाओं का टीम बनाने का काम करें। प्रखंड स्तर पर सदस्यता अभियान में तेजी लाएं। ऐसा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारधारा एवं नीतियों और तेजस्वी यादव के कार्यों को अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा। बैठक में उपस्थित सभी जिलाध्यक्षों से चल रहे सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी भी ली गई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों में प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी अनीता यादव, वरिष्ठ नेता संजय रंजन, धनबाद जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, लातेहार जिलाध्यक्ष दीपक यादव, रांची जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह, रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार, सलीम जावेद, गुलशन खातून, बिनोद भोक्ता, जफीर खान, क्षितिज मिश्रा, अजय यादव, पूनम देवी, गायत्री देवी, रघुनाथ राणा, अभिराज राय, कमलेश यादव, फरहान खान, ललन यादव, उपेंद्र यादव, सोनू कुमार, विक्की यादव, समीर सिंह, प्रवीण कुमार, रीतेश पासवान, संतोष कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बीआईटी मेसरा का सांस्कृतिक उत्सव बीटोत्सव 20 मार्च से

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बीटोत्सव-2025, का आयोजन इस वर्ष 20-23 मार्च तक होगा। इसमें हर वर्ष देशभर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 15,000 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं, इस वर्ष भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे। इस वर्ष के लिए थीम 7 मार्च को जारी किया जाएगा। पिछले वर्ष के लिए थीम- माटी था। इस आयोजन में कई सांस्कृतिक और तकनीकी कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक संध्या में बड़े कलाकारों के आने की संभावना है। इससे पहले बीटोत्सव के पिछले संस्करणों में मोहित चौहान, सुनिधि चौहान, पापोन, मोनाली ठाकुर जैसे प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी थीं।

# माटी की गूंज कार्यक्रम में मंच पर एक साथ उतरी 3राज्यों की कला-संस्कृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आड्रे हाउस में रविवार को माटी की गूंज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें तीन राज्यों की कला-संस्कृति और आदिवासी परंपरा की झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़, ओड़िशा और झारखंड के जन संगठनों से जुड़े कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में जन गीतों का भी लोकार्पण भी किया गया। साथ ही ओपन थियेटर में नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति हुई। अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा आदिवासी व्यंजन, आदिवासी कला, संस्कृति पर आधारित करीब 10 स्टॉल व प्रदर्शनी भी लगाई गई।




पूरे आयोजन स्थल को आदिवासी कलाकृति व सामग्रियों से सजाया गया था।

मौके पर प्रफुल्ल सामंता, त्रिलोचन पूंजी भाई, आनंत भाई, उदीयार सिंह, जेरोम जेराल्ड कुजूर, अब्राहम कुजूर, निलिया किस्पोट्टा, रोज खाखा, वंदना टेटे, प्रो अरुण तिग्गा, डॉ कार्लिनियुस मिंज, डॉ अलबिना जोजो, राकेश रोशन किड़ो, रेश्मा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## बकाया राशि नहीं मिलने पर आंदोलन की तैयारी में पीडीएस डीलर

**रांची।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन की राज्य इकाई फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने राज्य और केंद्र सरकार से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की लंबित राशि का जल्द भुगतान करने की मांग की है। यह मांग राज्य इकाई की प्रदेश कार्य समिति के सभी जिला कमेटियों और प्रखंड कमेटियों के साथ डोरंडा शिशु सदन में हुई बैठक में की गई। इसमें केंद्र की निःशुल्क खाद्य सुरक्षा योजना पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी को जनहित में बताते हुए प्रदेश कमेटी ने इसका स्वागत करते हुए इसे मूल्य आधारित योजना के रूप में लागू करने की मांग की। यह भी कहा कि यदि मांगों को समय पर पूरा नहीं किया गया तो राज्य के 25 हजार डीलर आंदोलन को बाध्य होंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड-बिहार का मोस्ट वांटेड...**

किया। गिरफ्तार उग्रवादी और उसकी निशानदेही पर बरामद हथियारों में एम-16 एआई (अमेरिकन) राइफल, एसएलआर राइफल, .315 बोर की दो देशी निर्मित राइफल, 7.62 एमएम और 7.65 एमएम के देशी पिस्टल, तीन नाइन एमएम पिस्टल, एक देशी कट्टा, नाइन एमएम की 4597 जिंदा गोलियां, एम-16 की 90 गोलियां, .315 एमएम की 100 गोलियां समेत अन्य हथियार शामिल हैं।

एसपी विकास पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई जारी है और प्रतिबंधित संगठनों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

एक मार्च को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी संगठन का कुख्यात उग्रवादी रीजनल कमांडर आक्रमण बिहार से झारखंड होते हुए पलामू जाने वाला है। एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया और अभियान के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में चतरा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, हंटरगंज थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा, सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक, सब इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र और जिला बल के जवान शामिल थे।

# हरदोई के पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने माउंट केन्या पर फहराया तिरंगा

## स्थापित किया नया कीर्तिमान




**हरदोई (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान स्थापित कयिा है। माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले वह पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। इस अद्भुत उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने गांव, जिले और देश का नाम रोशन किया है। यह सफर उनकी कड़ी मेहनत, साहस और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया है। अभिनीत मौर्य ने 26 फरवरी को दिल्ली से नैरोबी के लिए उड़ान भरी थी। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने माउंट केन्या नेशनल पार्क में चढ़ाई के लिए अनुमति ली और 27 फरवरी को चढ़ाई की शुरुआत की। पर्वतारोहण के दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और 1 मार्च की सुबह 7:20 बजे माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय तिरंगा फहरा दिया। इससे पहले अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत किलिमंजारो और माउंट एवरेस्ट जैसी चोटियों पर भी भारतीय ध्वज फहराया था। माउंट केन्या की चढ़ाई को भी उन्होंने पूरी साहसिकता और दृढ़ता के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया। इस चढ़ाई के दौरान उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए एक बैनर भी फहराया, जिससे उन्होंने प्रकृति की रक्षा की महत्ता को लोगों के सामने रखा। अभिनीत का यह सफर न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके गांव और देश के लिए भी गर्व का विषय बन गया है। हरदोई जिले के कोथावां विकास खंड के सांता आंट सांट गांव के निवासी अभिनीत ने कछौना के आश्रम पद्धति कॉलेज से इंटर की शिक्षा ली है।

### रक्षा राज्य मंत्री ने विवेकानंद सेवा सम्मान समारोह में लिया भाग

# भारत को दबाना या झुकाना संभव नहीं है : संजय सेठ

**कोलकाता (हि.स.)**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि भारत आज सामरीक रूप से इस हद तक सशक्त हो चुका है कि इसे दबाना, झुकाना या आंख दिखाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। कुछ सालों पहले तक हमारी सेना के पास पर्याप्त हथियार ओर अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हुआ करते थे, लेकिन पिछले करीब एक दशक में हालात तेजी से बदले हैं। आज न सिर्फ हमारी सेना पूरी तरह आत्मनिर्भर है, बल्कि हम दुनिया के करीब सौ देशों को हथियार मुहैया कराने में सक्षम हैं।यह बात उन्होंने रविवार को कोलकाता के रथीन्द्र मंच में श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के तत्वावधान में आयोजित विवेकानंद सेवा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक ऐसा महा आयोजन था, जिसने सनातन संस्कृति की विशिष्टताओं को दुनिया भर के समक्ष महमामंडित किया। महाकुंभ में किसी प्रकार का भेदभाव नजर नहीं आया। समाज के हर तबके के लोगों ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 में विकसित और दुनिया के सिरमौर के रूप में ही भारत अपनी आजादी के सौ वर्ष पूर्ण करेगा। समारोह में भारत सेवाश्रम संघ, बेलडांगा के संत स्वामी प्रदीप्तानंद उपाख्य कार्तिक महाराज को विवेकानंद सेवा सम्मान से नवाजा गया। सम्मान के तौर पर उन्हें एक लाख रूपये के चेक व मानपत्र प्रदान किया गया। सम्मान पाकर अपने उदगार व्यक्त करते हुए कार्तिक महाराज ने कहा कि इस सम्मान ने मुझे अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति और अधिक सचेत कर दिया है। ऐसे सम्मान समाज के प्रति और अधिक दायित्ववान होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने धर्मांतरण को गंभीर समस्या बताते इसके निदान का उपाय करने एवं पिछड़ों और आदिवासियों के उत्थान के सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प व्यक्त किया।



**हिंदू संस्कृति इतिहास से भी प्राचीन है**

मुख्य वक्ता जाने-माने पत्रकार बलवीर पुंज ने कहा कि भारत में सिर्फ हिंदू ही हैं। एक वर्तमान और दूसरी पूर्व हिन्दू। अगर हममें से एक पूर्व हिन्दू बन जाता है तो न सिर्फ हमारी एक संख्या कम हो जाती है, बल्कि हमारा एक शत्रु भी बढ़ जाता है। हिंदू संस्कृति इतिहास से भी प्राचीन है, इसलिये चिरस्थायी है। समारोह में सुप्रसिद्ध आयकर सलाहकार सज्जन तुलस्यान, उद्योगपति सज्जन भजनका, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण भाला, कुमारसभा के अध्यक्ष महाबीर प्रसाद बजाज, अरुण प्रकाश मल्लावत व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन डा. तारा दुग्गड़ ने किया।

## गाजा में सभी सहायता आपूर्ति पर इजरायल ने लगाई रोक



**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायल ने रविवार घोषणा की कि वह गाजा पट्टी में सभी वस्तुओं की आपूर्ति पर रोक लगा रहा है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से एक बयान जारी कर इस संबंध में जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया, "बंधक समझौते के पहले चरण की समाप्ति और वार्ता जारी रखने के लिए विटकॉफ प्रस्ताव [जिस पर इजरायल सहमत था] को स्वीकार करने से हमास के इनकार के बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फैसला किया कि रविवार सुबह से गाजा पट्टी में सभी सामानों और आपूर्ति का प्रवेश बंद हो जाएगा। इससे पहले इजरायल ने कहा कि वह संघर्ष विराम के पहले चरण को रमजान और पासओवर [यहूदी त्योहार] या 20 अप्रैल तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करता है। उसने कहा कि यह प्रस्ताव ट्रंप प्रशासन के मध्यपूर्व दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत हमास पहले दिन आधे बंधकों को रिहा कर देगा और शेष को तब रिहा करेगा जब स्थायी युद्धविराम पर समझौता हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास के एक अधिकारी ने कहा कि 'स्थिरता प्राप्त करने' का एकमात्र तरीका युद्ध विराम प्रक्रिया के दूसरे चरण को पूरा करना है, जिसमें इजरायल को गाजा से स्थायी रूप से हटना है और शत्रुता समाप्त करनी है।

### चमोली हिमस्खलन

## मृतकों की संख्या हुई सात, आखिर श्रमिक की तलाश में अभियान जारी

**चमोली (आईएएनएस)**



उत्तराखंड के माना क्षेत्र में चमोली में हुए हिमस्खलन में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। बचाव अधिकारियों ने रविवार को तीन और शव निकाले। इस बीच, आखिरी लापता श्रमिक की तलाश जारी है। हिमस्खलन में फंसे 55 लोगों में से 46 को बचा लिया गया है जबकि सात के शव बरामद हुए हैं। एक मजदूर खुद सुरक्षित अपने घर पहुंच गया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह आपदा परिचालन केंद्र का दौरा किया और चमोली में चल रहे बचाव कार्यों की निगरानी के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की।

रविवार सुबह मौसम साफ होने के बाद बचाव कार्य फिर से शुरू हो गया, जिससे अभियान में शामिल टीमों को खोजबीन तेज करने में मदद मिली। अभियान में सहायता के लिए हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। शुक्रवार सुबह माना गांव में हुए हिमस्खलन में 55 मजदूर फंस गए थे। सेना, आईटीबीपी, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के त्वरित और समन्वित प्रयासों से 46 मजदूरों को बचा लिया गया। हालांकि, सात मजदूरों की जान चली गई और एक अभी भी लापता है। बचाव अभियान में मदद के लिए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर), थर्मल इमेजिंग कैमरे और पीड़ित-स्थान निर्धारण कैमरों सहित उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा, "आज (रविवार) का साफ मौसम हमारे पक्ष में है, लेकिन कल (सोमवार) के लिए हाई अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। ऊंचाई वाले इलाकों में काम करने वालों को बर्फबारी और हिमस्खलन की उच्च आशंका के कारण काम रोकने की सलाह दी गई है।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या में दोहराव का मतलब डुप्लीकेट

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के मतदाताओं के समान मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) संख्या होने के मुद्दे को उठाया गया है। लेकिन समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। ईपीआईसी नंबर के बावजूद कोई भी मतदाता अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्दिष्ट मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है।

## ट्रंप के रिसॉर्ट के पास प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में तीन विमानों की एंट्री, मचा हड़कंप

● **तीन नागरिक विमानों ने एयर स्पेस का उल्लंघन किया जिन्हें एफ-16 लड़ाकू विमानों कथित तौर क्षेत्र से बाहर किया**

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा रिसॉर्ट मार-ए-लागो के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि तीन नागरिक विमानों ने एयर स्पेस का उल्लंघन किया जिन्हें एफ-16 लड़ाकू विमानों कथित तौर क्षेत्र से बाहर किया। हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान (एनओआरएडी) ने तुरंत लड़ाकू विमानों को सिविलियन एयरफ्राट्स को क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए भेजा। ये घटनाएं सुबह 11:05 बजे, दोपहर 12:10 बजे और दोपहर 12:50 बजे हुईं, हालांकि हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। इस तरह के उल्लंघन की यह पहली घटना नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में ऐसी घटनाएं अक्सर रिपोर्ट की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हवाई क्षेत्र उल्लंघन इस क्षेत्र में एक पैटर्न बन गए हैं। कई महत्वपूर्ण तिथियों के आसपास उल्लंघन हुए। उदाहरण के लिए, 15 फरवरी को दो उल्लंघन की सूचना मिली, और एक अन्य उल्लंघन 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर हुआ।

एनओआरएडी ने इन उल्लंघनों के लिए हुए लड़ाकू विमानों को तैनात किया, जिसमें फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया। फ्लेयर्स का इस्तेमाल आम तौर पर विमानों को बिना किसी नुकसान के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए किया जाता है। ये घटनाएं मार-ए-लागो जैसे हाई-प्रोफाइल स्थानों के आस-पास हवाई क्षेत्र प्रबंधन में चल रही सुरक्षा चिंताओं को उजागर करती हैं।

## सरकारी सर्वे में 80% से अधिक लोगों ने मृत्युदंड का किया समर्थन

**टोक्यो (आईएएनएस)**



जापान में एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, 80 प्रतिशत से अधिक जापानी लोग मृत्युदंड का समर्थन करते हैं। मौत की सजा का समर्थन करने वालों का इस प्रणाली का अस्तित्व बने रहना जरूरी है।
प्रमुख समाचार पोर्टल क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह सर्वेक्षण हर पांच साल में आयोजित किया जाता है। लगातार पांचवीं बार सरकारी सर्वेक्षण में मृत्युदंड का समर्थन में 80 प्रतिशत से अधिक रहा। हालिया सर्वे में, मृत्युदंड के लिए समर्थन 2019 में किए गए पहले सर्वेक्षण की तुलना में 2.3 अंकों की वृद्धि के साथ 83.1 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसी समय, मृत्युदंड को खत्म करने का समर्थन करने वाले लोगों के प्रतिशत में 7.5 अंकों की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जो 16.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

66.2 प्रतिशत लोगों के लिए मृत्युदंड के समर्थन का मुख्य कारण हिंसक अपराध के शिकार पीड़ित और उनके परिवारों के प्रति चिंता थी। 55.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि हिंसक अपराधों की कीमत जान देकर चुकाई जानी चाहिए। 53.4 फीसदी ने कहा कि मृत्युदंड हटाए जाने से जघन्य अपराधों में वृद्धि होगी। दूसरी ओर, मृत्युदंड को समाप्त करने के पक्ष ले रहे लोगों का बड़ा हिस्सा, [जिसमें 71 प्रतिशत लोग शामिल थे], ने तर्क दिया कि मृत्युदंड के मामले में यदि गलती हुई तो इसे सुधारा नहीं जा सकता। कई लोगों ने कहा कि अगर पैरोल के बिना आजीवन कारावास की सजा शुरू की जाती है तो मृत्युदंड को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

## राष्ट्रीय चुनावों से पहले लोकल इलेक्शन की संभावना नहीं : बांग्लादेश चुनाव आयोग

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने कहा है कि राष्ट्रीय चुनावों से पहले स्थानीय चुनाव कराना संभव नहीं होगा। यह पुष्टि ऐसे समय में हुई है जब बांग्लादेश में प्रमुख राजनीतिक दल इस बात पर उलझे हुए हैं कि पहले कौन सा चुनाव कराया जाए। देश के प्रमुख समाचार पत्र 'द डेली स्टार' से बात करते हुए बांग्लादेश के चुनाव आयुक्तों में से एक ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, "हम कानून और व्यवस्था की स्थिति पर भी नजर रख रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि 5 अगस्त से कानून लागू करने वालों का मनोबल गिरा हुआ है। जब पुलिस का मनोबल अभी भी गिरा हुआ है, तो स्थानीय चुनाव कराना समझदारी नहीं होगी। इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयुक्त अब्दुर रहमानेल मसूद ने कहा, "हम फिलहाल स्थानीय चुनावों के बारे में नहीं सोच रहे हैं। स्थानीय चुनाव आमतौर पर चरणों में होते हैं। अगर हम अभी स्थानीय चुनाव शुरू करते हैं तो दिसंबर या जनवरी तक संसदीय चुनाव कराना लगभग असंभव हो जाएगा।

## 'पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों का जबरन निर्वासन रोका जाए'

**काबुल (आईएएनएस)**

मानवाधिकार संगठनों और शरणार्थी समर्थक समूहों के गठबंधन ने पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों के जबरन निर्वासन को तुरंत रोकने की मांग की। गठबंधन ने कहा कि जबरन निर्वासन की नीति अंतरराष्ट्रीय कानून और शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करती है। स्थानीय अफगान मीडिया अमू टीवी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन संगठनों ने पाकिस्तानी सरकार को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि ये अफगान प्रवासी उत्पीड़न, उल्लंघन और दमन से बचने के लिए अपने ही देश से भागे हैं। पाकिस्तान ने 31 मार्च, 2025 तक अफगान प्रवासियों के लिए स्वेच्छा से देश छोड़ने या जबरन निष्कासन का सामना करने की समय-सीमा तय की है। ये अफगान प्रवासी संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों में पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर से मिले जेलेंस्की युद्ध में सहयोग के लिए कहा धन्यवाद

● **स्टार्मर ने कहा है कि इस तरह के समझौते में संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करना होगा**

**लंदन (आईएएनएस)**



ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। डाउनिंग स्ट्रीट में अपनी बैठक के दौरान कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन को "पूरे यूनाइटेड किंगडम का पूरा समर्थन प्राप्त है। उन्होंने स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए ब्रिटेन के "अटूट दृढ़ संकल्प" पर जोर दिया। जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को दिए गए समर्थन के लिए स्टार्मर को धन्यवाद दिया। जेलेंस्की की यात्रा ब्रिटेन द्वारा आयोजित रक्षा शिखर सम्मेलन से पहले हुई है, जिसमें यूरोपीय नेता रविवार को लंदन में यूक्रेन के लिए शांति योजना पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होंगे। स्टार्मर ने कहा है कि उनका मानना है कि इस तरह के समझौते में संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करना होगा। शनिवार को लंदन में अपने विमान के उतरने से कुछ समय पहले जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि यूक्रेन संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ "खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है," लेकिन "सुरक्षा गारंटी के बिना युद्ध विराम यूक्रेन के लिए खतरनाक है।"जेलेंस्की की ब्रिटेन यात्रा शुक्रवार शाम को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बैठक के बाद हुई, जहां प्रेस पूल के सामने उनकी नियमित उपस्थिति अप्रत्याशित रूप से नोकझोंक में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हस्तक्षेप से शुरू हुई, जिन्होंने मांग की कि जेलेंस्की को ट्रंप के उन प्रयासों के लिए आभारी होना चाहिए, जो उनके देश को रूस के साथ तीन साल के संघर्ष से बाहर निकालने में किए गए हैं। सार्वजनिक टकराव के बाद, जेलेंस्की को अंततः व्हाइट हाउस से जल्दी ही बाहर जाने के लिए कहा गया, जिससे दोनों पक्षों के बीच नियोजित खनिज समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके।

